वर्ष-31, अंक- 239, पृष्ठ-12 | असाढ़ कृष्ण पक्ष 05, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
सोमवार
16 जून 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने फादर्स डे पर सभी को दी बधाई, कहा-

# मेरे गुरु, मेरे मार्गदर्शक हैं मेरे बाबा दिशोम गुरुजी

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को फादर्स डे के अवसर पर सभी को ढेरों बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री में सोशल मीडिया 'एक्स' पर रविवार को लिखा, पिता एक ऐसा वटवृक्ष हैं, जिनकी छांव में आत्मविश्वास पलता है, और जड़ों से मिली सीख से, जीवन का हर पल सार्थक हो जाता है। मेरे गुरु, मेरे मार्गदर्शक हैं मेरे बाबा आदरणीय दिशोम गुरुजी। आज फादर्स डे के अवसर पर सभी को ढेरों बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। ज्ञात हो कि हर वर्ष जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाया जाता है।



## पिता एक नींव की तरह होते हैं : कल्पना सोरेन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन ने भी सभी को फादर्स डे की शुभकामनाएं दी। गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने ससुर शिबू सोरेन, पिता अम्पा मुर्मू, मां, पति हेमंत सोरेन और दोनों बेटों निखिल और अंश के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए सभी को फादर्स डे की शुभकामनाएं दी हैं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा है, पिता एक नींव की तरह होते हैं, जो खुद अडिग खड़े रहकर हमारे सपनों की इमारत को ऊंचाइयां देते हैं। संघर्ष चाहे जितने भी हों, पिता की मौजूदगी हौसले की तरह साथ चलती है। आपका योगदान अनमोल है।



## एक नजर

### सोनिया गांधी दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पेट से जुड़ी समस्या के कारण रविवार की देर रात दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। मीडिया रिपोर्ट्स में अस्पताल की ओर से जारी बयान के हवाले से बताया गया है कि वे फिलहाल अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में डॉक्टरों की निगरानी में हैं।

### रांची स्टेशन से 56 किलो गांजा बरामद, चार गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल ने रांची स्टेशन पर संभलपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस के एसी बोगी से 56 किलो गांजा जब्त किया है। गांजा के साथ चार तस्करों को भी को गिरफ्तार किया गया है। इंस्पेक्टर शिशुपाल ने रविवार को बताया कि कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर ऑपरेशन नार्कोस के तहत रांची रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर संभलपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस पहुंची। आरपीएफ की टीम ने चेकिंग के दौरान कोच ए-1 में सीट नंबर 15 और 17 पर बैठे संदिग्ध युवकों की तलाशी के दौरान ट्रॉली बैग से गांजा बरामद किया। इसके बाद चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के अरविंद यादव, मुजफ्फरपुर जिले के विकाश कुमार, पंकज कुमार और जयराम कुमार शामिल हैं। बैग से बरामद 56 किलोग्राम गांजे की कीमत लगभग 5,60,000 रुपए है।

### कीटनाशक पीने वाले पंचायत सेवक की रिम्स में इलाज के दौरान हुई मौत

**रांची/गिरिडीह।** फादर्स डे पर डुमरी प्रखंड के बलथरिया के एक परिवार का दिया बुझ गया। एक परिवार के सिर से पिता का साया उठ गया। डुमरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शुक्रवार को कीटनाशक पीने वाले पंचायत सेवक सुखलाल महतो की रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में इलाज के क्रम में शनिवार की देर रात मौत हो गई । रविवार को मौत की पुष्टि डुमरी एसडीएम सुमीत कुमार ने की । मिली जानकारी के अनुसार, पंचायत सेवक ने मरने से पहले, डुमरी बीडीओ सहित चार पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। डुमरी प्रखंड के बलथरिया के पंचायत सेवक कुलगो निवासी सुखलाल महतो ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में कीटनाशक पी लिया था। उन्हें डुमरी रेफरल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया था। कीटनाशक खाने से पूर्व सुखलाल महतो ने सोशल मीडिया पर डुमरी विधायक जयराम महतो के नाम पत्र लिखा था। इसमें डुमरी बीडीओ, बलथरिया पंचायत के मुखिया पति, पीएमएवाई के बीसी और बलथरिया के रोजगार सेवक पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया था। वहीं, दूसरी और पंचायत सेवक के कीटनाशक खाने के मामले को सरकार ने काफी गंभीरता से लिया है और जिले के डीसी को जांच का आदेश दिया है। इसके बाद गिरिडीह के डीसी रामनिवास यादव ने जांच कमेटी बनाई है। कमेटी में अपर समाहर्ता विजय सिंह बिरुआ, सरिया बगोदर के एसडीएम संतोष कुमार गुप्ता, मुख्यालय डीएसपी नीरज कुमार सिंह एवं डॉ रवि महर्षि को शामिल किया गया है।

## केदारनाथ से गुप्तकाशी जा रहा हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

# बच्ची सहित सभी 7 लोगों की मौत

- पायलट की भी गई जान, खराब मौसम बताया जा रहा दुर्घटना का कारण

**रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड) (हि.स.)।** केदारनाथ से गुप्तकाशी लौट रहा हेलिकॉप्टर गौरीकुंड के ऊपरी तरफ गौरी माई खर्क में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में 23 माह की बच्ची सहित सात लोगों की मौत हो गई। खराब मौसम को हेलिकॉप्टर दुर्घटना का कारण माना जा रहा है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर शवों को बरामद किया। रविवार की सुबह 05:21 बजे केदारनाथ हेलिपैड से आर्यन हेली कंपनी के हेलिकॉप्टर ने छह यात्रियों के साथ गुप्तकाशी के लिए टेकऑफ किया था। करीब 4 मिनट बाद यह हेलिकॉप्टर गौरीकुंड के ठीक ऊपर गौर माई खर्क में खराब मौसम के कारण एक पेड़ से टकरा गया। हादसे में पायलट सहित हेलीकॉप्टर में सवार सभी छह यात्रियों की मौके पर मौत हो गई। हादसे में मरने वालों में राजकुमार सुरेश जयसवाल (41) निवासी

शेष पेज 11 पर...




## पुणे में इंद्रायणी नदी का पुल ढहने से 2 पर्यटकों की मौत

- 12 सैलानी लापता, 32 लोग घायल, छह की हालत गंभीर

**पुणे/मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुंदमाला में इंद्रायणी नदी पर बना पुराना पुल रविवार को दोपहर में अचानक ढह गया। इस घटना में करीब 24 पर्यटक बह गए हैं। इनमें से करीब 12 लोगों को नदी में निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान दो पर्यटकों की मौत हो गई है। 12 सैलानी अभी भी लापता हैं, जिन्हें खोजने के लिए मौके पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम पहुंच गई है। राहत और बचाव कार्य चल रहा है। इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हादसे के बाद कुछ लोगों को बचा लिया गया है, दो लोगों की मौत हुई है। वहीं, कुछ अभी भी फंसे हुए हैं। इधर, मावल पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक रणजीत जाधव ने बताया कि आज रविवार होने की वजह से प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुंदमाला में इंद्रायणी नदी पर बने पुराने पुल पर करीब सौ अधिक पर्यटक पहुंचे थे। यह पुल काफी पुराना और पादचारियों के लिए बनाया गया है।

शेष पेज 11 पर...

## सीएम सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल ने जताया दुख




**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने केदारनाथ में हेलीकॉप्टर दुर्घटना होने पर श्रद्धालुओं की हुई मौत पर दुख जताया है। सीएम सोरेन ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा है कि केदारनाथ से गुप्तकाशी जा रहे हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से श्रद्धालुओं की मृत्यु की दुखद सूचना मिली है। मरांग बुरु दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि उत्तराखंड के केदारनाथ में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण सात श्रद्धालुओं के हताहत होने की दुखद घटना से मन अत्यंत व्यथित है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक-संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें।

## अवैध नकली अंग्रेजी शराब निर्माण गिरोह का भंडाफोड़

# 95 कार्टन व 35 लीटर स्पिरिट जब्त, एक गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के मारंगी गांव में नकली अंग्रेजी शराब बनाने के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब व निर्माण सामग्री जब्त की है। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल को गुप्त सूचना मिली थी कि मारंगी गांव में नकली शराब बनाई जा रही है। एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ सिमरिया सह आईपीएस शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में छापेमारी दल गठित किया गया, जिसने रविवार को आरोपी दयाल मुंडा के घर पर दबिश दी। छापेमारी में मौके से 95 कार्टन (कुल 2280 बोतल) ईंपायर ब्लू ब्रांड की नकली अंग्रेजी शराब, 35 लीटर स्पिरिट और बड़ी मात्रा में शराब बनाने की सामग्री जब्त की गई। एसडीपीओ खंडेलवाल ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी के विरुद्ध गिद्धौर थाना कांड संख्या 41/2025 के तहत भादंवि की धारा 318(4), 274, 275, 3(5) बीएनएस एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**यह रहा जब्त सामान का विवरण रनिंग टेक्स्ट (एक ही पैराग्राफ) में संक्षिप्त, स्पष्ट और अखबारी शैली में:** पुलिस ने मौके से ईंपायर ब्लू ब्रांड की 375 मि.ली. वाली कुल 2280 बोतलें (95 कार्टन), 35 लीटर स्पिरिट, 22 पीस ब्लू रंग के जार (प्रत्येक में स्पिरिट जैसा तरल), पांच लीटर का एक सफेद जार, एक

शेष पेज 11 पर...

## शिकायत देने पर आम नागरिकों को अनिवार्य रूप से दी जाए रिसीविंग : डीआईजी

- शिकायत की रिसीविंग न देने पर होगी सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई



**मेदिनीनगर।** पलामू क्षेत्र के डीआईजी ने आम नागरिकों की शिकायतों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के सभी थाना, पोस्ट, पिकेट और पुलिस कार्यालयों को शिकायत की पावती देने का निर्देश जारी किया है। यह निर्देश उन लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर दिया गया है, जिसमें कहा गया था कि थानों में शिकायत देने पर संबंधित कर्मियों द्वारा रिसीविंग नहीं दी जाती। डीआईजी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-173 (2) के अनुसार, शिकायत प्राप्त करने के बाद नागरिक को उसकी लिखित पावती दी जानी चाहिए और उस शिकायत को 14 दिनों तक प्रारंभिक जांच के अधीन रखा जाना चाहिए। डीआईजी ने कहा है कि थानों और अन्य पुलिस प्रतिष्ठानों में तैनात सभी पुलिसकर्मी और अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि नागरिकों द्वारा दी गई शिकायतों की सुनवाई में पारदर्शिता और प्रक्रिया का अनुपालन हो। यदि भविष्य में इस निर्देश का उल्लंघन सामने आता है, तो संबंधित कर्मियों पर कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी और वे स्वयं इसके लिए जिम्मेदार होंगे। इस आदेश की प्रति पलामू, गढ़वा और लातेहार के पुलिस अधीक्षकों सहित सभी संबंधित अधिकारियों को भेजी गई है।

## राजधानी में स्कूली बच्चों को जाम से मिलेगी राहत

**रांची।** राजधानी रांची की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक ट्रैफिक जाम की समस्या है। लेकिन, इससे अब काफी राहत मिलेगी। ट्रैफिक पुलिस ने इसकी तैयारी कर ली है। खासतौर पर स्कूली बच्चों की सुरक्षा और समय की बर्बादी को ध्यान में रखते हुए, ट्रैफिक विभाग ने एक नई रणनीति लागू करने का फैसला किया है। अब स्कूल बसों के लिए सुबह 06:00 से 09:00 बजे और दिन में 01:00 से 03:00 बजे के बीच शहर की सड़कों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सड़कों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ, अल्फा और सिग्मा टीमों को अलर्ट मोड में रखा जाएगा। ये टीमें बाइक पर तैनात होंगी और जाम की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर राहत दिलाएंगी।

## मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर रक्षा राज्य मंत्री ने कहा-

# देश के हर क्षेत्र का हुआ है सर्वांगीण विकास : सेठ

- रांची को भी मोदी सरकार ने अनेक उपलब्धियां दीं

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण हुए हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इन 11 वर्षों में देश के हर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हुआ है। गरीब, किसान, महिला, नौजवान, विद्यार्थी सहित संपूर्ण परिवार के कल्याण और उत्थान के लिए मोदी सरकार ने कार्य किया है। रक्षा राज्य मंत्री रांची महानगर कार्यालय में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। संजय सेठ ने कहा कि परिवार के साथ राष्ट्र की भी उत्तरोत्तर प्रगति हो, इस दिशा में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लंबी लकीर खींची गई है। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में कई बड़े कार्य हुए हैं। रांची को भी मोदी सरकार ने अनेक उपलब्धियां दीं। चाहे रातू रोड का एलिवेटेड कॉरिडोर हो, चाहे रांची के आधा दर्जन रेलवे स्टेशनों का अमृत स्टेशन के तहत विकास, दर्जनों रेलवे अंडरपास और ओवर ब्रिज, वंदे भारत सहित कई नई ट्रेन, पूर्वी भारत के सबसे बड़े पुस्तकालय की सौगात, भारतमाला परियोजना, रांची बोकारो

शेष पेज 11 पर...

## इंडिया

# देश की जड़ें खोदते फर्जी साहब और उनके राजनीतिक मददगार



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

एक भ्रष्ट तरीके से चयनित व्यक्ति अपनी पावर और पोजिशन से उस भ्रष्ट तंत्र को ही बढ़ावा नहीं देता बल्कि देश की जड़ें खोदता है ।लाखों मेहनती और प्रतिभावान युवाओं के मन में व्यवस्था के प्रति आक्रोश पनपता है । सदियों से गुलाम रहे भारत में हर कोई साहब बनना चाहता है चाहे वह नेता के रूप में हो, डॉक्टर, इंजीनियर, अफसर या किसी भी स्तर पर सरकारी मुहर लगी सबसे छोटी नौकरी ही क्यों न हो ताकि वह खास आदमी बन सके और आम लोगों पर रौब भी गांठे और बेहिसाब पैसे कमा सके । इसके लिए तरीका वैध, अवैध या अनैतिक यहां तक कि देश के लिए घातक ही क्यों न हो । यह अत्यंत दुःखद और विनाशकारी प्रवृति है । झारखंड से लेकर देश पैसे या पावर के बलबूते पोजिशन हड़पने की दौड़ में लगा है। गाय पर लेख लिखकर डीएसपी,डिप्टी कलक्टर बनने वाले झारखंड के अनेक संदिग्ध साहबों का लंबा खिंचता मामला हो या विधानसभा तक की बहाली में घोटाले या बिहार के कथित परीक्षा माफिया रंजीत ब्रांड डॉक्टर, इंजीनियर और अफसर या पिछले दरवाजे से अचानक विधायक सांसद बनने वाले सभी लोग संघर्षशील आम आदमी को चिढ़ाते हैं । बेबस और मूकदर्शक जनता सब जानती है और वर्तमान राजनीति उनसे मोलभाव करती है उन्हें आश्वासन देती है पर तारीख पर तारीख पड़ती जाती है । देश में एंटी-पेपर लीक कानून यानी पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 लागू हुआ था । यह कानून भर्ती परीक्षाओं में नकल और अन्य गड़बड़ियां रोकने के लिए लाया गया था ।नीट और यूजीसी नेट जैसी परीक्षाओं में गड़बड़ियों के बीच यह कानून लाने का फैसला बड़ा कदम था । इस कानून से पहले, केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों के पास परीक्षाओं में गड़बड़ी से जुड़े अपराधों से निपटने के लिए अलग से कोई ठोस कानून नहीं था ।इस कानून में संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन



आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड , बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की परीक्षाएं शामिल की गईं थीं । केंद्र के सभी मंत्रालयों, विभागों की भर्ती परीक्षाएं भी इस कानून के दायरे में हैं । इसके तहत सभी अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती हैं ।मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए होने वाली नीट परीक्षा गड़बड़ी को लेकर विवादों में रही हैं। गत वर्ष केंद्र की नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की परीक्षा में लगभग 24 लाख अभ्यर्थियों के परिणाम में 67 बच्चे ऐसे थे जिन्होंने सौ फीसदी स्कोर हासिल किया यानी 720 नंबर की परीक्षा में उन्होंने पूरे 720 नंबर हासिल किए। ऐसा पहली बार हुआ कि इतनी बड़ी संख्या में छात्रों ने पूरे सौ फीसदी नंबर हासिल किए हो। 2023 में सिर्फ दो छात्रों को शत प्रतिशत नंबर आए थे। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की 15 भर्ती परीक्षाएं कराती है। ये कानून ऑर्गेनाइज्ड गैंग्स, माफिया और इस तरह के कामों में लगे हुए लोगों से निपटने के लिए लाया गया है। इसके साथ ही अगर सरकारी अधिकारी भी इसमें शामिल पाए जाते हैं, तो उनको भी अपराधी माना जाएगा। किसी भी ऐसे व्यक्ति को जिसे पब्लिक एग्जाम या उससे जुड़ा काम नहीं दिया गया है, उसे एग्जाम सेंटर में एंट्री नहीं दी जाएगी ।एंटी-पेपर लीक कानून के तहत, अगर किसी गड़बड़ी में एग्जामम सेंटर की भूमिका पाई जाती है तो उस सेंटर को 4 साल तक के लिए सस्पेंड किया जा सकता है। यानी उस सेंटर को अगले 4 साल तक के लिए कोई भी सरकारी एग्जाम कराने का अधिकार नहीं होगा। किसी संस्थान की संपत्ति कुर्क करने और जब्त करने का भी प्रावधान है और उससे परीक्षा की लागत भी वसूली जाएगी ।कानून के तहत, कोई भी अधिकारी जो डीएसपी या एएसपी के पद से नीचे न हो, परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों की जांच कर सकता है। केंद्र सरकार के पास किसी भी मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपने की शक्ति है। एनटीए ने कोर्ट को इस बात का कोई सबूत नहीं दिया कि क्यों 1563 कैंडिडेट्स को ही ग्रेस मार्क्सो दिए गए हैं ।सभी गड़बड़ियों में दलाल क़िस्म के बाहरी लोगों की बेधड़क आवाजाही सामने आई है ।

स्कूल कॉलेज से लेकर किसी भी संस्थान में आधार समर्थित सुरक्षा जांच और सीसीटीवी रिकॉर्ड अनिवार्य करने से बहुत हद तक इसपर रोक लग सकती है और देश का भविष्य बर्बाद होने से बच सकता है । मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर सवाल पूछा गया कि भ्रष्टाचार खत्म करने में मोदी सरकार कितनी सफल रही? तो उत्तर था भ्रष्टाचार घटा-30.8%,कुछ हद तक घटा-18.3%,थोड़ा भ्रष्टाचार है-26.2%,भ्रष्टाचार ज्यादा नहीं घटा है-10.1%,बिल्कुल नहीं घटा है-13.3%। झारखंड को भी अपनी प्रतिष्ठा बचने के लिए ही नहीं बल्कि राज्य के बेहतर भविष्य के लिए बहाली में ईमानदारी की मिसाल पेश करनी होगी। चर्चा है कि विश्वविद्यालयों के कुलपति प्रतिकुलपति की तरह अनेक पदों के लिए योग्य अभ्यर्थी नहीं मिलने के कारण कई बार विज्ञापन रद्द करने पड़े।

# देशवासियों को भारतीय सैनिकों के पराक्रम पर सदैव गर्व रहेगा

राष्ट्रीय नवीन मेल




विजय केसरी, (कथाकार/स्तंभकार), हजारीबाग।

भारतीय सैनिकों ने पहलगाम हमले का बदला बहुत ही पराक्रम के साथ लिया। भारतीय सैनिकों ने जिस बहादुरी के साथ पाकिस्तान के भीतर घुसकर नौ आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया, पूरी दुनिया में भारतीय सैनिकों के युद्ध रणनीति की चर्चा हो रही है। इस 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेना के तीन अंगों ने अपने-अपने उत्कृष्ट रण कौशल का परिचय भी दिया। देश के तीनों सैन्य अंगों के बीच स्थापित तालमेल की जितनी भी सराहना की जाए कम है। पाकिस्तान कुछ कर पाता, इससे पहले ही भारतीय सैनिकों ने उसके मनोबल को तोड़कर चकनाचूर कर दिया। भारत सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को एक आतंकवादी ऑपरेशन के रूप में ही सीमित रखा। भारत सरकार ने इस बात का विशेष रूप से ख्याल रखा कि पाकिस्तानी नागरिकों को कम से कम हानि हो। 'ऑपरेशन सिंदूर' के चौथे ही दिन संघर्ष विराम की घोषणा भारत की कूटनीतिक पहल की जीत थी। भारत में अब तक आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने में पाकिस्तान का ही हाथ रहा है। पाकिस्तान के आतंक के आकाओं को सबक भी सिखाना जरूरी था। इसलिए 'ऑपरेशन सिंदूर' भी जरूरी था। भारत सरकार ने पहलगाम

शेष पेज 11 पर...

# अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी।** पलामू जिले के उंटारी रोड पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफतार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उक्त जानकारी देते हुए थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दुबे ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर डेवडर निवासी बिंदु राम के 20 वर्षीय पुत्र नीतेश कुमार को गिरफ्तार किया गया जिसके निशानदेही पर दो देशी कट्टा बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि युवक अवैध हथियार रख आस-पास के इलाके में भय का महौल बना रहा था। साथ ही लोगों को डरा धमका कर अपना काम कराता था। गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। छापेमारी दल में शामिल, थाना प्रभारी प्रदीप दुबे, ड्राईवर बलिराम सिंह, नरू सिंह, संतोष यादव, अखिलेश बैठा, सुनील कुमार।

## सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल, एक रेफर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला हैदरनगर मुख्य सड़क के दीवान विगहा गांव के समीप बाइक दुर्घटना में छतरपुर थाना क्षेत्र के गुरही गांव निवासी नागेंद्र यादव (40) और बसंत यादव (45) दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। तत्काल स्थानीय लोगों के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद नागेंद्र यादव की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार उक्त दोनों अपने छतरपुर से बाइक पर सवार होकर मोहम्मदगंज रिश्तेदार के यहां जा रहे थे, उसी क्रम में ब्रेकर पड़ने से अनियंत्रित होकर बाइक गिर गई। जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

## जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटखास जमीन विवाद में एक व्यक्ति पर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित मो. इरफान, पिता स्व. उस्मान मियां ने थाने में आवेदन देकर बताया कि दिनांक नौ जून को सुबह लगभग नौ बजे जब वे खेत की सफाई कर रहे थे। इस दौरान रेयाज खलीफा, एजाजुल खलीफा सहित सात लोग वहां पहुंचे और अचानक कुदाल से हमला कर दिया। हमले में मो. इरफान गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित इरफान के अनुसार हमलावरों ने उन्हें गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए। इरफान ने किसी तरह जान बचाकर लेस्लीगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस घटना को लेकर लेस्लीगंज थाना में कांड संख्या 74/25 तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी उतम राय ने बताया कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बिजली चोरी मामले में छह पर केस

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र में विद्युत ऊर्जा चोरी करने वालो पर बिजली विभाग ने कार्रवाई की है। मालूम हो की झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड रांची के निर्देशानुसार विद्युत उर्जा चोरी रोकथाम हेतु एक हुसैनाबाद में छापेमारी दल का गठन कर सहायक विद्युत अभियंता जपला राम प्रसाद महतो के नेतृत्व में किया गया। जिसके बाद हुसैनाबाद थाना अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाकर कुल छः लोगो के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सहायक अभियंता ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## अखिल भारतीय कमालापुरी वैश्य महासभा की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न




**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** पलामू अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महासभा का प्रथम कार्यकारिणी की बैठक रविवार को चैनपुर में आयोजित की गई। रविवार को इसकी पहली बैठक पलामू जिले के चैनपुर इकाई के तत्वाधान में की गई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष राजमणि प्रसाद उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन निरंजन प्रसाद किए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजमणि प्रसाद ने कहा कि बिहार से झारखंड अलग होने के बाद 2025 की शुरूआती महीने में झारखंड प्रदेश कमलापुरी वैश्य महासभा का गठन समाज के लिए सुखद संदेश है। झारखंड में वैश्य समाज के उत्थान के लिए समाज को संगठित कर राजनीतिक आर्थिक सामाजिक रूप से उत्थान किया जाएगा। इस मौके पर उपस्थित सभी वैसे समाज के सदस्य गण अपने समाज के प्रति दी गई जिम्मेदारी का निर्माण को लेकर संगठित दिखे। बताते चलें कि संयुक्त बिहार से अलग होने के बाद झारखंड में पहली बार के सभी जिलों व प्रखंड कमेटी गठित कर वैश्य समाज के लोगों को दिया गया। मौके पर प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र कमलापुरी, कोषाध्यक्ष काशी प्रसाद, चैनपुर इकाई के अध्यक्ष हेमचंद्र प्रसाद, महामंत्री अजय कुमार ,महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मीना गुप्ता, युवा प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार, प्रदेश संरक्षक सुरेश आर्य, उपाध्यक्ष दिलीप कमलापुरी, जितेन्द्र कमलापुरी सहित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। वहीं समाज से कुरीतियों को दुर करने की पक्ष में कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित श्रवण कुमार आर्य, रूपेश कमलापुरी, चंदु गुप्ता, शिवनारायण गुप्ता, मनीष कमलापुरी, नीरज कमलापुरी, श्याम कमलापुरी, आनंद प्रसाद उपस्थित थे।

## धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत पंचायत में लगा शिविर



**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** प्रखंड क्षेत्र के लुंबा सतबहिनी पंचायत भवन मे रविवार को धरती आबा जन भागीदारी अनुसूचित जनजाति/ पीवीटीजी लाभुकों को लाभकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए पंचायतों में शिविर लगाया गया। शिविर मे मुख्य रूप से प्रखंड के बीडीओ श्रवण कुमार भगत, सीओ बासुदेव राय, उप प्रमुख खोखन राम, उप मुखिया विन्धायचली देवी ने बारी-बारी से शिविर मे उपस्थित लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बीडीओ श्रवण कुमार भगत ने शिविर में कहा कि यह अभियान राष्ट्रव्यापी जागरूकता और लाभ अभियान के तहत अनुसूचित जनजाति/ पीवीटीजी लाभुकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए शिविर लगाया गया है। शिविर में राशनकार्ड,आधार कार्ड, सिकल शेल टेस्टिंग, कृषि विभाग, जनधन योजना, आयुष्मान कार्ड आवासीय जाति आय, तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना सहित कई स्टॉल लगाकर लोगों को शिविर के माध्यम से समाधान किया गया। इस दौरान बीडीओ ने शिविर के माध्यम से लाभ उठाने की अपील की मौके पर पंचायत सचिव अरविंद सिंह, वार्ड सदस्य रंजीता उरांव, जयकुश यादव, सुनील शर्मा ,महेंद्र कुमार ,सुनील पांडेय सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण शिविर मे उपस्थित थे।

## महीनों से नहीं हो रही है टूटे हुए खंभे से बिजली आपूर्ति

- आवेदन देने के बाद भी नहीं सुना विभाग
- टूटा हुआ बिजली के खंभा गिरने से हो सकती है जान माल का नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद नगर पंचायत अंतर्गत जपला छत्तरपुर मुख्य सड़क पर रेलवे ओवरब्रिज के पक्षिम की तरफ कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी के आवास के मुख्य गेट के सामने टूटा हुआ बिजली का पोल आज तक बिजली विभाग द्वारा नहीं बदला गया। स्थानीय लोगों द्वारा बिजली विभाग को आवेदन दिए हुए करीब एक महीना से अधिक दिन बीत गया। लेकिन बिजली विभाग कान में तेल डाल कर सोयी हुए है। बतादे की पूरी तरह से छतिग्रस्त बिजली का खंभा पहले के अपेक्षा अब ज्यादा झुक गया है, बाते यह भी है कि विभाग व स्थानीय प्रशासन की नींद तब खुलती है, जब अनहोनी घटना घट जाती है। बिजली की खंभा कब गिर जाएगी। उसकी अंदाजा नहीं लगाया जा सकता, खंभा के समीप से वाहनों और लोगों का आना जाना लगातार लगा रहता है। प्रश्न उठता है कि आवेदन देने के बाद भी आखिर बिजली विभाग इसको हटाने या बदलने मे क्यों नहीं दिलचस्पी दिखा रही है, वह तो विभाग ही जाने, लेकिन स्थानीय प्रशासन को भी इस पर पहल कर समस्या का समाधान करना चाहिए। आवेदन और खबर चलने के बाद भी खंभा को हटाया नहीं गया, और आगे चल कर किसी दिन खंभा के गिरने से किसी की जान माल की नुकसान होती है, तो जवाबदेही विभाग व प्रशासन की होगी।

## गवर्नर रोड में कोयल नदी पर पुल निर्माण से अंतरराज्यीय संपर्क का मार्ग होगा प्रशस्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रविवारीय बाजार से होकर गुजरे गवर्नर रोड में कोयल नदी पर पुल निर्माण से अंतरराज्यीय संपर्क का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। इससे बिहार-झारखंड राज्य के लोगों को वाहन के जरिए यूपी, एमपी और छत्तीसगढ पहुंचना दूरी के लिहाज से सुगम हो सकता है। बताया गया कि यह रोड कादलकर्मी-दंगवार मुख्य पथ में उक्त स्थल से बिहार के तत्कालीन गवर्नर आरआर दिवाकर को उनके पुरोहित स्व. कृष्णदत्त पाठक के आमंत्रण पर उनके गांव डेवडीह पहुंचने के लिए बनवाया गया था। तभी से यह रोड गवर्नर रोड के नाम से जाना जाता है। जहां-जहां से गुजरा है, इसी नाम से जाना जाता है। भू-अभिलेख में भी यही नाम दर्शाया गया है।

### कोयल नदी पार जाने का यही एकमात्र था पुराना रास्ता

जब तक भीमबराज पर पुल नहीं बना था, तब तक यही कोयल नदी पार कर पैदल, बैलगाड़ी अथवा मोटर वाहन से आवागमन एकमात्र रास्ता था। बरसात के मौसम में नाव से आवागमन भी इसी स्थान पर किया जाता था। मगर भीमबराज पर पुल निर्माण के बाद से नाव घाट की बंदोबस्ती भी निरस्त कर दी गई है। मोटर साइकिल,ऑटो और छोटे वाहन की भीमबराज से ही आवाजाही होने लगी। हालांकि अब भी विशेष परिस्थिति में खासकर पैदल आवागमन किया जाता है।

## अतिक्रमणकरियों को दूसरे चरण में मिली 15 दिन की मोहलत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** वर्ष 2018 से प्रखंड मुख्यालय सह हैदरनगर पूर्वी पंचायत के बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की मुहिम पर विराम नहीं लगा है। दो माह में पुलिस प्रशासन के अधिकारी दो चरणों में बुलडोजर लेकर अतिक्रमण हटाओ अभियान को गति देने का प्रयास की है। अंचल अधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी अफजल अंसारी और सशस्त्र बल के साथ 10 मई के बाद 14 जून को बाजार क्षेत्र के सर्वप्रथम जवाहर पथ का आवागमन दुरुस्त कराने में जुटी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि इस अभियान के तहत अतिक्रमणकारियों को तीन बार मौका दिया जायेगा। तीसरे चरण में उनकी कार्रवाई से पूर्व संबंधित भूस्वामी द्वारा सरकारी भूमि खाली नहीं करने पर घर को बुलडोजर के माध्यम गिराने का काम प्रशासन हर हाल में करेगी। इस कार्य में कोई पक्षपात नहीं होगी। साथ ही पूर्व में किये गये सीमांकन व रेखांकन अनुसार ही इस मुहिम को अंतिम रुप दिया जायेगा। उन्होंने अब भी कहा कि संबधित लोगों को शांतिपूर्ण स्वयं स्वेच्छा से सरकारी जमीन खाली करने का मौका दिया गया है। वर्तमान में पुनः 15 दिनों की मोहलत दिये जाने के बावजूद उनके दिशा निर्देशों में शिथिलता पाये जाने पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करने को कटिबद्ध है। उन्होंने शनिवार की शाम सरकारी नाला पर दुकान भवन को आंशिक ध्वस्त करने के बाद अविलंब स्वयं अवैध निर्माण को स्वयं गृहस्वामी को हटाने की चेतावनी दी। हालांकि यहां कार्रवाई के दौरान संबधित गृहस्वामी के परिजन पुलिस प्रशासन के समक्ष विरोध जताते रहे। इस दौरान लोगों की भीड़ जुट गई।



## करंट के चपेट में आने से युवक घायल

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के घोड़बंधा गांव निवासी जितेन्द्र राम का 15 वर्षीय पुत्र पुरषोत्तम कुमार बिजली करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि खेत में मोटर पंप चालू करने के दौरान एक तार टूट कर पानी में गिर गया। और बिजली करंट की चपेट में आकर युवक घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गयी। परिजन आनन-फानन में घायल युवक को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक डॉ. राजकुमार गुप्ता ने प्राथमिक उपचार किया। युवक की स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार हुआ है और वह बेहतर है।

## स्वस्थ्य व कुशल जीवन हेतु पीरियड फ्रैंडली पहल आवश्यक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के खरगाड़ा पंचायत सचिवालय में रविवार को मुखिया कुसुम देवी की अध्यक्षता में जलसहिया सहित अन्य महिलाओं संग माहवारी स्वच्छता को लेकर बैठक की गई। बैठक का संचालन कर रही जलसहिया आरती देवी ने उपस्थित महिलाओं से कहा कि स्वस्थ्य व कुशल जीवन के लिये पीरियड फ्रैंडली नीति पर मिल जुलकर पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी के प्रयास से राज्य में प्रखंड अव्वल स्थान प्राप्त करेगा। उन्होंने इस कार्य में सफलता के लिये पेड़ लगाओ-पानी बचाओ, जल ही जीवन है, खुले में शौच बंद करो-शौचालय का उपयोग करो, जहां गंदगी का है अंबार - वहां बीमारी का संसार सहित कई नारों के साथ उपस्थित महिलाओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। जलसहिया आरती देवी ने बताया कि पंचायत सहित पोषक गांव व टोलों में महिलाओं ने भ्रमण कर नारे लगा महिलाओं को जागरुक किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड वॉश समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि ने किया। जिसमें नन्हें बच्चे संदीप, सिद्धार्थ, प्रीति, सोनू, प्रेम, शनि, प्रिंस, मंटू, रिया, दिव्या, सुप्रिया सहित कई अन्य बच्चों ने भाग लेकर इस कार्यक्रम को गति प्रदान किया।

## ठाकुरबाड़ी के समीप चल रही सरकारी शराब दुकान, लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत

**नवीन मेल संवादाता**

**मोहम्मदगंज।** रविवारीय साप्ताहिक बाजार के समीप सरकारी देसी-विदेशी शराब की दुकान के ठाकुरबाड़ी के समीप संचालित किए जाने लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही है। दुकान लगातार राज्य संपोषित सड़क किनारे और रिहायशी इलाके में स्थित है। साप्ताहिक बाजार, कर्बला, कब्रिस्तान और श्मशानघाट भी आसपास हैं। कई निजी और स्कूल और अस्पताल भी अवस्थित हैं। अब तो उपडाकघर भी वहीं स्थापित हो गया है। बताया जाता है कि उक्त सारी स्थितियों में शराब दुकान संचालित करना नियम विरुद्ध हैं। बावजूद इसके इसे बेधड़क संचालित किया जा रहा है। इतना ही नहीं इन सभी स्थलों के करीब ही शराब का खुलेआम सेवन भी किया जाता है। जब सुरुर चढता है, तो शराबी कांच की बोतलों को भी वहीं तोड़कर फेंक देते हैं। बाजार शेड में इसका नजारा साफ-साफ देखा जाता है। चप्पे-चप्पे पर कांच के बिखरे पड़े टुकड़े लोगों के चलने फिरने में परेशानी खड़ी करते हैं। आसपास के खेतों में भी कांच के टुकड़ों के बिखरे पड़े होने की बात कही जाती है। ऐसे में कांच के टुकड़े खेतीबाड़ी खासकर, धनरोपनी के समय किसानों और रोपनी करने वालों के पैर में चूभ जाते हैं। इससे उनके पैर लहुलुहान हो जाते हैं। ऐसा नहीं कि पुलिस इससे बेखबर रहती है। दबिश देती रहती है। मगर, उससे बच बचाकर शराबियों का उत्पात चलता रहता है। यहां शराब की दुकान परेशानी का सबब बन गई है, यह कहा जाए,तो अतिश्योक्ति नहीं होगी।

## शटल सवारी गाड़ी की लेटलतीफी को लेकर डीएमओ ने जल्द सुधार का दिया आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** अप शटल सवारी गाड़ी के लगातार घंटों लेट चलने को लेकर झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी ने धनबाद रेल मंडल के डिविजनल ऑपरेटिंग मैनेजर पंकज कुमार से रविवार को फोन पर बात की। इसके साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी शिकायत भी दर्ज कराई है। इसमें उन्होंने राष्ट्रीय नवीन मेल में अप शटल सवारी ट्रेन की लेटलतीफी से यात्री परेशान, देर रात लौटना हो रहा जोखिम भरा शीर्षक से प्रकाशित खबर को भी टैग किया था। शिकायत में उन्होंने कहा कि उक्त सवारी गाड़ी प्रायः नियमित रूप से 2 से 4 घंटे की देरी से चलती है। जिससे दैनिक यात्री, छात्र-छात्राएं, कर्मचारी एवं ग्रामीण यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में खासी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भारतीय रेलवे 'स्मार्ट ट्रेनिंग, बेहतर सुविधा' की बात करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इससे भिन्न है। उनकी इस शिकायत पर डिविजनल ऑपरेटिंग मैनेजर ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा कि जल्द ही सुधार देखने को मिलेगा।

## नगर पंचायत क्षेत्र में कूड़े का उठाव बंद, जनता में रोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्र के चौक चौराहों और मुख्य सड़कों पर कूड़े का उठाव बंद होने से गंदगी का अंबार लग गया है, इससे जनता में काफी आक्रोश है। पहले वैकल्पिक व्यवस्था के तहत रविवार को भी मुख्य बाजार क्षेत्रों से कूड़ा कचरा का उठाव किया जाता था, परंतु सरकार द्वारा नगर पंचायत में चुनाव नहीं होने से पदाधिकारी की मनमानी बढ़ गई है। और हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र की जनता व बाजार आने वाले लोग काफी परेशान हैं। कूड़ा कचरा से बदबू निकल रही है, जिससे महामारी फैलने से इनकार नहीं किया जा सकता। शहर के सभी वार्ड क्षेत्र में जगह- जगह कचरा जमा रहने से दुर्गंध आने लगा है। मछर और मखियों का भी प्रकोप बढ़ा है। हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में रविवार को कूड़ा नहीं उठाने की वजह जान कर सभी हैरान हैं। नगर पंचायत के निवर्तमान वार्ड पार्षद नजीर अहमद का कहना है कि दैनिक मजदूरों से रविवार को सफाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गंदगी को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था भी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वह सोमवार को कार्यपालक पदाधिकारी से मिल कर इस समस्या का समाधान कराने का प्रयास करेंगे। फिलहाल हुसैनाबाद शहर कचरा और बदबू से परेशान है। रविवार को साफ-सफाई नहीं होने से सड़कों का कूड़ा सीधे नाली में चला जाता हैं।

## सीओ ने दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के पंसा गांव के तटवर्ती कोयल नदी से अवैध रुप से बालू का उठाव कर हैदरनगर की आ रही दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। मिली गुप्त सूचना का सत्यापन कराकर अंचल अधिकारी संतोष कुमार व थाना प्रभारी अफजल अंसारी दलबल के सूचित मार्ग पर रविवार की दोपहर निकल पड़े। इस मार्ग पर हैदरनगर की ओर अवैध बालू से लदे दो ट्रैक्टर को रामबांध गांव के समीप पकड़ा गया है। चालक से आवश्यक कागजात की मांग किए जाने पर कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर चालक को हिरासत में लिया गया है। अंचल अधिकारी के निर्देश पर जब्त दोनों ट्रैक्टर को थाना परिसर में खड़ा करा दिया गया है। पुलिस ने अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी मेदिनीनगर को सूचना दे दिया है। हालांकि एनजीटी की रोक के बावजूद बालू माफिया इस कारोबार को जारी रखने के दिन रात प्रयास में जुटे हैं।

**मौसम में बदलाव** | प्री मॉनसून की हल्की बारिश से उमस फैला, हिट वेव से मिली राहत

## अच्छी बरसात का संकेत, किसानों ने धान का बिचड़ा डालना शुरू किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रविवार को दोपहर बाद मौसम में अचानक बदलाव आया। तेज रफ्तार हवा के बीच मेघ गर्जन और फिर कुछ क्षण तक हल्की बारिश के बाद हिट वेव से राहत मिली। मगर उमस बढ जाने से असहज महसूस किया गया। जबकि इससे पहले तक 39 डिग्री सेल्सियस को 48 जैसा महसूस किया गया, बताया गया। ऐसी स्थिति में जनजीवन प्रभावित रहा। मगर इसके बाद बाजार व सड़कों पर शाम तक चहल-पहल बढी रही। इसे प्री मॉनसून की बारिश माना गया है। इसके साथ ही हाल के दिनों की सामान्य से अधिक तापमान को अच्छी बरसात का संकेत माना जा रहा है। मौसम में इस उतार-चढ़ाव के बीच सिंचाई के वैकल्पिक संसाधन से संपन्न जिन किसानों ने धान के बिचड़ा डाल दिए हैं, उनके लिए इसे सुकूनदायक संदेश बताया जाता है। आगामी सप्ताह में मॉनसून के प्रवेश की स्थिति में अच्छी बारिश की संभावना को देखते भीमबराज से मुख्य नहर में 22-25 जून की पानी छोड़े जाने की उम्मीद जताई गई है।

### अधिकतम व न्यूनतम तापमान में आएगी गिरावट

मौसम विभाग की मानें तो कल से हल्के तथा मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है इस दौरान पलामू जिले के अलग-अलग हिस्से में बारिश होगी। बताते चलें कि हल्की बारिश से तापमान में एक डिग्री की कमी आई है। बीते कुछ दिनों से लगातार अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के रह रहा था। रविवार को बादल छाने तथा बारिश के बाद तापमान में कमी आई। वही मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आगामी एक-दो दिन में अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में भारी कमी होने की संभावना है।

## समाजसेवी की पत्नी के निधन पर शोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** चौक बाजार हैदरनगर निवासी व प्रखर समाजसेवी स्व. नंदलाल तिवारी की 80 वर्षीय धर्मपत्नी सीता देवी का निधन शनिवार की रात 9. 40 बजे अचानक हृदय गति रुकने से हो गई। उन्होंने अपनी इकलौती पुत्री किरण देवी, दामाद अशोक कुमार पांडेय, नाति उज्जवल पांडेय व दो नतिनी को अपने पीछे छोड़ गई है। इनके निधन की सूचना रविवार की सुबह बाजार क्षेत्र में फैलते ही व्यवसायियों ने शोक में शव का अंतिम दर्शन व शव यात्रा में भाग लेकर गहरी संवेदना व्यक्त की है। जिसमें जिला परिषद सदस्य संगीता देवी, मुखिया संतोष कुमार सिंह और जितेन्द्र सिंह पंचायत समिति सदस्य शैलू जयसवाल, गुप्तेश्वर पांडेय, उपमुखिया पवन कुमार, समाजसेवी डॉ. अजय जयसवाल, मनोज मालाकार, संतोष चंद्रवंशी, धर्मेन्द्र कुमार, व्यवसायी जितेन्द्र प्रसाद, सुदर्शन लाल, पवन लाल, जितेन्द्र अग्रवाल, नंदलाल प्रसाद, कौशल किशोर, संतन चौधरी, मंटू मेहता, अर्जुन प्रजापति आदि शामिल हैं। इनका अंतिम संस्कार जपला सोन नदी के तट पर किया गया। जहां मुखाग्नि भतीजा मनोज कुमार तिवारी ने दी। बताते चले कि इनके पति स्व. नंदलाल तिवारी का निधन 2014 में हो गया था। उन्होंने अपने जीवन काल में कई धार्मिक व सामाजिक कार्यों में बढ़ चढकर हिस्सा लिया।

# पलामू पुलिस लाइन में वॉलीबॉल ग्राउंड और बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन

- शहीद आईपीएस अधिकारियों के नाम पर रखा गया मैदान, पुलिस और आम जनता दोनों करेंगे अभ्यास

**नवीन मेल संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस केंद्र, मेदिनीनगर परिसर में रविवार को पुलिस कप्तान रिष्मा रमेशन और हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने संयुक्त रूप से वॉलीबॉल ग्राउंड एवं बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन फीता काटकर किया। उद्घाटन कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथि, पुलिस पदाधिकारी और ग्रासिम इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस मौके पर ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेहला के हितेन्द्र केशव अवस्थी (यूनिट हेड), पद्माकर लाल दास (एचआर हेड), नीतीश कुमार पांडे (लायजनिंग), आसित बरन हजारा (डीपीएम), पुलोक कोयल (सीनियर इंजीनियर, यीस्टर्न प्राइवेट लिमिटेड) समेत जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

**पुलिस और आम लोगों के लिए खुला मैदान :** पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि वॉलीबॉल ग्राउंड, बैडमिंटन कोर्ट और क्रिकेट पिच अब पुलिस बल के साथ-साथ आम जनता के लिए भी उपलब्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि यह सभी सुविधाएं पुलिस कर्मियों के समर्पण से संभव हो सकी हैं। कई जवानों ने अपनी ड्यूटी के बाद भी 6–7 घंटे इस ग्राउंड के निर्माण में श्रमदान दिया। उन्होंने कहा कि पहले परेड और आयोजनों के समय स्टैंड को हटाने की समस्या होती थी, अब यह असुविधा नहीं होगी। साथ ही, बच्चों की क्रिकेट प्रैक्टिस के लिए नेट का भी निर्माण कराया गया है।

**शहीद अधिकारियों को समर्पित हुआ खेल मैदान :** इस मैदान को शहीदों के सम्मान में समर्पित किया गया है। वॉलीबॉल ग्राउंड का नाम शहीद अजय कुमार सिंह (भा.पु.से.) और बैडमिंटन कोर्ट का नाम शहीद अमरजीत बलिहार (भा.पु.से.) के नाम पर रखा गया है। अमरजीत बलिहार ने 1986 में राज्य पुलिस सेवा से अपनी सेवा शुरू की थी और 2003 में उन्हें आईपीएस कैडर में प्रमोट किया गया। जुलाई 2013 में नक्सली हमले में वे शहीद हुए थे।

**उत्कृष्ट योगदान के लिए जवानों को किया गया सम्मानित :** खेल मैदान निर्माण में सहयोग देने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में आरक्षी नवलेश शर्मा, विनोद उरांव, जितेन्द्र शुक्ला, सुनील गुप्ता, विनीत पटेल, राजा राम शर्मा, लालू उरांव, अविनाश उरांव, इंद्रबहादुर सिंह, चंदन तिवारी, श्रवण शर्मा, नीरज कुमार सिंह सहित अन्य जवान शामिल हैं।

**हजारीबाग एसपी ने की अपील :** हजारीबाग पुलिस कप्तान अंजनी अंजन ने कहा कि यह मैदान पलामू पुलिस के साथ आम खेल प्रेमियों के लिए भी उपयोगी साबित होगा। उन्होंने अपील की कि सभी लोग मिलकर इस मैदान की देखरेख की जिम्मेदारी निभाएं।

# रक्तदान शिविर: मारवाड़ी युवा मंच ने जुटाए 54 यूनिट रक्त

- अग्रसेन भवन में हुआ आयोजन, नौ नए रक्तदाताओं ने किया पहला रक्तदान

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** मारवाड़ी युवा मंच, डाल्टनगंज शाखा द्वारा को अग्रसेन भवन में एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक चला, जिसमें कुल 54 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर का उद्घाटन डाल्टनगंज के सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने किया। मारवाड़ी युवा मंच डाल्टनगंज शाखा द्वारा नियमित रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, परंतु इस बार शिविर में अभूतपूर्व उत्साह और सहभागिता देखने को मिली। शिविर में 9 ऐसे युवा रक्तदाताओं ने भाग लिया, जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया।

इस आयोजन में मंच के रक्तदान संयोजक राकेश सुरेका, ज्ञानचंद भूत, रवि कामदार तथा मंच के सभी सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष संदीप केजरीवाल एवं सचिव सौरभ सराफ ने बताया कि यद्यपि लक्ष्य 101 यूनिट रक्त एकत्र करने का था, लेकिन अगले शिविर में यह लक्ष्य पूरा किया जाएगा।

इस पुनीत कार्य में मारवाड़ी समाज की महिलाओं और प्रेरणा शाखा की सक्रिय भागीदारी रही। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष रीमा भिवानिया और सचिव अलका सिंघानिया के नेतृत्व में सुश्री ममता पोद्दार, लवली मोदी, आरती संघाई, प्रिया पोद्दार, निधि केजरीवाल सहित कई महिलाओं ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**रक्तदाताओं और अधिकारियों को किया गया सम्मानित :** शिविर के समापन पर ब्लड बैंक के अधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय सहायक मंत्री नीरज कामदार, उपाध्यक्ष ललित तुलस्यान और आलोक पसारी, मीडिया प्रभारी सह-सचिव अंकित पोद्दार, रवि कामदार, अंकित तुलस्यान, राहुल सवारिया, सज्जन संघाई, ईशान गर्ग, हिमांशु सराफ, सचिन संथालिया, अरुण संघाई, विकास उदयपुरी, सुमित केजरीवाल, श्याम पोद्दार, श्याम कामदार सहित दर्जनों युवा सदस्यों ने योगदान दिया।

मंच के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण सराफ, गोपाल छापड़िया, पवन दारुका, अनुपम तुलस्यान, प्रदीप केजरीवाल सहित कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस आयोजन की जानकारी मंच के मीडिया प्रभारी अंकित पोद्दार और रवि कामदार ने दी।

# पलामू में धरती आबा जनभागीदारी अभियान की शुरुआत

- लुंबा सतबहिनी और रेवारातू पंचायत में लगे शिविर, कई योजनाओं का मिला लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित 'धरती आबा जनभागीदारी अभियान' की शुरुआत रविवार को पलामू जिले में हो गई। अभियान के पहले दिन उंटारी रोड प्रखंड के लुंबा सतबहिनी पंचायत और सतबरवा प्रखंड के रेवारातू पंचायत में जागरूकता एवं लाभ वितरण शिविर का आयोजन किया गया।

इस अभियान के तहत विशेष रूप से अत्यंत पिछड़े जनजातीय समूह (PVTG) के परिवारों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। उन्हें योजनाओं की जानकारी दी गई तथा मौके पर पंजीकरण और समस्या समाधान भी किया गया।

**लुंबा सतबहिनी शिविर में अधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल :** उंटारी रोड प्रखंड के लुंबा सतबहिनी में आयोजित शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण कुमार भगत, अंचल अधिकारी वासुदेव राय, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह, उप प्रमुख, उप मुखिया विंध्याचल देवी, वार्ड सदस्य, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक सहित सामाजिक कार्यकर्ता सुनील शर्मा और महेंद्र नाथ शर्मा उपस्थित थे।

**रेवारातू पंचायत में भी हुआ व्यापक जनसंपर्क :** वहीं सतबरवा प्रखंड के रेवारातू पंचायत में आयोजित शिविर में जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, प्रखंड विकास पदाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राजीव रंजन, प्रखंड प्रमुख रीना देवी, मुखिया अनिता देवी, उप मुखिया किशुन सिंह एवं अंचल निरीक्षक अनीष सिंह समेत अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे। शिविर में आधार कार्ड सुधार, आयुष्मान भारत कार्ड, सिकल सेल परीक्षण, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन योजना, आय/जाति/आवासीय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, केसीसी कार्ड जैसे विभिन्न योजनाओं से संबंधित विभागों ने अपने स्टॉल लगाए। इन स्टॉलों पर मौजूद कर्मियों ने लाभुकों की समस्याओं को सुना और समाधान किया। पलामू उपायुक्त समीरा एस. ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले योग्य और जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पूरी गंभीरता से लोगों की समस्याएं सुनें और त्वरित समाधान करें।

# पलामू के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन सब-जूनियर एथलेटिक्स में पांच मेडल

- मानसी ने हाई जंप में जीता सिल्वर, शॉटपुट व पेंटाथलॉन में मिले ब्रॉन्ज

**नवीन मेल संवाददाता**







**मेदिनीनगर।** झारखंड स्टेट एथलेटिक्स एसोसिएशन और जामताड़ा जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 14 से 15 जून तक जामताड़ा आउटडोर स्टेडियम में आयोजित दूसरी राज्य स्तरीय सब-जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पलामू के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया।

**पांच पदकों के साथ चमका पलामू :** कोच मोनू कुमार और कोच रेशमा पांडेय के नेतृत्व में भाग लेने गए खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में एक सिल्वर और चार ब्रॉन्ज सहित कुल पांच पदक झटके। मानसी कुमारी ने हाई जंप में सिल्वर मेडल, सुहानी सिंह और तेज प्रताप ने शॉटपुट में ब्रॉन्ज मेडल, आशुतोष कुमार ठाकुर ने पेंटाथलॉन में ब्रॉन्ज मेडल व अंकित कुमार सिंह ने ट्रायथलॉन ग्रुप-ए में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजात शत्रु प्रसाद सिन्हा और सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों की सफलता पर खुशी जाहिर करने वालों में पलामू जिला खेल पदाधिकारी सेवाराम साहू, पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमलानंद दुबे, अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे, एथलेटिक्स एवं खो-खो एसोसिएशन संरक्षक महेंद्र कुशवाहा, योगासन संघ सचिव अनिल कुमार पांडे, वूशु संघ अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, सचिव सुमित वर्मन, वेटलिफ्टिंग संघ सचिव अभिलाष चंचल, साइक्लिंग संघ अध्यक्ष शशिकांत त्रिपाठी, सचिव सिद्धार्थ कुमार, रायफल शूटिंग संघ अध्यक्ष अमरेंद्र पाठक, सचिव अशोक कुमार सिंह, शारीरिक शिक्षक द्वारिका प्रसाद, एथलेटिक्स संघ संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार मेहता, कोच रीया कुमारी, प्रीति कुमारी, सोनी कुमारी समेत अनेक गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं दीं।

# नीट-यूजी 2025 में एमके डीएवी डालटनगंज के चार छात्रों ने मारी बाज़ी

- मुस्कान, शिवानी, अभिषेक और सागर ने झटकी सफलता, विद्यालय में खुशी का माहौल

**नवीन मेल संवाददाता**







**मेदिनीनगर।** देश की प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2025 का परिणाम घोषित होते ही एम.के. डीएवी पब्लिक स्कूल, डालटनगंज के चार छात्रों ने सफलता का परचम लहराकर विद्यालय, परिवार और पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

सफल छात्रों में मुस्कान (पुत्री संजय कुमार अग्रवाल) ने 551 अंक प्राप्त कर सामान्य श्रेणी में 5258वां स्थान, शिवानी गिरी (पुत्रीसुनील गिरी) ने 554 अंक के साथ सामान्य श्रेणी में 1073वां स्थान, अभिषेक रंजन (पुत्र निरंजन कुमार) ने 530 अंक के साथ ओबीसी वर्ग में 10961वां स्थान, जबकि सागर कुमार (पुत्र दिलीप कुमार गुप्ता) ने 512 अंक हासिल कर ओबीसी वर्ग में 16355वां स्थान प्राप्त किया है।

**विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल :** इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आलोक कुमार ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि "नीट जैसी कठिन और प्रतिस्पर्धी परीक्षा में चयनित होना अत्यंत कठिन कार्य है। लाखों परीक्षार्थियों के बीच जगह बनाना गर्व की बात है।"

उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिया है कि डालटनगंज जैसे कस्बाई क्षेत्र में रहकर भी कड़ी मेहनत, समर्पण और मार्गदर्शन से राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने इन विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनके अथक परिश्रम, माता-पिता के सहयोग, और विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।

प्रभारी प्राचार्य कुमार ने यह भी कहा कि इन छात्रों को सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश मिलने की पूरी संभावना है, जिससे वे कम खर्च में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर समाज सेवा में आगे बढ़ सकेंगे। विद्यालय परिवार, शिक्षकगण और छात्र समुदाय ने चारों सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सेवा सदन निर्माण में रतन देवी जैन का योगदान अविस्मरणीय : आनंद शंकर



**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक रविवार को होटल ज्योतिलोक सभागार में आयोजित की गई, जिसमें वरिष्ठ सदस्य सुरेश जैन की माता स्व. रतन देवी जैन के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि स्व. रतन देवी जैन ने सेवा सदन के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही, युवा दवा व्यवसायी सप्तऋषि भट्टाचार्य के असामयिक निधन पर भी सदस्यों ने मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। बैठक में स्व. सप्तऋषि के भाई और सेवानिवृत्त बैंककर्मी सुमित्र भट्टाचार्य द्वारा सेवा सदन में किए जा रहे योगदान को याद किया गया। इस मौके पर अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों की आत्मा की शांति के लिए भी मौन रखा गया।

## गौशाला संचालन में सहयोग देगा चैंबर

**मेदिनीनगर।** चेंबर की बैठक में प्रथम महापौर अरुणा शंकर के अनुरोध पर शहर के एकमात्र गौशाला, बारहलोटा की देखरेख में सहयोग करने का निर्णय लिया गया। अरुणा शंकर ने कहा कि जैसे चेंबर ने राजा हरिश्चंद्र घाट का संचालन सफलतापूर्वक किया है, उसी तरह गौशाला के संचालन में भी योगदान देना पुनीत कार्य होगा। इस पर सभी सदस्यों ने सहमति जताते हुए कमेटी के माध्यम से आर्थिक व प्रशासनिक सहयोग देने की बात कही। बैठक में कृष्ण अग्रवाल, रिंकू दुबे, राजदेव उपाध्याय, प्रदीप कुमार, अविनाश वर्मा, डिंपल, आलोक माथुर, बद्री अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, विक्रांत सिंघानिया, राकेश कुमार, अभय कुमार, सुमित अग्रवाल, साकेत रंजन, श्रवण चौधरी, प्रेम जायसवाल, सुरेंद्र तिवारी, अमिताभ मिश्रा, विनोद अग्रवाल, एन.के. भाटिया, राजहंस अग्रवाल, प्रधान सक्सेना, गीरू सिन्हा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## दी एजुकेशनल जोन ने प्रतिभावान छात्रों को किया सम्मानित

**मेदिनीनगर।** शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान दी एजुकेशनल जोन द्वारा रविवार को ए टू ज़ेड कोचिंग परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन रिकेश प्रसाद ने किया। सम्मानित विद्यार्थियों में प्रमुख रूप से अभिनव प्रकाश, राजीव कुमार, आयुष गुप्ता, नंदन कुमार, विक्रांत यादव, निशि कुमारी, कुमकुम कुमारी, पुष्पा कुमारी, नितीश चौरसिया, सिंधु राज, सोनाली, राहुल प्रसाद, रोहित कुमार और रूपेश कुमार शामिल रहे। इन छात्रों की सफलता ने संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान के शिक्षक राहुल चतुर्वेदी, जितेश गुप्ता, एस.के. अग्रवाल, पी.के. सोनी, रिकेश प्रसाद और देवानंद यादव ने कहा कि युवावस्था में लिया गया सही निर्णय जीवन की दिशा तय करता है। परिश्रम, अनुशासन और समुचित मार्गदर्शन से हर लक्ष्य संभव है।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध करियर काउंसलर मनीष दूबे ने भी विशेष रूप से शिरकत की और विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने छात्रों को कहा कि अपने लक्ष्य को स्पष्ट रूप से परिभाषित करें और उसी दिशा में प्रयास करें। संस्थान की ओर से बताया गया कि इस समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना और उन्हें आगामी चुनौतियों के लिए मानसिक रूप से तैयार करना है।

**जनसेवा** | स्टेशन पर यात्रियों को नींबू शरबत व शीतल जल का वितरण

# भीषण गर्मी में यात्रियों को मिली राहत, परोपकार की परंपरा को किया मजबूत

- टिकट चेकिंग स्टाफ संगठन की पहल

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया टिकट चेकिंग स्टाफ ऑर्गनाइजेशन की ओर से रविवार को डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन परिसर में भीषण गर्मी से जूझ रहे यात्रियों को राहत देने के उद्देश्य से नींबू शरबत एवं शीतल जल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल से हजारों यात्रियों को गर्मी में राहत मिली और उन्हें सुखद व मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं भी दी गईं।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ संघ के डिविजनल वाइस प्रेसिडेंट सह सीआईटी बीएम पांडेय, वरिष्ठ भाजपा नेता सह समाजसेवी दुर्गा जौहरी, टीटीई रवींद्र कुमार दुबे, एसके सिन्हा, लक्ष्मण दुबे, दिलीप कुमार, शिवपूजन साव और अन्य रेलकर्मियों व समाजसेवियों की उपस्थिति में हुआ।

**कोरोना काल से लेकर छठ पूजा तक निभाई अग्रणी भूमिका :** उन्होंने यह भी बताया कि संगठन सिर्फ टिकट जांच तक सीमित नहीं है, बल्कि कोरोना काल में भी संगठन के सदस्यों ने अपनी जान की परवाह किए बिना सेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई। चाहे वह कोविड जागरूकता अभियान हो या टीकाकरण के लिए प्रेरित करना—सभी कार्यों में संगठन ने उल्लेखनीय सहभागिता दी है। इसके अतिरिक्त, गर्मियों में यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराने से लेकर छठ पूजा में व्रतियों को आम की सूखी लकड़ी, सर्दियों में स्टेशन परिसर में अलाव की व्यवस्था तक, संगठन समाजसेवा की हर दिशा में सक्रिय भूमिका निभाता आ रहा है। कार्यक्रम के अंत में पांडेय ने कहा कि समाजसेवा करने से न केवल आत्मसंतुष्टि मिलती है, बल्कि यह मानव धर्म की सच्ची पूर्ति भी है। हम आगे भी इसी भावना से जनसेवा करते रहेंगे।" इस मौके पर रेलवे कर्मचारी, संगठन के सदस्य और स्थानीय समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### दस वर्षों से निभा रहे सामाजिक दायित्व

कार्यक्रम को लेकर वाइस प्रेसिडेंट बीएम पांडेय ने बताया कि ऑर्गनाइजेशन बीते दस वर्षों से स्टेशन परिसर में सामाजिक दायित्वों के तहत जनसेवा के कार्य करता आ रहा है। गर्मी के इस मौसम को देखते हुए रविवार को यात्रियों के सूखे गले को राहत देने के लिए नींबू शरबत और ठंडे पानी की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने कहा कि "यह छोटा सा प्रयास यात्रियों के प्रति हमारे दायित्व का एक उदाहरण है, जिससे उन्हें राहत और सुकून मिला।" पांडेय ने आगे कहा कि यात्रियों के प्रति रेलवे प्रबंधन में विश्वास को और सुदृढ़ करना संगठन की प्राथमिकता है। इसके तहत समय-समय पर समाजसेवा की दिशा में ठोस प्रयास किए जाते हैं।

# मझिआंव में गोवंश तस्करी का खुलासा, दो गिरफ्तार, एक फरार

## पिकअप वाहन से ले जाए जा रहे थे 7 मवेशी, पुलिस ने किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**
**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र में पुलिस ने शनिवार रात गोवंशीय पशुओं की अवैध तस्करी का भंडाफोड़ किया। थाना क्षेत्र के बुढीखाँड गांव के पास एक पिकअप वाहन को रोक कर तलाशी ली गई, जिसमें बेरहमी से बांधे गए 7 गोवंश – 2 गाय, 3 बैल, और 2 बछड़े – मिले। पशुओं को औरंगाबाद के बूचड़खाने ले जाया जा रहा था। वाहन चालक गौतम कुमार (26 वर्ष) और शबील खान (15 वर्ष) को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि एक अन्य आरोपी पप्पू अंसारी फरार हो गया। घटना स्थल से पुलिस ने पिकअप वाहन, दो मोबाइल फोन और सभी मवेशी जब्त किए हैं। प्राथमिकी नौतन कुमार, शबील खान, पप्पू अंसारी और वाहन मालिक इमरान कुरैशी के खिलाफ दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खरौंधी में लिफ्ट एरिगेशन योजनाएं 28 वर्षों से बंद, किसान बोले- खेत हो गए बंजर



**नवीन मेल संवाददाता**
**खरौंधी।** कभी सिंचित खेती का पर्याय रही लिफ्ट एरिगेशन योजनाएं अब किसानों की पीड़ा का कारण बन गई हैं। वर्ष 1985-86 में शुरू की गई नौ लिफ्ट एरिगेशन योजनाएं मात्र पांच वर्षों में बंद हो गईं और बीते 28 वर्षों से पूरी तरह निष्क्रिय हैं। इन योजनाओं से लगभग 5,000 एकड़ भूमि की सिंचाई होती थी, जिससे क्षेत्र में हरियाली और अच्छी फसल होती थी। लेकिन लापरवाही और रखरखाव के अभाव में ये योजनाएं दम तोड़ गईं। किसान अब बंजर जमीन और सूखे की मार झेल रहे हैं। डोमनी बराज की घोषणा से किसानों को आशा थी, लेकिन यह भी वर्षों से अधर में है। किसान संगठनों और पूर्व पदाधिकारियों ने मांग की है कि योजनाओं को तत्काल पुनर्जीवित किया जाए ताकि किसान फिर से खेती कर सकें और क्षेत्र की आर्थिक स्थिति सुधर सके।

## दो पक्षों में मारपीट 12 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज



**हमले में गंभीर रूप से घायल युवक को किया गया रेफर**

**नवीन मेल संवाददाता**
**कांडी।** थाना क्षेत्र के राजा घटहुआं गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में 12 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना 11 जून को दिन के करीब 11 बजे हुई थी। थानाध्यक्ष अविनाश राज ने बताया कि वादिनी कुंती देवी के आवेदन पर कांड संख्या 58/25 दर्ज कर ली गई है। आवेदन के अनुसार, वादिनी के पति बिन्दु पासवान ने घर के पीछे आग जलाने से मना किया, जिस पर दूसरे पक्ष के लोग हथियार लेकर हमला कर दिए। मारपीट में बिन्दु पासवान गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद डालटनगंज रेफर किया गया। पुलिस ने नामजद अभियुक्तों की पहचान कर जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## भाकपा गढ़वा जिला सम्मेलन संपन्न 15 सदस्यीय जिला कमेटी का गठन



**नवीन मेल संवाददाता**
**श्री बंशीधर नगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी गढ़वा जिला का 11वां सम्मेलन रविवार को स्थानीय जलक्रांति भवन में संपन्न हुआ। शुभारंभ पार्टी नेता देवीदयाल मेहता ने झंडोत्तोलन से किया। राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने उद्घाटन संबोधन में कहा कि देश गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है झ्र महंगाई, बेरोजगारी, धार्मिक उन्माद और भ्रष्टाचार चरम पर है। सम्मेलन में जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला ने कार्य प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। सम्मेलन में 15 सदस्यीय जिला कमेटी का गठन किया गया, जिसमें श्रीराम, खलील खां, राजकुमार राम, मूर्ति देवी, राजकुमारी देवी सहित अन्य को शामिल किया गया। रामेश्वर अकेला को कार्यकारी सचिव घोषित किया गया। राज्य सम्मेलन के लिए प्रतिनिधियों का भी चयन किया गया। सम्मेलन का संचालन तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल ने किया।

## नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत मायके पक्ष ने हत्या का लगाया आरोप



**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जांच जारी**

**नवीन मेल संवाददाता**
**धुरकी। थाना** क्षेत्र के खाला गांव में शुक्रवार की रात 10 बजे एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतका की पहचान रुखसाना खातून (20 वर्ष) के रूप में हुई है, जिसकी शादी एक वर्ष पूर्व बदरुद्दीन अंसारी से हुई थी। परिजनों के अनुसार महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, वहीं मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने और इसे आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगाया है। मृतका के भाई अमजद अंसारी ने बताया कि बहन ससुराल में प्रताड़ना झेल रही थी, जिसकी शिकायत उन्होंने कई बार ससुराल पक्ष से की थी। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि यह हत्या है या आत्महत्या, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद स्पष्ट होगा।

## सुंडीपुर में अतिक्रमित खेल मैदान का एसडीएम ने किया निरीक्षण



**▶ दो सौ से अधिक लोगों की शिकायत पर एसडीएम ने दिया अतिक्रमण हटाने का भरोसा**

**नवीन मेल संवाददाता**
**गढ़वा।** रविवार को सदर एसडीएम संजय कुमार ने कांडी प्रखंड के सुंडीपुर गांव स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय के खेल मैदान का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण 210 लोगों द्वारा हस्ताक्षरित शिकायत पत्र के आधार पर किया गया, जिसमें अतिक्रमण और पठन-पाठन में बाधा की बात कही गई थी। स्थल पर एसडीएम को खेल मैदान में अवैध कब्जा मिला। उन्होंने कहा कि प्रशासन जन भावना के अनुसार कार्य करता है और जल्द ही अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने अंचलाधिकारी को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाएं और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल की तैनाती भी की जाए। निरीक्षण के दौरान मुखिया प्रतिनिधि नीरज सिंह, पंचायत समिति प्रतिनिधि करण शर्मा, वार्ड सदस्य बैजनाथ मिस्त्री सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पीडीएस डीलर पर गड़बड़ी का आरोप एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**
**गढ़वा।** एसडीएम संजय कुमार ने रविवार को कांडी प्रखंड के सेमौरा गांव में जन वितरण प्रणाली की दुकान का निरीक्षण किया। जून-जुलाई का राशन वितरण की स्थिति की जांच के दौरान कुछ लाभुकों ने कम राशन दिए जाने की शिकायत की। एक लाभुक को 20 किलो के बदले 18 किलो और एक अंत्योदय लाभुक को दो महीने का 64 किलो के बदले 70 किलो राशन मिलना चाहिए था। एसडीएम ने इसे गंभीर मानते हुए डीलर को चेतावनी दी और विभाग को कार्रवाई हेतु रिपोर्ट भेजने की बात कही। उन्होंने अगस्त माह का वितरण समय पर करने का निर्देश भी दिया।

## बेलाबार व नावाडीह में भव्य जलसे का आयोजन विधायक अनंत प्रताप देव व ताहिर अंसारी हुए शामिल

**सामाजिक बुराइयों के खिलाफ दिया गया संदेश, आपसी भाईचारे पर जोर**



**नवीन मेल संवाददाता**
**केतार।** प्रखंड अंतर्गत बेलाबार व नावाडीह गांव में शनिवार की शाम भव्य जलसे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अनंत प्रताप देव (छोटे राजा) और विशिष्ट अतिथि जनाब ताहिर अंसारी मौजूद रहे। जनाब ताहिर अंसारी ने कुरान और हदीस का हवाला देते हुए कहा कि जो इन्हें मानते हैं, वे कभी गलत का समर्थन नहीं करते बल्कि बुराइयों के विरुद्ध डटकर खड़े होते हैं। उन्होंने दहेज प्रथा और नशाखोरी जैसी कुरीतियों पर चिंता जताई और इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने की अपील की। मुख्य अतिथि अनंत प्रताप देव ने जलसा कमेटी के सरपरस्त इम्तेयाज आलम और सदर आफताब आलम सहित सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया। उन्होंने क्षेत्र की जर्जर सड़कों को शीघ्र बनवाने का आश्वासन दिया और अन्य बुनियादी समस्याओं के समाधान का भी भरोसा दिलाया। जलसे में नेपाल से आए खातिब मुफ्ती अल्लामा गुलाम जिलानी अजहरी की तकरीर और अजमत राजा भागलपुरी की नातिया शायरी ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को खूब प्रभावित किया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम, झामुमो नेता लल्लू राम, मनोज यादव, अमरनाथ पांडे, छोटन सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## ओझागुनी के आरोप में महिला गिरफ्तार अंधविश्वास फैलाने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**
**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के सिंघी ताली गांव में डायन-भूत के नाम पर अंधविश्वास फैलाने के आरोप में मानमती कुंवर को शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस के सामने महिला ने महिला पुलिसकर्मी से गाली-गलौज और मारपीट की कोशिश की, जिसके बाद उसे हिरासत में लिया गया। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने कहा कि अंधविश्वास, झाड़-फूंक और ओझागुनी जैसी गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आजादी के 75 साल बाद अब मिलेगा शुद्ध पेयजल, विधायक के प्रयास से हुआ बोरिंग



**नवीन मेल संवाददाता**
**रंका।** आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी रंका प्रखंड के गोता टोला भलुआनी के 15 घरों के ग्रामीण अब तक दूषित कुएं का जल पीने को मजबूर थे। लंबे समय से शुद्ध पेयजल की मांग के बावजूद समाधान नहीं हो सका था। हाल ही में भाजपा दक्षिणी मंडल महामंत्री मनोज कुमार ठाकुर द्वारा इस समस्या को विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के संज्ञान में लाया गया। विधायक ने तत्परता दिखाते हुए अपने निधि से वहां बोरिंग करवाया और चापाकल लगवाया। ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है। वर्षों की पीड़ा समाप्त होने पर लोग अब बीमारियों से भी राहत की उम्मीद कर रहे हैं।

## डीआईजी ने किया लेस्लीगंज एसडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने रविवार को लेस्लीगंज स्थित डीएसपी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय के विभिन्न अभिलेखों, रजिस्टरों, केस डायरी तथा लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्यालय में कई कार्य संतोषजनक रूप से संपन्न किए जा रहे हैं, लेकिन कुछ कार्य अभी भी लंबित हैं, जिन्हें शीघ्रता से निपटाने की आवश्यकता है। डीआईजी ने डीएसपी को निर्देश दिया कि वे कार्यालय संचालन में पारदर्शिता बनाए रखते हुए लंबित मामलों का जल्द निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि दलित परिवार के साथ मारपीट करने वाले दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि आरोपी को अविलंब गिरफ्तार कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति ऐसी घटना को दोहराने का दुस्साहस न कर सके। डीआईजी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस की जिम्मेदारी है कि समाज के कमजोर वर्गों को न्याय दिलाया जाए और अपराधियों में कानून का भय बना रहे। निरीक्षण के दौरान डीआईजी नौशाद आलम को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। उनके आगमन पर पुलिस अधिकारियों ने स्वागत किया और क्षेत्र की विधि व्यवस्था से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी साझा की।

### मारपीट की घटना में घायल

गढ़वा। खरौंधी थानांतर्गत कूपा गांव निवासी जयश्री यादव का पुत्र रघुवंश यादव मारपीट की घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में रघुवंश ने आरोप लगाया कि प्रदीप यादव आम का पेड़ को काट रहा था। उसकी जानकारी मिलने पर उसे आम का पेड़ काटने से मना किया तो कामेश्वर यादव, प्रदीप यादव, तेतरी देवी, वीरकेश यादव, उद्धेश्वर यादव सहित अन्य ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

**सराहनीय पहल** | **जे-टेट शिक्षक पात्रता परीक्षा में हिन्दी, भोजपुरी, मगही भाषा को शामिल करने की विधायक ने की मांग**

## विधायक ने सीएम से मिलकर गढ़वा व पलामू के अभ्यर्थियों की चिंता से कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता**
**रमना।** भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर राज्य में आयोजित जे-टेट शिक्षक पात्रता परीक्षा में क्षेत्रीय भाषाओं को लेकर पलामू प्रमंडल के युवाओं की चिंता से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि गढ़वा, लातेहार और मेदिनीनगर में प्रमुख रूप से हिंदी, भोजपुरी और मगही बोली जाती हैं, लेकिन इन जिलों के लिए जारी सूची में कुड़ुख और नागपुरी भाषा को शामिल किया गया है। इससे स्थानीय प्रतियोगी छात्रों में असंतोष का माहौल है। विधायक ने कहा कि यह भाषाई विसंगति प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग ले रहे अभ्यर्थियों को असुविधा में डाल रही है। यदि हिन्दी, भोजपुरी और मगही को सूची में शामिल किया जाए तो न केवल युवाओं को राहत मिलेगी, बल्कि लंबे समय से चल रहा भाषा विवाद भी समाप्त हो सकता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जेएमएम युवा नेता रोहित वर्मा ने बताया कि विधायक ने भाषाई सूची में संशोधन कर इन भाषाओं को शामिल करने की मांग रखी है।

## कांडी में वज्रपात से दो गायों की मौत आम की फसल को भी नुकसान



**▶ गर्भवती व दुधारू गाय वज्रपात की चपेट में, उपमुखिया ने मुआवजे की मांग की**

**नवीन मेल संवाददाता**
**कांडी।** रविवार शाम करीब साढ़े तीन बजे क्षेत्र में तेज आंधी, बारिश और वज्रपात हुई। घटहुआँ कला पंचायत के सेतो गांव में वज्रपात की चपेट में आकर जाकिर अंसारी और रमजान अंसारी की एक-एक गाय की मौत हो गई। जाकिर की गाय गर्भवती थी और रमजान की गाय दुधारू थी। मवेशी चरा रहे अन्य लोग बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना पर पंचायत उपमुखिया संतोष गुप्ता मौके पर पहुंचे और पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग की। तेज आंधी से आम के पेड़ों की डालियाँ टूट गईं और फसल बर्बाद हो गई। क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं।

# समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने से युवक की मौत आक्रोशित ग्रामीणों ने सदर अस्पताल का किया घेराव

● स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था पर फूटा गुस्सा, जनप्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** स्वास्थ्य व्यवस्था की लापरवाही एक बार फिर मौत का कारण बनी। समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण रविवार को एक घायल युवक की मौत हो गई, जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने लातेहार सदर अस्पताल परिसर में प्रदर्शन कर स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पहुंचे अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो और प्रभारी थाना प्रभारी सुरेंद्र महतो ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। अंचलाधिकारी ने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की और अस्पताल की सभी एंबुलेंस को सुविधायुक्त बनाने का भरोसा भी दिया।

**हादसे में सास की मौत, दामाद गंभीर रूप से घायल :** शनिवार को लातेहार जिला मुख्यालय में तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार महिला सीतामणी देवी की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, उनकी बेटी अमिता देवी और दामाद रामप्रीत उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। प्राथमिक इलाज के बाद रामप्रीत को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया, लेकिन समय पर सुविधा युक्त एंबुलेंस नहीं मिलने से दो घंटे तक वह अस्पताल परिसर में तड़पते रहे।

**'बड़े लोगों के लिए एंबुलेंस, गरीबों के लिए कुछ नहीं!' : ग्रामीणों ने** बताया कि अस्पताल में मौजूद एंबुलेंस में न तो ऑक्सीजन था और न ही अन्य आवश्यक सुविधाएं। मजबूरन मरीज को उसी हालत में एंबुलेंस का इंतजार करना पड़ा। बाद में जब ग्रामीणों ने हंगामा किया तो अस्पताल परिसर में खड़ी एक रिजर्व सुविधा युक्त एंबुलेंस निकाली गई, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। रांची ले जाने के क्रम में रामप्रीत की मौत हो गई।

ग्रामीण रविंद्र उरांव ने आरोप लगाया कि अस्पताल में सुविधा युक्त एंबुलेंस केवल अधिकारियों के लिए सुरक्षित रखी जाती है। ऐसे में सवाल उठता है कि गरीब मरीजों की जान की कीमत क्या कुछ नहीं?

**जनप्रतिनिधियों ने भी साधा निशाना :** जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव और भाजपा नेता राकेश दुबे ने घटना को गंभीर लापरवाही करार दिया। दुबे ने कहा कि ढाई घंटे तक मरीज को एंबुलेंस नहीं मिलना सीधे-सीधे लापरवाही है। अगर विभाग की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। वहीं, विनोद उरांव ने कहा कि विभाग को अब और लापरवाही की इजाजत नहीं दी जा सकती। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

## विधायक रामचंद्र सिंह ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल का उद्घाटन



● 16 टीमों के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में शहीद क्लब ने 6 रन से जीता फाइनल, खिलाड़ियों को मिला नकद इनाम और ट्रॉफी

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखंड स्थित खेल स्टेडियम में रविवार को स्वर्गीय रियाजुद्दीन अहमद स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन हुआ। फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक 'रामचंद्र सिंह' और विशिष्ट अतिथि 'एसडीओ बिपिन कुमार दुबे' ने किया। दोनों ने खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साह बढ़ाया।
इस टूर्नामेंट में कुल '16 टीमों' ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला 'शहीद क्लब' और 'कलाम स्पोर्ट्स क्लब' के बीच खेला गया। शहीद क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में '94 रन' बनाए। जवाब में कलाम क्लब निर्धारित ओवर में '88 रन' ही बना सकी, और शहीद क्लब ने '6 रन से मुकाबला जीत लिया'। विजेता टीम को '31,000 नकद' और ट्रॉफी जबकि उपविजेता को '21,000 नकद' और ट्रॉफी दी गई। 'जुगनू फैशन' की ओर से विजेता टीम को अतिरिक्त '10,000 का नकद पुरस्कार' भी मिला।

### व्यक्तिगत पुरस्कारों में

**'मैन ऑफ द मैच'**: महसर अंसारी (कलाम क्लब)
**'बेस्ट कैच'**: दिलीप
**बेस्ट बॉलर :** शुभम
**मैन ऑफ द सीरीज'**: राजा स्पार्की

टूर्नामेंट के कोऑर्डिनेटर ने बताया कि इसका उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को खेल के माध्यम से राष्ट्रीय पहचान दिलाना है। मंच संचालन 'महताब आलम' और 'लक्की अली' ने किया, जबकि अंपायरिंग 'शमशाद अहमद' और 'मुजाहिद अहमद' ने निभाई।
अपने संबोधन में विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा, "मैं क्षेत्र के विकास और युवाओं के प्रोत्साहन में सदैव अग्रसर रहा हूं, और आगे भी इस प्रकार के आयोजनों को सहयोग करता रहूंगा।"
इस अवसर पर बीडीओ 'संतोष बैठा, संत जोसेफ स्कूल के प्राचार्य "फादर दिलीप, उपप्रमुख "अभय मिंज, कांग्रेस प्रतिनिधि" इफ्तेखार अहमद, प्रखंड अध्यक्ष "अमीर सुहेल', और कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## प्रेम प्रसंग में युवती ने लगाई फांसी, प्रेमी गिरफ्तार

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत अंतर्गत बोरसीदाग के सियानीटोला में रविवार सुबह 21 वर्षीय युवती संध्या कुमारी (पिताः स्व. सिनोद लोहरा) का शव पेड़ पर दुपट्टे के सहारे झूलता मिला। सूचना मिलने पर परिजनों ने शव को नीचे उतार लिया और पुलिस को सूचित किया। शव को अंत्यपरीक्षण के लिए लातेहार भेजा गया। परिजनों के अनुसार, शनिवार शाम मां से डांट खाने के बाद युवती घर से निकल गई थी। देर रात तक नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिली। सुबह ग्रामीणों ने उसका शव देखा। पुलिस ने पूछताछ के आधार पर गढ़वा निवासी आदित्य आदर्श (पिताः मंदीप राम) को हिरासत में लिया है। पूछताछ में सामने आया कि युवक के उकसाने पर ही संध्या ने आत्महत्या की। पुलिस ने कांड संख्या 131/25 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को लातेहार मंडल कारा भेज दिया है।

## जड़यांग गांव में आयोजित हुई ग्रामसभा, बिना अनुमति भवन निर्माण पर जताई आपत्ति



**लातेहार।** सदर प्रखंड अंतर्गत जड़यांग गांव में रविवार को ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान बाबूलाल उरांव ने की। सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव में कुछ बाहरी लोगों द्वारा ग्रामसभा की अनुमति के बिना भवन निर्माण कराया जा रहा है, जिसे अवैध करार देते हुए ग्रामसभा ने तत्काल रोक लगाने का निर्णय लिया। रजवार पंचायत के ग्राम प्रधान विभेश्वर उरांव ने कहा कि ग्रामसभा की स्वीकृति के बिना कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग फर्जी ग्रामसभा दिखाकर रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि वास्तविक ग्रामसभा में कभी भी किसी एनओसी की स्वीकृति नहीं दी गई। सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष और महिलाएं मौजूद रहे। कई ग्राम प्रधानों व ग्रामीणों ने इस अवसर पर अपनी राय रखी और गांव के हित में पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाने की मांग की।

## लादू बाबू की पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रूप में मनाया गया




**चंदवा।** स्थानीय बुध बाजार स्थित शिव मंदिर परिसर में रविवार को स्व. प्रहलाद प्रसाद उर्फ लादू बाबू की 10वीं पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन शौण्डिक जायसवाल समाज, चंदवा इकाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. लादू बाबू की पत्नी एवं पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी व अन्य विशिष्ट जनों ने दीप प्रज्वलन कर की। सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समाज के प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि लादू बाबू ने समाज के हर वर्ग के लिए संघर्ष किया। उनकी प्रतिमा लगाने के मुद्दे पर जो लोग राजनीति कर रहे हैं, उन्हें समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। रांची इकाई से आए प्रतिनिधियों ने भी लादू बाबू को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि पहली बार किसी समाजसेवी की पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में मनाई गई, यह गर्व की बात है। कार्यक्रम में 2 मिनट का मौन रखकर अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को भी श्रद्धांजलि दी गई। बड़ी संख्या में स्थानीय महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## आरओबी व फुटओवर ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर किसानों का जल समाधि सत्याग्रह शुरू



● टोरी में निर्माण कार्य जल्द शुरू नहीं होने पर किसानों ने दी जल समाधि की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** टोरी-चंदवा में फ्लाईओवर ब्रिज और फुटओवर ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर चंदवा प्रखंड अंतर्गत कामता पंचायत के चट्टुआग डैम में रविवार को किसानों ने अनिश्चितकालीन जल समाधि सत्याग्रह आंदोलन शुरू कर दिया। आंदोलनकारी किसानों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के चित्रों और बैनरों के साथ डैम के पानी में दो घंटे तक खड़े रहकर विरोध जताया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पंसस व किसान नेता अयूब खान ने चेतावनी दी कि अगर टोरी में रुके हुए आरओबी और फुट ब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू नहीं किया गया तो किसान जल समाधि लेने को विवश होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य और केंद्र सरकार की होगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री द्वारा इन योजनाओं का शिलान्यास किया गया था, लेकिन चार साल बीतने के बावजूद कार्य शुरू नहीं हुआ है। किसानों ने भूमि का पुनर्मूल्यांकन कर उचित मुआवजा देने की भी मांग की। आंदोलन में शामिल मुखिया नरेश भगत, रविशंकर गंझु, सनीका मुंडा, गुजर भोगता, माइकल हांस आदि ने कहा कि बार-बार आंदोलनों के बावजूद सरकार उनकी मांगों की अनदेखी कर रही है। इस जल सत्याग्रह में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं, जिनमें ममता देवी, सोमरी देवी, फुलकुमारी देवी, रानो देवी, मीना देवी, मंजू देवी आदि प्रमुख थीं। अन्य आंदोलनकारियों में त्रिभुवन गंझु, जसीमुद्दीन खान, सजेबुल खान, राहुल गंझु, राजू साव, दीपेश टोपनो, बंधु होरो, संजय कुमार, महाबीर लोहार आदि शामिल रहे। आंदोलन के प्रति जनसमर्थन लगातार बढ़ रहा है।

## बिजली मीटर लगाने के नाम पर अवैध वसूली का मामला, समाजसेवी की पहल पर राशि लौटाई गई

● टेक्नो कंपनी के कर्मियों द्वारा ली गई राशि उपभोक्ताओं को की गई वापस

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा प्रखंड अंतर्गत पतराटोली गांव में स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर उपभोक्ताओं से अवैध रूप से वसूली गई राशि समाजसेवी इरशाद मुन्ना की पहल पर रविवार को उपभोक्ताओं को वापस कर दी गई। ग्रामीणों की शिकायत पर युवा समाजसेवी इरशाद मुन्ना ने विधायक प्रकाश राम के जनता दरबार में आवेदन देकर इस वसूली की शिकायत की थी। विधायक ने तत्काल बीडीओ को निर्देशित कर उपभोक्ताओं की सूची तैयार करवाई और राशि वापसी की प्रक्रिया आरंभ कराई। ग्रामीणों से वसूली गई राशि की सूची के अनुसार टेक्नो इंडिया के कर्मचारियों ने हरिचंद मुंडा से 300, गोविंद गंझु से 100, सरहूला गंझु से 200, रिझु गंझु से 100 तथा सचिन गंझु, सूरज गंझु, सुधीर उरांव, बबन मुंडा और भोला उरांव से 200-200 की राशि ली गई थी। इसके अतिरिक्त मुनी देवी और ननकु गंझु से नए कनेक्शन के नाम पर 4000-4000 की वसूली की गई थी। इस मामले में पूछे जाने पर विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता ने स्पष्ट किया था कि स्मार्ट मीटर पूरी तरह निःशुल्क हैं और इस बाबत पहले ही ग्रामीणों को सूचित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति मीटर के नाम पर पैसे नहीं मांगेगा। राशि वापसी के बाद ग्रामीणों ने विधायक प्रकाश राम, इरशाद मुन्ना और प्रशासनिक अधिकारियों का आभार जताया। ग्रामीणों की इस लड़ाई को एक सकारात्मक समाधान मिलने से समाज में जागरूकता का संदेश गया है।

## रुद नदी में नहाने के दौरान महिला की मौत

चंदवा। थाना क्षेत्र के चेटर पंचायत अंतर्गत रुद ग्राम में रविवार को नदी में डूबने से पूनम देवी (32 वर्ष), पति पिंटू भुइयां की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला दोपहर में नहाने के लिए नदी गई थी, जहां वह गहरे पानी में चली गई और डूब गई। सूचना मिलते ही ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला गया और पुलिस को सूचित किया गया। चंदवा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए लातेहार भेजा। मृतका अपने पीछे एक छोटा पुत्र छोड़ गई है। घटना के बाद परिजनों में शोक का माहौल है।

## आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोर की मौत

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना अंतर्गत सलगा गांव में बिन बरसात के अचानक गरजन के साथ आकाशीय बिजली गिरने से 12 वर्षीय किशोर की उसके चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव व प्रखंड में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार सलगा गांव निवासी रामकुमार पांडेय का छोटा पुत्र सोनटिया 12 वर्षीय घर के पास में ही खेल रहा था, कि अचानक बिजली कड़की और वह बेहोश हो गया। आनंन-फानन में परिजन उसे इलाज के लिए गिद्धौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां से बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल भेजा गया। जबकि उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के ग्राम महुआडांड़ निवासी प्रियांशु कुमार जयसवाल (18), पिता संतोष जयसवाल ने शनिवार रात करीब 8 बजे अपने घर के कमरे में छत के हुक से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने जब उसे लटका देखा तो तत्काल उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिए लातेहार भेज दिया।

## वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**कुंदा (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर कुंदा में वरिष्ठ नागरिकों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अधिकार मित्रों द्वारा उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालतों के माध्यम से विवाद निपटारा, वरिष्ठ नागरिक अधिनियम 2007 के तहत संरक्षण अधिकार, परामर्श शिविर, कोर्ट फीस में छूट, और वरिष्ठ नागरिक सहायता केंद्र जैसी सुविधाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संजय चौधरी, मुन्ना दास, अजीत कुमार, किरण कुमारी समेत कई लोग उपस्थित रहे। वहीं, कुंदा थाना में भी विधिक शिविर के माध्यम से नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

## फादर्स डे पर डीएवी स्कूल के बच्चों ने दिखाई भारतीय संस्कृति की झलक



**लावालौंग (चतरा)।** डीएवी शिक्षादीप स्कूल, लावालौंग में फादर्स डे पर आयोजित कार्यक्रम ने सभी को भावविभोर कर दिया। बच्चों ने अपने पिता के चरण धोकर, तिलक, माल्यार्पण और आरती कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान कविता, गीत और संबोधन के माध्यम से बच्चों ने भावुक क्षण रच दिए। स्कूल निदेशक अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि स्कूल में नैतिक शिक्षा और अनुशासन पर विशेष बल दिया जाता है। कार्यक्रम में रोहित कुमार यादव, प्रमोद साहू, मोहन भोक्ता सहित कई अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सिमरिया के ग्रामीण क्षेत्रों में वरिष्ठ नागरिकों को दी गई कानूनी जानकारी

**सिमरिया (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तारकेश्वर दास के निर्देश पर सिमरिया प्रखंड के कुठान, हफुवा और हुंकार खाप गांवों में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अधिकार मित्रों ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को गरिमा, आश्रय, भरण-पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं, और यात्रा में रियायत जैसे अधिकार प्राप्त हैं। माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण अधिनियम, 2007 की जानकारी भी दी गई।

## सलगी गांव में हाथी का कहर ग्रामीणों में दहशत



**सिमरिया (चतरा)।** सलगी टुंडाग गांव में शनिवार की रात एक जंगली हाथी ने भारी उत्पात मचाया। सुभाष कुमार सिंह और सुनील कुमार के घर की चारदीवारी और दरवाजा तोड़ दिया। परिवार के सदस्य किसी तरह जान बचाकर घर से भागे। ग्रामीणों ने बताया कि हल्ला व लुकवारी जलाकर हाथी को भगाया गया। वन विभाग से सुरक्षा व मुआवजे की मांग की गई है।

## हाथी का आतंकः चारदीवारी तोड़ी, मवेशी घायल, धान व सामग्री की क्षति

**बारियातू (चतरा)।** गोनिया पंचायत के रोन्हे गांव में एक जंगली हाथी ने शनिवार रात भारी उत्पात मचाया। मुनेश उरांव के घर की चारदीवारी तोड़ने के साथ ही एक गाय को घायल कर दिया और कटहल के पेड़ को नुकसान पहुंचाया। शंकर उरांव के घर का भी नुकसान हुआ, वहीं भोला उरांव के घर से धान और दुकान का सामान खा गया। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथी को हटाने और क्षतिपूर्ति की मांग की है।

## जाती आधारित जनगणना की मांग पर ओबीसी मोर्चा का राज्य अधिवेशन

**चतरा।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा का तीसरा राज्य अधिवेशन डीएमएफटी प्रशिक्षण भवन, चतरा में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विकास पटेल ने जाती आधारित जनगणना को लेकर सरकार को चेतावनी दी – 'जगह दो या कुर्सी छोड़ो।' उन्होंने भाजपा और कांग्रेस दोनों पर पिछड़ों के अधिकारों से वंचित रखने का आरोप लगाया। पूनम यादव ने कहा कि पिछड़ा वर्ग को अपने हक की लड़ाई खुद लड़नी होगी। कार्यक्रम में देशभर के प्रतिनिधियों और स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही।

**मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा** — कागजों पर बना मेंढ़, लाभुक बोले- नहीं हुआ कोई कार्य

# उपायुक्त से जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता



### सरकार की महत्वाकांक्षी गारंटी योजना मनरेगा

लाभुकों ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी गारंटी योजना मनरेगा, भ्रष्टाचारियों के लिए लूट का साधन बनती जा रही है। उन्होंने उपायुक्त से मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। यह मामला सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार की गंभीर स्थिति को उजागर करता है, जिससे शासन-प्रशासन की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा होता है।

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत अंतर्गत कुटमू गांव में मनरेगा योजना के तहत स्वीकृत वर्ष 2024-25 की मेंढ़बंदी निर्माण योजना में भारी अनियमितता और फर्जीवाड़े का मामला उजागर हुआ है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, कागजों में लाभुक के तौर पर दर्ज अर्जुन बैठा एवं उजाला देवी (पति प्रमोद बैठा) के नाम से उनके खेत में मेंढ़बंदी निर्माण कार्य दिखाया गया है। जबकि वास्तविकता यह है कि इन लाभुकों के खेतों में किसी भी प्रकार का कार्य नहीं हुआ है। लाभुक उजाला देवी के पति प्रमोद बैठा एवं अर्जुन बैठा के भाई नकुल रजक ने बताया कि उन्हें योजना की कोई जानकारी नहीं दी गई और न ही किसी प्रकार का कार्य कराया गया। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत सेवक, मुखिया एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी मास्टर रोल तैयार कर राशि की अवैध निकासी कर ली गई है।
इस संबंध में प्रखंड पदाधिकारी से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं किया गया।

# वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की मौत, दूसरा घायल

नवीन मेल संवाददाता



**सेन्हा (लोहरदगा)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत अन्तर्गत तोड़ार सरना टोली में वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर अचानक मौसम का मिजाज बदला और हल्की बूंदाबांदी के साथ तेज गर्जना शुरू हो गई। इसी दौरान गांव के दो युवक शनीचरवा केरकेट्टा के 28 वर्षीय पुत्र संजय केरकेट्टा एवं भुनेश्वर भगत के 25 वर्षीय पुत्र कवींद्र केरकेट्टा अपने घर के समीप स्थित पुलिया पर बैठे हुए थे।

तेज गर्जन के बीच अचानक वज्रपात हुआ, जिसकी चपेट में दोनों युवक आ गए। संजय केरकेट्टा की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि कवींद्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

स्थानीय लोगों और परिजनों की सहायता से दोनों को तत्काल लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने संजय को मृत घोषित कर दिया। घायल कवींद्र केरकेट्टा का इलाज जारी है, और डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत अब खतरे से बाहर है। संजय केरकेट्टा एक मिलनसार और लोकप्रिय युवक के रूप में जाना जाता था।

उसकी आकस्मिक मौत से गांव में गहरा शोक व्याप्त है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर भड़गांव पंचायत के पूर्व मुखिया प्रकाश उरांव मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधाया एवं हर संभव मदद का आश्वासन दिया। प्राकृतिक आपदा से हुई इस दुखद घटना को लेकर ग्रामीणों में भय एवं चिंता का माहौल बना हुआ है।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**भंडरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंदो गांव में करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान कुंदो गांव निवासी गफूर अंसारी के पुत्र शाकिब अंसारी (28 वर्ष) के रूप में हुई है। बता दे कि शाकिब अपने घर में बिजली से संबंधित कुछ काम कर रहा था। इसी दौरान करंट की चपेट में आ गया। इससे शाकिब बुरी तरह से झुलस गया। जिसे स्वजनों द्वारा भंडरा निजी क्लीनिक लाया गया। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल भेज दिया गया। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां शाकिब की मौत हो गई। शाकिब की मौत के बाद घर के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## अभियान की जानकारी के लिए डीसी ने दो जागरूकता रथ को किया रवाना



● उपायुक्त ने 'धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान' के लिए दो जागरूकता रथों को किया रवाना

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के सफल प्रचार-प्रसार हेतु उपायुक्त ने सोमवार को समाहरणालय प्रांगण से दो जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर सभी प्रखंडों के लिए रवाना किया। इन रथों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से जनजातीय समुदायों को सरकारी योजनाओं, अधिकारों तथा विकासात्मक कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। अभियान का उद्देश्य चयनित जनजातीय गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका एवं बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाना है, ताकि ग्रामीण समुदायों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। मौके पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला कल्याण पदाधिकारी सरस्वती कच्छप, तथा कल्याण विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## पूर्व सिविल सर्जन संजय सुबोध को याद कर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा के पूर्व सिविल सर्जन व वर्तमान में हजारीबाग जिला वीबीडी पदाधिकारी संजय कुमार सुबोध के असामयिक निधन पर सदर अस्पताल कर्मियों, जागरूक नागरिकों व विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया है। गत 10 मई 2025 को लंबी बीमारी के बाद रांची के अस्पताल में उनका आकस्मिक निधन हो गया था। वक्ताओं ने कहा कि पूर्व की संजय कुमार सुबोध मृदुभाषी, समाजसेवी और गरीबों को समझने वाले व्यक्ति थे। उनके असमय चले जाने से समाज को अपूरणीय छती हुई है। शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, बाल कृष्णा सिंह, अजातशत्रु, जिला अध्यक्ष राजन कुमार मेहता, आजसू जिलाध्यक्ष ओम भारती, कवलजीत सिंह, सूरज अग्रवाल, लेबोरेटरी संचालक उपेंद्र कुमार, राहुल कुमार, निजी अस्पताल संचालक मिनहाज अंसारी, पवन गौतम, जियाउल अंसारी, सदर अस्पताल कर्मी निलेश कुमार राजेश कुमार, कमलेश साहू, लाल सचिता सहदेव, अमर भगत मंगल देव उरांव अनिल मिंज़, अनुराग सिंह, समीर कुजूर, विजय कुमार, अर्पण लकड़ा, शंकर प्रधान, संजय कुमार, दिलीप असुर, मीडिया कर्मी सत्यकाम, किशोर कुमार वर्मा, राहुल कौशल, अमर गोस्वामी समेत अन्य जागरूक नागरिक शामिल है।

### धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन

## सरकारी योजनाओं की लाभ दिलाने पर जोर

नवीन मेल संवाददाता



**भंडरा (लोहरदगा)।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो पंचायत के टोटो गांव में रविवार को "धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान" तथा "प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान" के तहत एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सुदूरवर्ती आदिवासी बहुल क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देना तथा उन्हें योजनाओं से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईटीडीए परियोजना निदेशक सह समाज कल्याण पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग उपस्थित थीं। उन्होंने कहा, इस अभियान का उद्देश्य आदिवासी समाज को सशक्त करना है। शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए जिला व प्रखंड प्रशासन पूरी तरह कृतसंकल्पित है।

बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि आपको जो भी समस्याएं हैं, उन्हें विभागीय स्टॉल पर उपस्थित अधिकारियों के समक्ष रखें। हम आपकी हर समस्या के समाधान के लिए तत्पर हैं। शिविर में विभिन्न विभागों के ई-केवाईसी, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड इत्यादि योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे।

बीडीओ ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और मौके पर ही कई ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान भी कराया। शिविर में प्रतिमा कुमारी (बीडीओ), सच्चिदानंद गुप्ता, मुखिया ममता कुमारी, बबलू उरांव, भुवन नाथ शाहदेव, सरोज राम, भरत राम, दिलीप लाल, अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

यह शिविर जनजातीय समुदाय के उत्थान की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिससे न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई बल्कि ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ने की दिशा में ठोस प्रयास भी किए गए।

## डालसा के निर्देश पर चलाया गया जागरूकता अभियान




नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार निम टोली में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष सह प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश राज कमल मिश्रा और सचिव राजेश कुमार के निर्देश पर पीएलवी पुनु देवी और प्रियांशु कुमार यादव के द्वारा तोड़ार निम टोली में बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता अभियान चलाया गया। वही जागरूकता अभियान के तहत बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनके अधिकारों की रक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया।साथ ही बुजुर्गों को सरकार की ओर से मिलने वाले लाभ के बारे में बहक बताया गया। मौके पर महाबीर टाना भगत, संजय भगत, दुखनी भगताइन, सहबीर टाना भगत, तेतरी उराइन, धनिया उरांव, सुकरो भगताइन समेत अन्य ग्रामीण बुजुर्ग महिला पुरुष मौजूद थे।

### डॉ. रामेश्वर उरांव आज लोहरदगा दौरे पर

**लोहरदगा।** पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक एवं आंतरिक संसाधन तथा केंद्रीय सहायता समिति के सभापति डॉ. रामेश्वर उराँव सोमवार, 16 जून 2025 को लोहरदगा जिले के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। यह जानकारी विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने दी। डॉ. उराँव का पहला कार्यक्रम भण्डरा प्रखंड परिसर में निर्धारित है, जहां वे प्रातः 11:00 बजे आम जनता से सीधा संवाद करेंगे और स्थानीय समस्याओं को सुनेंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 1:00 बजे लोहरदगा बरवाटोली स्थित विधायक कार्यालय पहुँचेंगे, जहां वे पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा आम नागरिकों से मुलाकात कर विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत होंगे। कार्यक्रम की सफलता हेतु लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी प्रकोष्ठों – युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस, एससी कांग्रेस, किसान कांग्रेस, एनएसयूआई, एवं सेवादल, के अलावा प्रखंड कांग्रेस कमेटी, बीस सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष, प्रखंड प्रमुख, मुखिया गठबंधन दलों के नेताओं से समय पर उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### पत्रकार से 5 लाख की मांगी रंगदारी, नही देने पर किया निर्माण कार्य ध्वस्त

**भंडरा।** भंडरा निवासी पत्रकार संजय कुमार साहू ने भंडरा थाना में आवेदन देकर बताया कि उनकी निजी जमीन पर हो रहे बाउंड्री निर्माण के दौरान अमर प्रसाद उर्फ सालिक साहू ने हथियार के साथ पहुँचकर 5 लाख की रंगदारी मांगी और न देने पर दीवार तोड़ दी। संजय के अनुसार आरोपी का अपराधी इतिहास रहा है और कई बार जेल जा चुका है। पत्रकार ने अपनी और परिवार की सुरक्षा की मांग करते हुए कहा कि जब तक कार्रवाई नहीं होगी, निर्माण कार्य शुरू नहीं करेंगे। पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है, कार्रवाई की प्रतीक्षा है।

### तेली समाज, अधिवेशन सह जिला कमिटी चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न

## प्रो. शिवदयाल बने जिला अध्यक्ष, सोहन साहू महासचिव

वीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा ।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज, लोहरदगा जिला का अधिवेशन सह जिला कमिटी चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिलेभर के प्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भाग लिया। अध्यक्ष पद के लिए दो नामांकन प्रो. शिवदयाल साहू एवं मनोज साहू दाखिल हुए थे, जबकि महासचिव पद के लिए सोहन साहू का नामांकन एकमात्र होने के कारण उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। वही समाज में मतभेद की संभावना को देखते हुए वरिष्ठजनों की सलाह से मुख्य अतिथि द्वारा प्रो. शिवदयाल साहू को जिला अध्यक्ष और मनोज साहू को तेली धर्मशाला अध्यक्ष नामित किया गया। समाज के जिलाध्यक्ष का कार्यकाल पांच सालों के लिए रहेगा। इस निर्णय पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू ने कहा, मेरे पिता स्व. तिलेश्वर साहू का लोहरदगा से गहरा लगाव था। आप दोनों समाज के स्तंभ हैं, मिलकर संगठन को फिर से सशक्त बनाना है। मेरी पूरी मदद आपके साथ रहेगी। विशिष्ट अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने कहा कि आने वाले समय में सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन की आवश्यकता है। "2026 में परिसीमन लागू होगा, जिससे पिछड़ी जातियों को राजनीतिक लाभ मिलेगा, परंतु पेशा कानून से सदान समाज को नुकसान होगा। अतः इसका संगठित होकर विरोध करना जरूरी है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रो. शिवदयाल साहू ने कहा, आपके सहयोग के बिना कोई नेतृत्व संभव नहीं। मैं गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करूंगा और फिर से भव्य अधिवेशन कराऊंगा। वहीं मनोज साहू ने धर्मशाला के अधूरे कार्यों को पूर्ण करने और हर कार्यक्रम में सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई।कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश साहू ने किया और धन्यवाद ज्ञापन भागवत साहू ने प्रस्तुत किया। मौके पर अजय पंकज, बलराम साहू, कमलेश साहू, बजरंग साहू, मुना साहू, रामबिलास साहू, बिंदेश्वर साहू, मनिष साहू, दामोदर प्रसाद, लाखपति साहू, कालिचरण साहू, हरिनाथ साहू, कृष्णा साहू, महेश साहू, मारवाड़ी साहू, विरसमुनी देवी, प्रमिला देवी, शोभा देवी, सावित्री देवी, रंथी साहू, डोमनी देवी एवं संगीता देवी समेत बड़ी संख्या में पुरुषों और महिलाओं की उपस्थिति रही।

### महिला को सांप ने काटा सदर अस्पताल में भर्ती

**सिमडेगा।** सेवई गांव में शनिवार देर रात एक महिला को विषैले सांप ने डस लिया, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, बासमती देवी नामक महिला रात में अपने घर के आंगन में जमीन पर सो रही थी। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया।

## नया समाहरणालय परिसर में आरएएफ ने पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** जिले के नया समाहरणालय कार्यालय परिसर में आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) 106 ए एवं 106 बी विहीन द्रुत कार्य बल की संयुक्त टीमों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 13 जून से 19 जून तक जिले में चल रहे "एरिया फैमिलियाराइजेशन कोर्स" के तहत आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का नेतृत्व आरएएफ 106 ए विहीन समवाय अधिकारी एवं सहायक कमांडेंट राकेश कुमार द्वारा किया गया, जो जमशेदपुर स्थित आरएएफ 106 बी विहीन के कमांडेंट राजीव कुमार के दिशा-निर्देशन में कार्य कर रहे हैं। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य जिले के सामाजिक और भौगोलिक परिस्थितियों से बल को अवगत कराना तथा शांति एवं सौहार्द के वातावरण को और मजबूत करना है।मौके पर एसपी सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि आरएएफ की टीमें लोहरदगा में एक सप्ताह के लिए परिचयात्मक अभ्यास पर हैं। इस दौरान वे न सिर्फ सुरक्षा से जुड़े अभ्यास में हिस्सा लेंगी, बल्कि सामाजिक सरोकार से जुड़े विषयों में भी भागीदारी करेंगी। वृक्षारोपण कार्यक्रम इसका एक सकारात्मक उदाहरण है, जो आने वाली पीढ़ी के लिए हरियाली और स्वच्छ वातावरण देने की दिशा में एक पहल है। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, और ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक करना एक महत्वपूर्ण प्रयास है। वृक्षारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने एवं जनमानस को प्रकृति के प्रति जागरूक करना रहा। आरएएफ ने यह संदेश देने की कोशिश की कि सुरक्षा बल न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्य करते हैं, बल्कि समाज के सकारात्मक विकास और पर्यावरण संतुलन में भी अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, एसडीपीओ श्रद्धा कुमारी, क्रिकेटर सुमित, स्थानीय युवा प्रतिभा, विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी एवं आरएएफ के जवान व समाहरणालय कर्मी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने हाथों से पौधे लगाकर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। वृक्षारोपण के दौरान फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों को लगाया गया।

## चंद्रवंशी समाज में प्रतिभा की कोई कमी नहीं : मुनींद्र प्रसाद

● मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, समाज को मिली नई ऊर्जा

वीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा, लोहरदगा के तत्वावधान में यदुवीर चंद्रवंशी धर्मशाला में "मेधावी छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह" का आयोजन किया गया। इस समारोह में चंद्रवंशी समाज के 10वीं एवं 12वीं कक्षा में श्रेष्ठ अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट (12वीं) में उन्नतिका कुमारी – 91% (प्रथम), अनिशा कुमारी – (द्वितीय) व प्रियांशु कुमारी – (तृतीय), मैट्रिक (10वीं) में दीपावली वर्मा – 92.2% (प्रथम), समीक्षा कुमारी – (द्वितीय) व अनूप कुमार वर्मा – (तृतीय) रही है जिसे समाज की ओर से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाज के मार्गदर्शक मुनींद्र प्रसाद (मनी बाबू) ने कहा, चंद्रवंशी समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है उन्हें सही दिशा देने की। यदि हम नशा जैसे सामाजिक बुराइयों से दूर रहें और एकजुट हों, तो हमारा समाज फिर से वैभवशाली इतिहास दोहरा सकता है। जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कहा, "हमारा समाज भले ही सामाजिक दृष्टिकोण से पिछड़ा माना जाता हो, लेकिन हमारी उपस्थिति हर क्षेत्र में प्रभावशाली है। कार्यक्रम का संचालन परमेश्वर वर्मा ने किया। प्रवक्ता सागर वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा, आज चंद्रवंशी समाज एक नई ऊर्जा और संकल्प के साथ खड़ा हुआ है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों से समाज के लोगों की भागीदारी यह दर्शाती है कि हम अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए सजग हैं।

## कोर कमेटी का होगा विस्तार, रुके हुए कार्य होंगे पूरे : सुषमा सिंह



**लोहरदगा।** सामाजिक एवं धार्मिक संगठन जय श्रीराम समिति के कोर कमेटी की बैठक एसपी कोठी स्थित आवासीय परिसर में की गई। आयोजित बैठक में मुख्य रूप से कोर कमेटी सदस्य की संख्या को लेकर चर्चा हुई । सुषमा सिंह ने कहा सदस्यों की संख्या रिक्त होने के कारण कार्यों में बाधा आ रही है। जिसे लेकर सर्वसम्मति से कोर कमेटी का विस्तार को देखते हुए अगली बैठक में सदस्यों की घोषणा की जाएगी। जिससे समिति के कार्यों को बल मिलेगी अनूप गुप्ता ने कहा सदस्यों की संख्या कम होने से समिति का कार्य पूरी तरह से प्रभावित हुई है। मौके पर कोर कमेटी सदस्य सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता आदि मौजूद थे।

## सेवा भारती का निशुल्क स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में लगातार 157 वाँ सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 55 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी.पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया,एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे ख़र्च में ही कराई जाती है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने स्वस्थ संबंधित जानकारी देते हुए कहा की जीव सेवा ही नारायण सेवा है। सेवा करने से बड़ा कोई धर्म नहीं, जरूरतमंदों एवं असहायों की जीतनी भी मदद की जाए कम है । डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि बदलते मौसम,कभी गर्मी कभी बरसात पर स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है। मच्छरों के प्रकोप से बचें और सोने के समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें है।

उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सचिव संजय चौधरी ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ्य चेकअप करवा कर अपने उक्त बीमारियों का यहाँ डॉक्टर से इलाज करवाते हुए उनकी सलाह से स्वस्थ हो रहे हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं। शिविर में- जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी,अंजलि सर्राफ, नीतू मित्तल, अतुल सर्राफ, रामचंद्र गिरी, सुबोध प्रसाद महतो, अमर गोस्वामी, नीतीश कुमार शर्मा, सनाउल्लाह अंसारी, ओम प्रकाश गुप्ता, गोपाल महतो, दीपक श्रीवास्तव, राजेश अग्रवाल, सोनी देवी, सच्चिदानंद अग्रवाल, धनेश गुप्ता, नीरज देवी, ज्योति मिंज आदि मौजूद थे।

**जागरूक** 63 पंचायतों में चलेगा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, उपायुक्त ने कहा-

# कई सरकारी योजनाओं का लोगों को दिलाया जाएगा लाभ

● 15 से 30 जून तक जनजातीय बहुल गांवों में चलेगा अभियान

नवीन मेल संवाददाता



### 205 ग्रामों को पंचायतवार चिन्हित

उक्त अभियान के तहत लोहरदगा जिले में कुल 205 ग्रामों को पंचायतवार चिन्हित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत पचास प्रतिशत या उससे अधिक अनुसूचित जनजाति जनसंख्या वाले ग्रामों को लिया गया है। इसका लक्ष्य जनजातिय समुदायों के जीवन स्तर में सुधार लाना और उन्हें सरकारी योजनाओं को लाभ पहुंचाना है। इस अभियान के तहत इन गांवों में इस दौरान प्रखंडवार विभिन्न शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 से 30 जून तक लोहरदगा जिला के सभी जनजातीय बहुल ग्रामों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का यहां के लोगों को लाभ देने के लिए विशेष अभियान चलाया जाना है। जिले के 66 पंचायतो में से 63 पंचायत जनजातीय बहुल हैं। इस अभियान के तहत देश के आकांक्षी जिलों में 63,000 से अधिक जनजातीय बहुल गाँवों को आच्छादित किया जाना है। उक्त बातें उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जिले के प्रेस को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत कुल 17 मंत्रालयों के समन्वित प्रयासों से 25 योजनाओं पर ध्यान केन्द्रित किया जायेगा। जिसमें बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजिविका आदि में महत्वपूर्ण कमियों को समाप्त करना और जनजातीय क्षेत्रों और समूहों के समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करना है। इन शिविरों में नए आधार कार्ड एवं आधार कार्ड अपडेट, ई-केवाईसी, आयुष्मान भारत (पीएमजेएवाई) कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, पोषण अभियान, टी०बी०मुक्त भारत मुद्रा योजना, वन धन योजना, पी०एम किसान, किसान क्रेडिट कार्ड मनरेगा इत्यादि के लाभ से लाभान्वित किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य सभी विकास योजनाओं से जनजातीय समुदाय को जोड़ते हुए उनको इसके प्रति जागरूक करना है, साथ ही इस अभियान के तहत लाभुकों को विकास से संबंधित योजनाओं से प्राथमिकता देकर आच्छादित करना है। जनजातीय कल्याण के लिए कार्य इस अभियान के बाद भी जारी रहेंगी।

# एनएच-23 पर दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन घायल

● स्कॉर्पियो की टक्कर से दो सगे भाई गंभीर रूप से हुए जख्मी

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र में शनिवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें कुल तीन लोग घायल हो गए। पहली दुर्घटना भरनो ब्लॉक चौक के पास हुई, जहां स्कूटी सवार 17 वर्षीय युवक अंकित उरांव, जो बेडो थाना क्षेत्र के केशा गांव का निवासी है, अपने मामा के घर मारासिली से लौट रहा था, तभी अचानक असंतुलित होकर गिर पड़ा और घायल हो गया। उसे भरनो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। दूसरी बड़ी दुर्घटना जूरा बाजार के पास एनएच-23 पर घटी, जहां एक अज्ञात स्कॉर्पियो वाहन ने बाइक सवार दो सगे भाइयों – छोटेलाल उरांव (45) और लालू उरांव (42), निवासी सुपा गांव, भरनो – को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन मौके से फरार हो गया। दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें एक निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो लाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही भरनो पुलिस अस्पताल पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली। वहीं, स्कॉर्पियो वाहन की तलाश की जा रही है।



## स्कूटी व बाइक की टक्कर, युवक गंभीर रूप से घायल

**रायडीह (गुमला)।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराना रायडीह के पास रविवार को मोटरसाइकिल और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में थामगड़ा गांव (जो जा पंचायत, सुरसांग थाना क्षेत्र) निवासी वीरेंद्र सिंह को सिर में गंभीर चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार वीरेंद्र सिंह अपने साथी महिपाल सिंह के साथ गुमला से अपने गांव लौट रहे थे, तभी पुराना रायडीह के पास विपरीत दिशा से आ रही प्रमोद प्रसाद की स्कूटी से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वीरेंद्र सिंह सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल रायडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## बोलेरो व मिनी ट्रक की जबरदस्त भिड़ंत, दो घायल एक रिम्स रेफर

**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कलिगा हनुमान मंदिर के समीप बोलेरो और मिनी ट्रक में आमने-सामने की जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों वाहन चालकों को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की सहायता से दोनों घायलों को रेफरल अस्पताल बसिया ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद मिनी ट्रक चालक, जो रांची निवासी है, की हालत गंभीर होने के कारण उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। वहीं बोलेरो चालक, पालकोट थाना क्षेत्र के साड़ बेड़ा गांधारी निवासी 27 वर्षीय देवेंद्र सिंह, को गहन चोटों के कारण सदर अस्पताल गुमला भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मिनी ट्रक सिमडेगा से प्लाईवुड लोड कर कोनबीर की ओर जा रहा था। तेज रफ्तार में हुई टक्कर के बाद बोलेरो वाहन सड़क पर पलट गया और उसका चालक वाहन के अंदर बुरी तरह फंस गया। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कटर से बोलेरो को काटकर देवेंद्र को बाहर निकाला गया। देवेंद्र को सिर, हाथ और कमर में गंभीर चोटें आई हैं, पर स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

# एसपी का औचक निरीक्षण



● थानों और पिकेट में सुरक्षा व साफ-सफाई पर दिया विशेष जोर

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमाँ ने जिले के चैनपुर, डुमरी एवं कुरूमगढ़ थानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसरों की भौतिक स्थिति, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था तथा रिकॉर्ड संधारण की समग्र समीक्षा की। एसपी ने सभी संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि थाना परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करें, सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखें और सभी अभिलेखों एवं संचिकाओं का अद्यतन तथा सुव्यवस्थित संधारण किया जाए। निरीक्षण के क्रम में गुमला थाना अंतर्गत कोटाम पिकेट का भी जायजा लिया गया। वहाँ प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं जवानों को नक्सल संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सतर्कता बरतने और सभी सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए।

## गेहूं आपूर्ति में देरी से 18 राशन डीलर वितरण से वंचित, लाभुकों में नाराजगी

**भरनो।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जून 2025 में पीडीएस लाभुकों को तीन माह – जून, जुलाई और अगस्त का खाद्यान्न एक साथ वितरित किया जाना है। इस क्रम में एफसीआई गोदाम, भरनो से सभी राशन डीलरों को अनाज का उठाव करना था, लेकिन गेहूं के अपर्याप्त आवंटन के कारण भरनो प्रखंड के 18 राशन डीलर अभी तक अनाज नहीं उठा सके हैं। इस स्थिति के कारण इन डीलरों को दो माह का राशन एक साथ वितरित करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जबकि भरनो के अन्य डीलर पहले ही दो माह का खाद्यान्न वितरण कर चुके हैं। वहीं, राशन कार्डधारी लाभुकों में गेहूं की आपूर्ति न होने से नाराजगी देखी जा रही है। लाभुकों का कहना है कि समय पर अनाज न मिलना परेशानी का कारण बन रहा है। हालांकि डीलरों द्वारा उन्हें यह भरोसा दिलाया जा रहा है कि जैसे ही गोदाम से गेहूं का आवंटन होगा, वितरण शुरू कर दिया जाएगा।

## बंदुआ गांव में जर्जर सड़क बनी ग्रामीणों के लिए अभिशाप

# एक साल से नहीं हुई मरम्मत

● प्रशासन व जनप्रतिनिधि के आश्वासन बने दिखावा

● आक्रोशित ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता





**डुमरी।** गुमला जिले के डुमरी प्रखंड स्थित बंदुआ गांव में नदी के पास की मुख्य संपर्क सड़क पिछले एक साल से पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, जिससे यहां के सैकड़ों ग्रामीण भारी मुसीबतों का सामना कर रहे हैं। सड़क की बदहाली ने न केवल दैनिक जीवन को प्रभावित किया है, बल्कि बच्चों की शिक्षा, बीमारों की चिकित्सा सुविधा और व्यापारिक गतिविधियों को भी लगभग ठप कर दिया है।

गांव के जनप्रतिनिधि मुन्ना केसरी ने बताया कि उन्होंने पीडब्ल्यूडी और अन्य संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कई बार सूचित किया है। उन्होंने कहा, "कई बार टीम आई, सर्वे भी किया, लेकिन अब तक कोई काम शुरू नहीं हुआ है। हम खुद भी गांववालों के साथ मिलकर प्रशासन पर लगातार दबाव बना रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।"

सड़क की बदहाली से परेशान ग्रामीणों में अब गहरा आक्रोश पनप रहा है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई, तो वे ब्लॉक मुख्यालय और जिला कार्यालय का घेराव करने को मजबूर होंगे। इस सड़क की मरम्मत कराए, ताकि उनकी दैनिक मुश्किलें कम हो सकें और उन्हें एक बेहतर जीवन जीने का अधिकार मिल सके।

### बरसात में सड़क बन जाती है दलदल

गांव से गुजरने वाली यह महत्वपूर्ण सड़क नदी के किनारे स्थित है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही सड़क पर कीचड़ और पानी भर जाता है। जगह-जगह गहरे गड्ढे होने के कारण यह सड़क किसी दलदल में बदल जाती है। ग्रामीण बताते हैं कि बारिश के दिनों में स्कूल जाने वाले बच्चों और काम पर जाने वाले मजदूरों के गिरने और फिसलने की घटनाएं आम हो गई हैं।

### गंभीर मरीजों को ले जाना पड़ता है खटारा गाड़ियों में

ग्रामीण राजू सिंह ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा "हमारे गांव में अगर कोई बीमार पड़ जाए, तो एंबुलेंस आने से पहले ही सड़क पर फंस जाती है। कई बार मरीजों को खटारा ट्रैक्टर या पिकअप गाड़ी में ले जाना पड़ता है, जो बेहद जोखिम भरा होता है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि आपातकालीन स्थिति में भी सही समय पर मदद नहीं मिल पाती।"

### महिलाएं व स्कूली बच्चे सबसे ज्यादा परेशान

इस जर्जर सड़क से महिलाएं और छोटे बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। गांव की महिला मीना देवी ने अपनी परेशानी साझा करते हुए कहा, "हम रोज़ नदी पार करके बच्चों को स्कूल छोड़ने जाते हैं। कीचड़ में कई बार फिसल जाते हैं और हमारी चप्पलें तक कीचड़ में फंस जाती हैं। बच्चों को स्कूल भेजना भी अब एक बड़ी चुनौती बन गया है।"

## पारिवारिक तनाव में डूबे युवक ने की आत्महत्या

**भरनो।** भरनो थाना क्षेत्र के मारासिली पंचायत अंतर्गत महुगांव करंजटोली गांव निवासी रवि उराँव (23 वर्ष) ने बीते शनिवार की रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिवार के अनुसार, उसकी पत्नी कुछ दिनों से मायके में रह रही थी, वहीं माता-पिता ईंट भट्ठा में काम के लिए बाहर चले गए हैं। घर में रवि अपनी बुजुर्ग दादी के साथ रह रहा था। रविवार की सुबह जब रवि देर तक बाहर नहीं निकला, तो उसकी दादी ने कई बार दरवाजा खटखटाया। जवाब नहीं मिलने पर ग्रामीणों की मदद से घर की छत का एस्बेस्टस हटाकर देखा गया, तो रवि एस्बेस्टस के पाइप में दुपट्टे से लटका मिला।

## नदी में डूबने से पंडरानी गांव के युवक की मौत

**सिसई।** थाना क्षेत्र के पंडरानी गांव निवासी 35 वर्षीय धुरी उरांव की शनिवार को नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सिसई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में थानेदार संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि पंडरानी नदी में एक शव मिला है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर गांव वालों से पूछताछ करने लगी इसी दौरान ग्रामीणों से पता चला कि धुरी उरांव मानसिक रूप से विक्षिप्त था।

## डुमरडीह में पारंपरिक पड़हा जतरा का भव्य आयोजन

# वर्षा व समृद्धि के लिए की गई पूजा-अर्चना

● सामाजिक एकता व परंपरा पर दिया गया बल

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले के डुमरडीह गांव में रविवार को पारंपरिक पड़हा जतरा का उत्सवपूर्ण आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के कई गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों और पारंपरिक 'पहान' मंगरा उरांव द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अच्छी वर्षा, फसल और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए, पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत ढोल, मांदर और नगाड़े की गूंज के साथ हुई। आगंतुक अतिथियों का पारंपरिक स्वागत कर मंच तक ले जाया गया। मूली पड़हा के दीवान चुंइया कुजूर ने कहा की पड़हा व्यवस्था 12 जाति और 36 कोम की साझा सामाजिक प्रणाली है, जो हमारे पुरखों की अमर देन है। पूर्व बेल राज बेल ने परंपरा और आधुनिकता के सामंजस्य पर जोर देते हुए कहा की पढ़े-लिखे लोग जब अपने पुरखों के 'पड़हा डगर' पर लौटेंगे, तभी समाज संगठित और मजबूत होगा। कोटवार देवेंद्र लाल उरांव ने सरना और मसना जैसे धार्मिक प्रतीकों की रक्षा पर बल देते हुए कहा की युवाओं को अब पढ़कर समाज के हक और संस्कृति की रक्षा के लिए तैयार रहना होगा।

बेल देवराम भगत ने सामाजिक एकता की मिसाल देते हुए, सुझाव दिया कहा कि हर गांव में अतखा पड़हा गठित कर गुरुवार को बैठकें की जाएं, एक मुट्ठी चावल और एक रुपया चढ़ाकर गांव की समस्याओं पर चर्चा हो। पदा पड़हा झारखंड के दीवान विश्वनाथ ने बताया की पड़हा न केवल एक सांस्कृतिक संस्था है, बल्कि यह गांवों की न्यायिक व्यवस्था का भी अहम हिस्सा है, जहां पंचों की राय से विवादों का समाधान किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन फिरू भगत ने किया। इस अवसर पर पूर्व दीवान राजू उरांव, उप दीवान सोनो मिंज, कहतो फूलमनी उरांव, पुष्पा उरांव, शांति मिंज, शांति देवी, फौदा उरांव, सुदर्शन भगत सहित कई परामर्शदात्री सदस्य, समाजसेवी एवं पड़हा प्रेमी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की जनसंकल्प सभा सम्पन्न, विधायक बोले -

# कार्यकर्ताओं की मेहनत से घटेगी जनता व सरकार के बीच की दूरी

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा की पहल पर पालकोट प्रखंड के पम्पापुर महाविद्यालय परिसर में कांग्रेस पार्टी की जनसंकल्प सभा का आयोजन किया गया, जिसमें दो हजार से अधिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए विधायक भूषण बाड़ा ने कार्यकर्ताओं को लोकतंत्र की रीढ़ बताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और लगन ही जनता और सरकार के बीच सेतु का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार हर वर्ग के समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सिमडेगा और पालकोट क्षेत्र में स्वीकृत सड़कों, विद्यालयों, अस्पतालों और पेयजल योजनाओं का लाभ अब जमीनी स्तर पर दिख रहा है। आने वाले दिनों में विकास की रफ्तार और तेज होगी। कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश कांग्रेस नेता डॉ. अजय शाहदेव ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुँचाने का संकल्प लें। उन्होंने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने की अपील करते हुए इसे ही सच्ची जनसेवा बताया।

गुमला जिलाध्यक्ष चैतू उरांव और सिमडेगा जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं की भूमिका को संगठन की मजबूती की कुंजी बताया। उन्होंने सरकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुँचाने पर जोर दिया। रोशन बरवा ने भी संगठन निर्माण को लेकर कई व्यावहारिक सुझाव रखे। जिप सदस्य और विधायक की धर्मपत्नी जोसिमा खाखा ने विधायक भूषण बाड़ा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जनसेवा के लिए दिन-रात एक किया है। उनके नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी और सम्मान को भी नई मजबूती मिली है। सभा में सांसद प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता, जिप सदस्य सामरोम पौल टोपनो, विधायक प्रतिनिधि मनीष हिंदुस्तान, एजाज अहमद, प्रदीप सोरेंग, रोहित एक्का, अजीत लकड़ा समेत सभी पंचायतों के अध्यक्ष, महिला विंग की पदाधिकारीगण और कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## विश्व रक्तदान दिवस पर अशोक त्रिपाठी ने किया 119वां रक्तदान




**गुमला।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं लाइफ लाइन संस्था के संस्थापक सदस्य अशोक त्रिपाठी ने अपना 119वां रक्तदान कर मानवीय सेवा के प्रति अपनी सतत प्रतिबद्धता को फिर से सिद्ध किया। इस अवसर को और भी खास बनाते हुए उन्होंने अपने जुड़वां पुत्रों आर्यन लव एवं आर्यन कुश त्रिपाठी का भी प्रथम रक्तदान करवाया, जिससे समाज को युवा पीढ़ी को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का मजबूत संदेश मिला। अशोक त्रिपाठी ने बताया कि उनका लक्ष्य दोहरे शतक तक रक्तदान करने का है और आज का यह दान इस संकल्प की दिशा में एक और अहम कदम है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर तीन दिवसीय योग तपस्या कार्यक्रम आयोजित

# मेडिटेशन से मिली गहन शांति की अनुभूति

● आंतरिक शक्ति से जीवन को हल्का, प्रेमपूर्ण व सुखद बनाना

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के गुमला सेवा केंद्र द्वारा तीन दिवसीय योग तपस्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी शांति दीदी द्वारा किया गया, जिन्होंने मुख्यालय से पधारे प्रो. ब्रह्माकुमार डॉ. राजेश अरोड़ा का स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. अरोड़ा ने सहभागियों को राजयोग के अभ्यास द्वारा गहन शांति, आत्मिक ऊर्जा और दिव्यता का अनुभव कराया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि -"हमें अपने जीवन में जिसने भी दुख दिया है, उसे क्षमा कर देना चाहिए। यही राजयोग का मूल है – आंतरिक शक्ति से जीवन को हल्का, प्रेमपूर्ण और सुखद बनाना।" कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने परमात्मा के नाम पत्र लिखकर एक नई सकारात्मक जीवन यात्रा की शुरुआत का संकल्प लिया। इस विशेष योग साधना कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। प्रमुख उपस्थित अतिथियों में जिला उपभोक्ता फोरम अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडे, चार्टर्ड अकाउंटेंट विनोद बांका, व्यवसायी संजय अग्रवाल, फाइनेंस एडवाइजर अशोक साहेवाल व ब्रह्माकुमारी परिवार के बीके ममता, आदि सम्मिलित रहे।

## नर्सिंग कॉलेज में नैतिकता व सेवा भाव पर विशेष सत्र



राजयोगिनी शांति दीदी के मार्गदर्शन में नर्सिंग कौशल कॉलेज गुमला में भी एक प्रेरणादायक सत्र का आयोजन हुआ। प्रो. डॉ. राजेश अरोड़ा ने "नर्सिंग सेवा में नैतिक मूल्य और भावनात्मक स्थिरता" विषय पर छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि - "मरीजों की सेवा खुशी और समर्पण से होनी चाहिए। एक खुश और संतुलित नर्स ही रोगी को आत्मबल दे सकती है।" सत्र में छात्राओं को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराते हुए भावनात्मक स्थिरता और सकारात्मक संवाद की वैज्ञानिक महत्ता समझाई गई।

## निःशुल्क एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन

**सिसई।** प्रसाद आयुर्वेद क्लिनिक कुदरा मोड़ सिसई के तत्वाधान में रांची से आए आयुर्वेदाचार्य डॉक्टर एल. बी. प्रसाद एवं फार्मासिस्ट उदय कुमार कुशवाहा के सानिध्य में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन शुक्रवार को लरंगो बाजार में किया गया। जिसमें लगभग 150 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। गंभीर बिमारियों जैसे हाई ब्लड प्रेशर, शुगर, किडनी, स्किन रोग, बवासीर एवं भगंदर की प्रमुखता से जांच प्रतिपादित किया गया। मरीज के बिमारी एवं बीमारी की अवस्था के अनुसार खान-पान रहन-सहन दिनचर्या एवं औषधीय के प्रारूप के मुताबिक सेवन हेतु मार्गदर्शन दिया गया जिससे कि बीमार व्यक्ति संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ ले सके।

# न्यूज बॉक्स

## राज्यपाल संतोष गंगवार से पद्मश्री अशोक भगत की शिष्टाचार भेंट



**गुमला।** झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से पद्मश्री अशोक भगत ने राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को विकास भारती बिशुनपुर, गुमला के केंद्रीय मुख्यालय का भ्रमण करने के लिए औपचारिक निमंत्रण सौंपा, जिसे राज्यपाल ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। हालांकि, उनके बिशुनपुर दौरे की आधिकारिक तिथि की घोषणा फिलहाल नहीं की गई है, लेकिन विकास भारती संस्था ने राज्यपाल के संभावित आगमन को लेकर तैयारियाँ प्रारंभ कर दी हैं। बताते चलें कि पद्मश्री अशोक भगत द्वारा संचालित विकास भारती संस्था लंबे समय से गुमला समेत झारखंड के ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और आदिवासी सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। राज्यपाल के संभावित दौरे को संस्था के लिए सम्मान और प्रेरणा के रूप में देखा जा रहा है।

## दिल्ली में इलाज के दौरान शिक्षिका तबस्सुम आरा का निधन, शोक



**गुमला।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय, गुमला की सहायक अध्यापिका तबस्सुम आरा का असमय निधन दिल्ली में इलाज के दौरान हो गया। वे बीते कुछ समय से अस्वस्थ थीं और बेहतर इलाज के लिए दिल्ली भेजी गई थीं। मात्र 40 वर्ष की आयु में उनका यूँ अचानक जाना विद्यालय परिवार, छात्र समुदाय और शिक्षकों के लिए अपूरणीय क्षति है। विद्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर शिक्षकों, कर्मचारियों और सेवानिवृत्त शिक्षकों ने नम आँखों से उन्हें याद किया। प्रभारी प्रधानाध्यापिका नीरू कुमारी ने उन्हें अत्यंत उत्तरदायी, कर्मठ और आत्मीय शिक्षिका बताते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति विद्यालय के संचालन की आत्मा थी। सेवानिवृत्त शिक्षक मोहम्मद जलील ने भावुक होकर कहा, "हमने एक शिक्षक नहीं, एक संवेदनशील आत्मा को खोया है।" वहीं शिक्षक संजय शर्मा ने उन्हें बच्चों की मुस्कान, उनकी संरक्षक और एक आदर्श मार्गदर्शक बताया।श्रद्धांजलि सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। तबस्सुम आरा अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गई हैं। विद्यालय परिवार इस कठिन समय में परिजनों के साथ खड़ा है और हरसंभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है।

## युवती के लापता होने पर पिता ने पुलिस प्रशासन से खोजबीन करने की लगाई गुहार

**सिसई (गुमला)।** सिसई थाना क्षेत्र के पिलखी गांव निवासी विन्देश्वर महतो ने शुक्रवार को सिसई थाना में आवेदन देकर अपनी बेटी राधिका कुमारी को खोजबीन करने की गुहार लगाई है। दर्ज आवेदन में विन्देश्वर महतो ने कहा है कि मेरी 20 वर्षीय बेटी राधिका कुमारी पिछले 20 अप्रैल की शाम को घर से बिना बताए कहीं चली गई है। जिसके बाद हमलोग अपने स्तर से रिश्तेदारों में काफी खोजबीन किए। इसी दौरान पता चला कि गुमला के चट्टी निवासी अनल लकड़ा के साथ कहीं चली गई है। मालूम हो कि अनल लकड़ा पिछले काफी दिनों से सिसई के रोशनपुर स्कूल के पिछे मेरी मिंज के घर पर किराये पर अपनी मां के साथ रहता था। जहां से अनल लकड़ा ने मेरे बेटी राधिका कुमारी को बहला-फुसलाकर कर कहीं भगा ले गया है। इस पर विन्देश्वर महतो ने सिसई थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करते हुए प्रशासन से अपनी बेटी की खोजबीन करने की गुहार लगाई है।

## युवक की करंट लगने से मौत, खेत में मोटर से पानी पटाते समय हुआ हादसा

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के छतरपुर गांव में एक 22 वर्षीय युवक की बिजली के झटके से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब युवक अपने खेत में लगे इलेक्ट्रिक मोटर से पानी पटा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, लिम्मन कुजूर पिता- पीटर कुजूर, उम्र 22 वर्ष अपने खेत में सिंचाई का कार्य कर रहा था। इसी दौरान इलेक्ट्रिक मोटर में शॉर्ट सर्किट हो गया और लिम्मन उसकी चपेट में आ गया। उसकी पत्नी ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसे भी बार-बार करंट के झटके लगे। इसके बाद वह दौड़कर घर गई और मुख्य बिजली आपूर्ति काट दी। बिजली आपूर्ति बंद होने पर युवक अचेत हो गया। उसे तत्काल चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। हालांकि, इलाज के दौरान ही लिम्मन कुजूर ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना के जवान मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

## मड़ईकोना में कुएं में गिरने से वृद्धा की मौत

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़ईकोना गांव में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ घर के पास एक कुएं में गिरने से 82 वर्षीय वृद्ध महिला ब्रिजिट टोप्पो पति स्व. बर्थोलोमी टोप्पो की मौत हो गई। इस दुखद घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार, ब्रिजिट टोप्पो, जो लंबे समय से बीमार चल रही थीं, अक्सर घर के बगल के मैदान में टहलने जाया करती थीं। शनिवार शाम को भी वह इसी क्रम में घर के पास स्थित एक कुएं में जा गिरीं।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविरों का आयोजन



**गुमला।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में संचालित "धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान" के अंतर्गत गुमला जिले में विशेष जागरूकता एवं योजना-संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित इन शिविरों में बड़ी संख्या में स्थानीय जनजातीय समुदाय के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविरों का उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना, पात्र लाभुकों की पहचान कर उन्हें त्वरित लाभ दिलाना तथा योजनाओं की पहुँच को अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करना रहा। इन शिविरों में पीएम आवास योजना, आयुष्मान भारत, वन अधिकार अधिनियम, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कृषि, उद्यानिकी, आजीविका मिशन जैसी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर ही कई लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया और समस्याओं का समाधान किया गया। संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने सहभागिता निभाते हुए जनजातीय समुदाय को योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया। जिला प्रशासन द्वारा यह अभियान 15 जून से 30 जून, 2025 तक चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य है — जनजातीय ग्रामों में शत-प्रतिशत योजना संतृप्ति एवं जागरूकता का सृजन। इस अभियान को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक माहौल देखने को मिल रहा है और जनजातीय समुदाय में सरकारी योजनाओं को लेकर विश्वास बढ़ा है।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मेरे मन का राज्य अज्ञान से मलिन है। प्रभु! मुझे आशीर्वाद दें कि आत्मानुशासन के सतत प्रयासों की निरंतर वर्षा द्वारा मैं अपनी आध्यात्मिक लापरवाही के नगरों से, अज्ञान के प्राचीन मलबे को हटाने में समर्थ बन सकूँ। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**


## संपादकीय

# अतुलनीय हैं पिता

पिता होना एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। अमूमन मांएं घर पर रहकर बच्चों की देखभाल करती ही हैं, पिता भी घर पर रहकर अपने बच्चों की परवरिश करना चाहते हैं, लेकिन अक्सर यह आर्थिक रूप से व्यवहार्य नहीं होता है। अमेरिका में प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा किए गए अध्ययन में 48 प्रतिशत पिताओं और 52 प्रतिशत माताओं ने कहा कि वे अपने बच्चों के साथ घर पर रहना पसंद करते हैं। वैश्विक स्तर पर, पितृत्व अवकाश परिवारों में पिताओं की भागीदारी को बढ़ा सकता है और इससे बच्चों, स्वयं पिता, अर्थव्यवस्था और समाज को लाभ होता है। माताएं घर के बाहर कितना काम करेंगी, इसे कई कारक प्रभावित करते हैं, लेकिन इनमें से एक महत्वपूर्ण कारक है परिवार में पिता की भूमिका। आजीविका कमाने वाले बेहद पारंपरिक दृष्टिकोण वाले पिता अक्सर ज्यादा देर तक काम करते हैं, जिससे परिवार और काम को लेकर तनाव हो सकता है। जब माता और पिता परिवार में मिलकर बच्चों की परवरिश करते हैं, तो माताएं अक्सर बच्चों को घर पर छोड़कर काम पर जाने में तब अधिक सहज महसूस करती हैं, जब पिता सक्रिय रूप से बच्चों के साथ जुड़े होते हैं, और तभी वह पिता पर एक साथी और देखभालकर्ता के रूप में भरोसा करती है। माता-पिता को यह तय करना होगा कि उनके परिवार के लिए क्या सबसे अच्छा है। किफायती और सुलभ बाल देखभाल परिवार के इस निर्णय के लिए महत्वपूर्ण है कि माता-पिता घर से बाहर काम करेंगे या नहीं। एक सर्वेक्षण में ज्यादातर पिता (90 प्रतिशत) बताते हैं कि बच्चों का पालन-पोषण करना उनके लिए सबसे बड़ी खुशी है। पिता बच्चों को अनोखे और विविध अनुभव प्रदान करते हैं, और बच्चों के दीर्घकालिक विकास को प्रभावित करते हैं। एक सक्रिय पिता अधिक खुश और स्वस्थ रहते हैं तथा भावी पीढ़ियों को इससे परिवार में भागीदारी और लैंगिक समानता की सीख भी मिलती है। जब पिता अपने छोटे बच्चों के जीवन में शामिल होते हैं, तो बेटियों की कॅरिअर संबंधी आकांक्षाएं अधिक होती हैं तथा उनके बेटों के अच्छे जीवन साथी बनने की संभावना अधिक होती है। यदि बच्चों की देखभाल और प्रारंभिक शिक्षा में माता-पिता दोनों की भूमिका हो, तो यह बच्चों के लिए बहुत लाभकारी होगा। लेकिन अक्सर पुरुष खुद को मुख्य कमाने वाले के रूप में मानने के लिए समर्पित होते हैं। बच्चों के प्रारंभिक शिक्षक के रूप में काम करने का जोखिम नहीं उठा सकते। हमारे बच्चे ऐसी दुनिया में सही ढंग से बड़े नहीं हो सकते, जहां केवल मां ही उनका पालन-पोषण करें। बच्चों को माता-पिता, दोनों की जरूरत होती है, चाहे वह घर हो या प्रारंभिक शिक्षा या देखभाल। पिता को घर का मुखिया या अभिभावक अपने आप बनना पड़ता है क्योंकि अब एकल परिवारों का चलन है और वोट बैंक की राजनीति ने सरकारी नौकरियों के अलावा व्यापार को बुरी तरह प्रभावित किया है। वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा ने कॉरपोरेट संस्कृति को बढ़ावा दिया है जिससे पारंपरिक क्षेत्रीय राजनीति करने वाले राज्य पिछड़ गए और उच्च शिक्षित युवा लगातार पलायन करने को मजबूर हो गए और एकल परिवारों की संख्या बढ़ती चली गई। अनेक ऐसे परिवारों में बच्चों की देखभाल एक बड़ी समस्या बनती गई जिससे कई लोगों ने एक बच्चे के बाद रोक लगा दी। बहुत से परिवारों में आधुनिकता की दौड़ करियर में व्यस्तता और नशे ने बर्बादी की कहानियां लिखीं जिसमें बूढ़े पिता या माता की उपेक्षा भी शामिल है।

*आजीविका कमाने वाले बेहद पारंपरिक दृष्टिकोण वाले पिता अक्सर ज्यादा देर तक काम करते हैं, जिससे परिवार और काम को लेकर तनाव हो सकता है।*

# भारत के तकनीकी वस्त्र उद्योग ने बदली तस्वीर



कुछ साल पहले तकनीकी वस्त्रों का दायरा सीमित था जिसमें कम निवेश किया जाता था और आयात पर निर्भरता बहुत थी पर आज यह भारत के औद्योगिक परिवर्तन के केंद्र में है। यह बदलाव आकस्मिक नहीं है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के अनुरूप अपनाई गई रणनीति, नीतिगत दूरदर्शिता और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का परिणाम है। चाहे कोविड-19 संकट के दौरान पीपीई उत्पादन को बढ़ाना हो, स्वदेशी सुरक्षात्मक गियर के साथ सशस्त्र बलों को सुसज्जित करना हो या ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई के लिए महत्वपूर्ण सामग्रियों की आपूर्ति करना हो, तकनीकी वस्त्रों ने राष्ट्रीय तैयारियों और औद्योगिक प्रगति के कारक के रूप में अपनी भूमिका का प्रदर्शन किया है। राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) की समीक्षा बैठक के दौरान इसरो के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ ने कार्बन फाइबर, अल्ट्रा-हाई मॉलिक्यूलर वेट पॉलीइथिलीन और नायलॉन 66 जैसे उच्च प्रदर्शन वाले एयरोस्पेस अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक सामग्री की बढ़ती आवश्यकता को रेखांकित किया। हाल ही में हमारे सशस्त्र बलों द्वारा संचालित ऑपरेशन सिंदूर में सुरक्षात्मक कपड़ों और बैलिस्टिक गियर से लेकर छलावरण वाले कपड़ों और रासायनिक-जैविक सुरक्षा सूट तक तकनीकी वस्त्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चूंकि हमने घरेलू क्षमता निर्माण में जल्दी निवेश करना शुरू कर दिया था, इसलिए आज हम अपने रक्षा क्षेत्र को न केवल जनशक्ति के साथ, बल्कि वैश्विक मानकों को पूरा करने वाली सामग्री के साथ मदद पहुंचाने में सक्षम हैं, जिसे भारतीय धरती पर विकसित और निर्मित किया गया है।तकनीकी वस्त्र वे विशेष प्रकार के कपड़े होते हैं, जो सौंदर्य की बजाय कार्यक्षमता के लिए बनाए जाते हैं जिन्हें अक्सर जीवन रक्षक या महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के तहत कार्य करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इनमें बुलेट-प्रतिरोधी जैकेट, अग्निरोधी वर्दी, सर्जिकल गाउन, किसानों के लिए एंटी-बैक्टीरियल शीट, सड़क-सुदृढ़ीकरण जियो-ग्रिड और बहुत कुछ शामिल हैं। यह क्षेत्र जियोटेक, मेडिटेक, प्रोटेक, एग्रोटेक और बिल्डटेक सहित 12 प्रमुख खंडों में फैला हुआ है। 2024 तक, भारत के तकनीकी वस्त्र बाजार का मूल्य 26 बिलियन अमरीकी डॉलर था। हम 2030 तक 40-45 बिलियन अमरीकी डॉलर को छूने की राह पर हैं, जो 10-12 प्रतिशत की आकर्षक वार्षिक दर से बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर तकनीकी वस्त्र, कुल कपड़ा उत्पादन का लगभग 27 प्रतिशत है जबकि भारत में यह आंकड़ा केवल 11 प्रतिशत है। हालांकि सही दिशा में प्रयास करने से हम इस अंतर को तेज़ी से कम कर रहे हैं।इस क्षेत्र की वास्तविक क्षमता को उजागर करने के लिए, भारत सरकार ने दो प्रमुख पहलों- राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) और वस्त्रों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के माध्यम से कुल 12,000 करोड़ रुपए का परिव्यय किया है। ये कार्यक्रम अलग-अलग काम करने के बजाय, साथ मिलकर, भारत को तकनीकी वस्त्रों के एक वैश्विक केंद्र के रूप में बदल रहे हैं।एनटीटीएम के तहत, हम अनुसंधान और नवाचार में केंद्रित निवेश को बढ़ावा दे रहे हैं। 510 करोड़ रुपए की सरकारी मदद के साथ कुल 168 उच्च-प्रभाव वाली परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनमें से कई पहले ही प्रयोगशाला से बाजार में आ चुकी हैं जिनमें फायर एंट्री सूट का विकास और भू-वस्त्रों के लिए परिपत्र बुनाई तकनीक शामिल हैं। आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण से प्रेरित, राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन नवाचार और कौशल विकास के लिए मजबूत नींव रख रहा है। वहीं 17 स्टार्टअप को ग्रेट (तकनीकी वस्त्रों में महत्वाकांक्षी नवप्रवर्तकों के लिए अनुसंधान और उद्यमिता के लिए अनुदान) योजना के तहत सहायता मिली है। 2,000 से अधिक छात्र 41 शीर्ष संस्थानों में तकनीकी वस्त्र पाठ्यक्रम कर रहे हैं जो 16 उद्योग-आधारित कौशल मॉड्यूल द्वारा समर्थित हैं और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल को आकार दे रहे हैं।मुख्य स्तंभ के रूप में बाजार विकास के साथ, एनटीटीएम घरेलू स्तर पर अपनाने के साथ-साथ वैश्विक पहुंच का भी विस्तार कर रहा है। स्वास्थ्य सेवा, कृषि, बुनियादी ढांचे और रक्षा जैसे क्षेत्रों में 73 तकनीकी वस्त्र सामग्रियों के अनिवार्य उपयोग ने उन्हें सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में एकीकृत किया है।इस बीच, कुल मिलाकर मानव निर्मित कपड़ा निर्यात 2020-21 में 4.2 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 5.3 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। वहीं आयात में कमी से बढ़ती आत्मनिर्भरता और प्रतिस्पर्धात्मकता का संकेत मिलता है।जो लोग लक्ष्य से अधिक प्रदर्शन करते हैं, उन्हें आगे बढ़ने और देश के रोजगार परिदृश्य को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यही सिद्धांत अब उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के माध्यम से हमारी औद्योगिक नीति को दर्शाता है। जहां एनटीटीएम अनुसंधान, शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से नींव रखता है, पीएलआई योजना विकास को गति दे रही है।योजना के तहत चयनित 80 कंपनियों में से आधे से अधिक (ठीक 56.75 प्रतिशत) तकनीकी वस्त्र के क्षेत्र में काम कर रही हैं। यह उद्योग के आत्मविश्वास का एक मजबूत संकेतक है। इस समर्थन की बदौलत, हमने 7,343 करोड़ रुपए का नया निवेश देखा है जिससे 4,648 करोड़ रुपए का प्रभावशाली कारोबार और 538 करोड़ रुपए का निर्यात हुआ है। घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देकर, यह योजना भारत को चीन, वियतनाम और बांग्लादेश जैसे अग्रणी वैश्विक कपड़ा निर्यातकों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार कर रही है।हमारी संयुक्त पहलों का असर पहले से ही दिखाई दे रहा है। तकनीकी वस्त्रों के लिए भारत का घरेलू बाजार 10 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में निर्यात 2.9 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा।मार्च 2025 तक, हमने 5,218 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित किया है और 8,500 से अधिक लोगों के लिए रोजगार सृजित किया है। अकेले तकनीकी वस्त्रों ने 3,242 करोड़ रुपए का कारोबार किया है जिसमें 217 करोड़ रुपए का निर्यात शामिल है। ये आंकड़े सिर्फ संख्याएं नहीं हैं, यह इस बात का प्रमाण है कि हमारी रणनीति काम कर रही है।स्थिरता और चक्रीयता भारत की तकनीकी वस्त्र रणनीति के केंद्र में हैं।जूट, भांग, रेमी, कपास, रेशम और यहां तक कि मिल्कवीड जैसे प्राकृतिक रेशों को उच्च-प्रदर्शन अनुप्रयोगों के लिए फिर से तैयार किया जा रहा है, जो पर्यावरण को लाभ पहुंचाते हुए हमारे किसानों और उद्योगों को सशक्त बना रहे हैं।प्रकृति-आधारित समाधान, शक्तिशाली उपाय के रूप में उभर रहे हैं जो पारंपरिक रेशों के साथ नवाचार को मिलाते हैं। उदाहरण के लिए, कश्मीरी पश्मीना से निकलने वाले कचरे का उपयोग अब इंसुलेशन बनाने में किया जाता है, कपास और रेशम का उपयोग घाव की ड्रेसिंग और ऊतक इंजीनियरिंग में किया जा रहा है और रेशम का उपयोग 3डी प्रिंटिंग में किया जा रहा है।

आज की बात



**गिरिराज सिंह**
केंद्रीय कपड़ा मंत्री

## निस्वार्थ भाव से किया गया कर्म ईश्वर को प्रिय है : स्वामी प्रज्ञानन्द

रांची स्थित योगदा सत्संग आश्रम के श्रवणालय में आयोजित सत्संग को संबोधित करते हुए स्वामी प्रज्ञानन्द ने योगदा भक्तों के बीच में श्रीमद्भगवद्गीता के आठवें अध्याय पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए ब्रह्म, अध्यात्म और कर्म से संबंधित विषयों पर अर्जुन द्वारा भगवान कृष्ण से पूछे गये प्रश्नों के उत्तरों की विस्तृत चर्चा की, जिससे योगदा भक्त स्वयं को श्रीमद्भगवद्गीता के इस आठवें अध्याय में भगवान कृष्ण द्वारा बताये गये उत्तरों से लाभान्वित किया।स्वामी प्रज्ञानन्द ने श्रीमद्भगवद्गीता को उद्धृत करते हुए कहा कि अर्जुन ने भगवान श्रीकृष्ण से पूछा था कि प्रभु आप बताएं कि ब्रह्म क्या है? अध्यात्म क्या है? कर्म क्या है? अधिभूत क्या है? अधिदैव किसको कहा जाता है? अधियज्ञ कौन है? यह इस शरीर में कैसे है? तथा आप पुरुषों द्वारा अंत समय में किस प्रकार जानने में आते हैं? स्वामी प्रज्ञानन्द जी ने गीता में छुपे हुए इन प्रश्नों के उत्तर को बड़े ही सारगर्भित ढंग से योगदा भक्तों के बीच रखा और इन सारे प्रश्नों के उत्तर परमहंस योगानन्द जी द्वारा बताये गये दृष्टांतों के साथ योगदा भक्तों के बीच में सरल भाषा में रख दी। उन्होंने कहा कि जिसे ब्रह्म कहा गया है, दरअसल वो परम अक्षर ॐ ही ब्रह्म है। अर्थात् वो सत्+चित्त्+आनन्द अर्थात् सच्चिदानन्द है। वो सभी प्राणियों में व्याप्त और अविनाशी तत्व है, जिससे सभी की उत्पत्ति सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने अर्जुन को बताया था कि जो जीवात्मा है, वो ही अध्यात्म है और भूतों के भाव को उत्पन्न करनेवाला जो त्याग है, उसका नाम कर्म है। उन्होंने गीता के श्लोकों को उद्धृत करते हुए कहा कि उत्पति और विनाश धर्मवाले सारे पदार्थ अधिभूत और जिसे शास्त्रों में प्रजापति, ब्रह्मा, सूत्रात्मा, हिरण्यगर्भ आदि नामों से पुकारा गया है, वो हिरण्मयपुरुष ही अधिदैव है और जिसे अधियज्ञ कहा गया है, वो मैं ही हूं। स्वामी प्रज्ञानन्द ने कहा कि जो व्यक्ति जीवन के अंतकाल में ईश्वर को स्मरण करते हुए देह त्यागता है, भगवान कृष्ण कहते हैं कि वो उनके ही स्वरूप को प्राप्त होता है, इसमें कोई संशय नहीं है, पर ये इतना आसान भी नहीं हैं कि कोई व्यक्ति देह त्याग के समय मेरे स्वरूप को याद करते हुए मेरा नाम ले ही लें। उन्होंने कहा कि कोई अच्छा है या बुरा, इसके लिए कोई दूसरा जिम्मेवार नहीं, उसके लिए वो खुद जिम्मेवार है। क्योंकि कर्म हमारे जीवन को हमेशा प्रभावित करता है, चाहे हम जितना भी जन्म क्यों न लें। निस्वार्थ भाव से ईश्वर को समर्पित किया गया कर्म ही ईश्वर को सदैव प्रिय है। ठीक उसी प्रकार जब हम कोई किसी यज्ञ में कोई किसी देवता के लिए आहुति देते हैं तो उस समय जो मंत्र प्रयोग करते हैं। उस मंत्र में भी यही निहित होता है कि ये जो आहुति हम दे रहे हैं, वो सिर्फ और सिर्फ आपके लिए हैं, न कि मेरे लिए। जैसे ओम् इन्द्राय स्वाहा, इदं इन्द्राय नमम्। स्वामी प्रज्ञानन्द ने कहा कि कर्म का अर्थ है आत्मा के स्वरूप को जानते हुए सांसारिक इच्छाओं से खुद को मुक्त कर देना। जो भी व्यक्ति प्रयाण काल के समय ओम् शब्द का जप करता है, ईश्वर का स्मरण करता है, वो जीवन और मृत्यु के चक्र से सदा के लिए मुक्त होकर मोक्ष को पा जाता है। स्वामी प्रज्ञानन्द ये भी कहा कि ईश्वर सर्वज्ञ, सूक्ष्मतम से भी सूक्ष्म, सभी के आधार और अचिन्त्य दिव्य स्वरूपवाले है, वे सूर्य से भी अधिक तेजस्वी तथा अंधकार से परे हैं, जो भी व्यक्ति मृत्यु के समय योगाभ्यास द्वारा प्राप्त स्थिर मन से अपने प्राणों को कूटस्थ पर एकाग्रकरके भक्तिपूर्वक भगवान का स्मरण करता है, वह अवश्य ही भगवान को प्राप्त करता है। जो भी व्यक्ति ओम् अक्षर का जप करते हुए शरीर से प्रस्थान करेगा, वो मोक्ष को प्राप्त करेगा। भगवान कृष्ण के शब्दों में जब वो हमारे शरण में आयेगा तो उसे पुनर्जन्म लेना नहीं पड़ेगा, वो परम सिद्धि को प्राप्त कर लेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**कृष्ण बिहारी मिश्र**

# गुरु अर्जुन देव : वो शौर्य जो जलाया गया, मगर बुझा नहीं

16 जून: गुरु अर्जुन देव जी की शहादत

इतिहास के कुछ क्षण ऐसे होते हैं, जो समय की धारा को मोड़ देते हैं-वे न केवल एक व्यक्ति या समुदाय की कहानी कहते हैं, बल्कि मानवता की चेतना को नया आयाम देते हैं। 16 जून 1606 का दिन ऐसा ही एक अनश्वर क्षण है, जब सिक्ख धर्म के पंचम गुरु, गुरु अर्जुन देव जी ने अपने प्राणों की आहुति देकर धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा का ऐसा दीप प्रज्वलित किया, जो आज भी अन्याय के अंधेरों को चीरता है। उनका बलिदान केवल सिक्ख इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि समूची सभ्यता के लिए एक प्रकाशस्तंभ है, जो आज भी हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, सहिष्णुता अपनाने और सत्य के लिए जीने की प्रेरणा देता है। गुरु अर्जुन देव जी का बलिदान एक ऐसी ज्योति है, जो हर उस हृदय में जलती है, जो अन्याय के सामने झुकने से इनकार करता है। गुरु अर्जुन देव जी का जन्म 15 अप्रैल 1563 को गोइंदवाल, पंजाब में हुआ। चौथे गुरु, गुरु रामदास जी और माता भानी के पुत्र, वे बचपन से ही असाधारण बुद्धिमत्ता और आध्यात्मिकता के धनी थे। 18 वर्ष की आयु में, 1581 में, उन्होंने गुरु गद्दी संभाली और अगले 25 वर्षों तक सिक्ख धर्म को न केवल एक आध्यात्मिक शक्ति बनाया, बल्कि इसे सामाजिक समानता और मानव कल्याण का प्रतीक भी बनाया। उनके नेतृत्व में सिक्ख समुदाय ने संगठित रूप लिया, और उनके कार्यों ने न केवल सिक्ख धर्म, बल्कि समूचे भारतीय समाज को एक नई दिशा दी। गुरु अर्जुन देव जी के योगदान इतने व्यापक हैं कि उन्हें केवल एक धार्मिक गुरु कहना उनके व्यक्तित्व को सीमित करना होगा। उनके योगदानों में सबसे उल्लेखनीय है श्री हरिमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) की स्थापना। 1588 में शुरू और 1604 में पूर्ण हुआ यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि विश्व में धार्मिक समन्वय और समानता का प्रतीक बन गया। इसके चारों ओर बने चार द्वार इस संदेश को गूंजाते हैं कि ईश्वर का घर हर धर्म, हर जाति और हर वर्ग के लिए खुला है। यह उस समय के लिए एक क्रांतिकारी विचार था, जब धार्मिक और सामाजिक भेदभाव चरम पर थे। गुरु जी की दूरदर्शिता ने स्वर्ण मंदिर को न केवल सिक्खों का पवित्र तीर्थ बनाया, बल्कि इसे मानवता की एकता का जीवंत प्रतीक भी बनाया। उनका दूसरा महान योगदान है 'आदि ग्रंथ' का संकलन, जिसे बाद में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के रूप में पूजा गया। 1604 में पूर्ण हुए इस ग्रंथ में गुरु अर्जुन देव जी ने न केवल सिक्ख गुरुओं की वाणी को संकलित किया, बल्कि हिंदू संतों जैसे कबीर, रविदास, नामदेव और मुस्लिम संतों जैसे बाबा फरीद की रचनाओं को भी शामिल किया। स्वयं गुरु जी ने इसमें 2,218 शबद और श्लोक लिखे, जो भक्ति, प्रेम, और मानवता के उच्च आदर्शों को दर्शाते हैं। यह ग्रंथ केवल धार्मिक लेखन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकता का एक अनुपम दस्तावेज है। आदि ग्रंथ ने धार्मिक कट्टरता को चुनौती दी और सहिष्णुता का संदेश विश्व तक पहुंचाया। गुरु अर्जुन देव जी का बढ़ता प्रभाव और उनकी लोकप्रियता मुगल शासक जहांगीर के लिए असहनीय थी। 'तुजुक-ए-जहांगीरी' में जहांगीर ने स्वीकार किया कि गुरु जी का प्रभाव हिंदुओं और मुसलमानों में इतना बढ़ गया था कि वह शासन के लिए खतरा बन सकता था। इसके अतिरिक्त, गुरु जी ने जहांगीर के विद्रोही पुत्र खुसरो को आशीर्वाद दिया, जिसे शासक ने राजद्रोह माना। इन कारणों से 1606 में लाहौर में गुरु जी को गिरफ्तार किया गया। उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया, पर गुरु जी ने अपने सिद्धांतों पर अडिग रहते हुए इसे ठुकरा दिया। इसके बाद शुरू हुआ यातनाओं का वह अमानवीय सिलसिला, जो मानव इतिहास में क्रूरता का प्रतीक बन गया। गुरु जी को गर्म तवे पर बैठाया गया, उनके शरीर पर खौलता पानी और गर्म रेत डाली गई। कई दिनों तक यह यातना चली, पर गुरु जी का आत्मबल अटल रहा। उनके चेहरे पर न दर्द की शिकन थी, न ही क्रोध का भाव। उनकी शांति और साहस ने उनके यातना देने वालों को भी हतप्रभ कर दिया। 16 जून 1606 को, रावी नदी के तट पर स्नान करते हुए उन्होंने अपने शरीर को त्याग दिया और अमरता को प्राप्त किया। यह सिक्ख इतिहास की पहली शहादत थी, जिसने न केवल सिक्ख समुदाय को एक नई दिशा दी, बल्कि विश्व को सत्य के लिए बलिदान की शक्ति दिखाई। गुरु अर्जुन देव जी की शहादत केवल एक धार्मिक घटना नहीं थी; यह मानवाधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और आध्यात्मिक साहस का सर्वोच्च उदाहरण थी। उन्होंने सिखाया कि सच्चा धर्म वह नहीं जो डराता है, बल्कि वह जो प्रेम, करुणा और साहस सिखाता है। उनकी शहादत ने सिक्ख धर्म में 'मिरी-पीरी' के सिद्धांत को जन्म दिया, जिसके तहत आध्यात्मिकता और सामाजिक जिम्मेदारी का समन्वय हुआ। इस बलिदान ने छठे गुरु, गुरु हरगोबिंद साहिब जी को सिक्खों को सैन्य शक्ति के रूप में संगठित करने की प्रेरणा दी, ताकि वे अन्याय का मुकाबला कर सकें। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आध्यात्म की बात



**प्रो. आरके जैन**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

अच्छी खासी चल रही थी जीवन की नाव।
पता नहीं फिर क्या हुआ, कूदे ले असबाव।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए


समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# खुद गुड़गुड़े का बंद हो चुका है हुक्का पानी!

मनुष्य के जन्म को लेकर कई तरह के विवाद हैं। एक विवाद तो यह है कि हमारी तमाम प्रजातियों का उद्भव एक ही जगह से हुआ है या भिन्न भिन्न जगहों से इसका अस्तित्व सामने आया है। ऐसा तब है जबकि मनुष्य के किसी भी जाति,वर्ग या नस्ल के पास शत प्रतिशत मौलिक होने का कोई पुख्ता सबूत नहीं है। हम अपनी आदतों, व्यवहार, रूचि, क्षेत्रीय प्रभाव व तत्संबंधी सामाजिक तथ्यों को आधार बनाकर इस विवाद का समाधान ढूंढने लगते हैं और इस कुंठा में एक पूरी आबादी को अति पिछड़ा घोषित करने में जुटे रहते हैं। ऐसा तब है जबकि धरती में यदि किसी भी प्रजाति के पास मौलिक होने का कोई पुख्ता इंतजाम है तो वह केवल सीमांत आबादी के तौर पर चिन्हित पिछड़ेपन पास ही है। संदर्भवश इस सीमांत क्षेत्र के विशेषताओं की चर्चा यहां प्रासांगिक है क्योंकि यह वही क्षेत्रीय आबादी है जहां की मेहमाननवाजी,आदत व रीति रिवाज आदि आज के भौतिक युग में भी नजीर बने हुए हैं। अपनी स्मरण शक्ति पर थोड़ा जोर डालें तो इस बात को लेकर मन रोमांचित हुए बिना नहीं रहेगा कि कैसे कल तक कांसा लोटे के जल से कांसे की थाली में पैर धोने की रस्म अदायगी एक सामान्य सी बात हुआ करती थी। दरअसल यह केवल शुरुआत थी क्योंकि अभी जलपान या भोजन के बाद चुना व खैनी के साथ दुआ सलामती का दौर बाकी थी। इसी तरह महिला मेहमाननवाजी में गुड़गुड़ा के गुड़गुड़ाहट की आवाज को भी कतई नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यहां तक कि गांव के अंतिम ओसारे को भी यह पता था कि यह वही "गुड़गुड़ा" है जिसे आमतौर पर हम "हुक्का" के तौर पर जानते हैं। इस संदर्भ के संबंध देखें तो "हुक्का" और "गुड़गुड़ा" में पर्याप्त अंतर नजर आ जाता है क्योंकि नारियल के कठोर कवच में पानी भरकर जलते अंगारों वाले चीलम से लैस "गुड़गुड़ा" में कभी भी "हुक्का पानी बंद" जैसा कोई विकल्प यहां नहीं हुआ करता। पंचायत, शादी विवाह, स्वागत आदि तमाम अवसरों के इस गुड़गुड़े में मौलिकता का दर्शन इतने भर में ही सीमित नहीं था। किंवदंतियों की मानें तो हल चलाते समय जुतहा बैलों को आराम देने की नीयत से ही परमेश्वर ने मनुष्य को खैनी का उपहार दिया है। उपहार इसलिए कि इस खैनी के लालच में हरवाहे व चरवाहे के पैर थमेंगे तभी तो बैल को आराम मिल सकेगा! इसे आप खैनी की आदत से मजबूर स्थानीय लोगों की फितरत या गप्प कह खारिज कर सकते हैं परन्तु इससे कतई इनकार नहीं कर सकते कि इस एक बहाने आदर, सामाजिक समरसता, बैलों व कृषि कार्य के प्रति श्रद्धा व सहयोग आदि की भावना यहां के सामाजिक संस्कृति में अनादि काल तक नजर आता रहा। इस संस्कृति का एक कमाल यह भी था कि कालांतर में यहां की महिलाओं ने खैनी का परिमार्जन करते हुए "पीनी गुड़ाखू" से लैस "गुड़गुड़ा" का सृजन कर इसे अनंतकाल तक सामाजिक समरसता का टूलकीट बनाए रखा। हाल के कुछ दशकों के दौरान आए तमाम शोधों के उपरांत खैनी या इसके तमाम उत्पादों को स्वस्थ्य की दृष्टि से निकृष्ट मान लिया गया है। नतीजा सामने है और इस नवजागरण काल का भरपूर प्रभाव यहां भी देखने को मिल रहा है। परिणाम सामने है जबकि अपने परिवार के अंदर गोल परिधि में बैठकर गुड़गुड़ा पीने वाला समय आज अपने दैनिक जीवन में सामाजिक सामंजस्यता के इस आवाज को लगभग बहिष्कृत करते हुए खुद इसका हुक्का पानी बंद कर चुका है। बेशक यह एक अच्छा सा परिवर्तन है परन्तु जब हम खुद के सामाजिक सामंजस्य से संबंधित धरोहरों की ओर देखते हैं तो जो चाहिए था उसकी कीमत पर हम तम्बाकू व गुड़गुड़ा के परित्याग के साथ अपनी पहचान का भी हुक्का पानी बंद कर चुके हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



अलग बात



**केदारनाथ दास**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# काशी के रक्षक काल भैरव की अद्भुत महिमा

**एजेंसी। वाराणसी**

"वाराणस्यां भैरवो देवो, संसार भयनाशनम्। अनेक जन्म कृतं पापम्, दर्शनेन विनश्यति।" बाबा श्री काशी विश्वनाथ की नगरी काशी में कोतवाल की कुर्सी पर काल भैरव विराजमान हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, नगरी में कौन आया, कौन गया और वहां पर क्या चल रहा है? हर हिसाब-किताब बाबा के रजिस्टर में दर्ज होता है। काशी के कोतवाल (रक्षक) के रूप में काल भैरव की पूजा होती है, जिन्हें भगवान शिव का उग्र रूप माना जाता है। लेकिन, आखिर क्यों उन्हें काशी का कोतवाल कहा जाता है? पौराणिक कथाओं में इस मान्यता का उल्लेख मिलता है। स्कंद पुराण में भगवान शिव के रौद्र स्वरूप काल भैरव का उल्लेख है। काशी के ज्योतिषाचार्य और पंडित राजेंद्र पाण्डेय ने बताया, "धार्मिक मान्यता है कि काशी विश्वनाथ के दर्शन की अनुमति लेने के लिए सर्वप्रथम काशी के कोतवाल यानी काल भैरव का दर्शन करना चाहिए। दर्शन करने से कई समस्याओं से मुक्ति मिलती है। कोर्ट-कचहरी, रोग-व्याधि या अन्य किसी भी समस्या हो, बाबा का भक्ति भाव के साथ दर्शन-पूजन करने से इन समस्याओं से मुक्ति और राहत मिलती है।"



### भक्तों के पालक, पापियों के दंडक, रजिस्टर में दर्ज होता है हिसाब-किताब

धार्मिक मान्यता के अनुसार, काल भैरव की उत्पत्ति तब हुई जब भगवान ब्रह्मा और विष्णु के बीच खुद को दूसरे से ज्यादा बेहतर बताने को लेकर विवाद हुआ। क्रोधित होकर काल भैरव ने ब्रह्म देव के सिर को काट दिया, जिससे उन पर ब्रह्महत्या का दोष लग गया। यही नहीं, ब्रह्मा का एक सिर उनके हाथ से कट गया। पाप से मुक्ति पाने के लिए वह काशी पहुंचे, जहां गंगा में डुबकी लगाने से ब्रह्मा का सिर उनके हाथ से अलग हो गया। यह स्थान 'कपाल मोचन तीर्थ' के नाम से प्रसिद्ध हुआ। काल भैरव को कोतवाल इसलिए भी माना जाता है क्योंकि वे काशी में कानून-व्यवस्था बनाए रखते हैं। मान्यता है कि बिना उनकी अनुमति के कोई भी काशी में प्रवेश या निवास नहीं कर सकता। वे पापियों को दंड देते हैं और भक्तों की रक्षा करते हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर की यात्रा भी तब तक अधूरी मानी जाती है, जब तक भक्त काल भैरव के दर्शन न कर लें।

# पुरी रथ यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में, सुरक्षा व्यवस्था की हुई मॉक ड्रिल

**एजेंसी। पुरी**

विश्व प्रसिद्ध पुरी की जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। यात्रा का आयोजन 27 जून को होने जा रहा है। इसके लिए रथ तैयार हो रहा है। पुरी आने वाले मेहमानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रविवार को मॉक ड्रिल की गई।

पुरी में रथ निर्माण कार्य तेजी से अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है। तीनों रथों – नंदीघोष (भगवान जगन्नाथ), तालध्वज (बलभद्र), और देवी सुभद्रा के दर्पदलन – का निर्माण पूरी लगन और शुद्ध परंपरा के अनुसार किया जा रहा है। हाल ही में रथ की तीसरी परत (अग भुईं) को स्थापित किया गया और उसके ऊपर बड़े लकड़ी के खंभे भी लगाए जा चुके हैं। मुख्य बढ़ई (महाराणा) और उनके सहायक दिन-रात काम कर रहे हैं। रथों की लकड़ी का ढांचा, नक्काशी और सजावट बड़े ही कौशल और समर्पण से की जा रही है, ताकि वो न सिर्फ मजबूत हों, बल्कि आकर्षक भी दिखें। रथों के पहिए, धुरी और अन्य जरूरी हिस्सों को लोहे की प्लेट और बोल्ट से मजबूती से जोड़ा जा रहा है। बढ़ई कलाकार रथों पर बारीक नक्काशी और पारंपरिक चित्रों को उकेरने में लगे हैं। चित्रकार और मूर्तिकार भी काम में जुटे हैं। चित्रकार रथों पर प्राइमर कोटिंग लगा चुके हैं और अब सजावटी डिजाइनों पर काम कर रहे हैं।



### उपराष्ट्रपति धनखड़ का दो दिवसीय पुडुचेरी दौरा

# पांडिचेरी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा

**एजेंसी। पुडुचेरी**



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 16 और 17 जून को पुडुचेरी के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वह जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (जेआईपीएमईआर) और पांडिचेरी विश्वविद्यालय में प्रमुख कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

उपराष्ट्रपति 16 जून को जेआईपीएमईआर के एपीजे अब्दुल कलाम ऑडिटोरियम में 'राष्ट्र निर्माण में पर्यावरणीय स्थिरता' नामक एक विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। यह कार्यक्रम सायं 4 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा और इसका उद्देश्य सतत विकास के संबंध में संवाद और जागरूकता को बढ़ावा देना है। उपराष्ट्रपति धनखड़ जेआईपीएमईआर के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच एक संवाद सत्र भी करेंगे। यह राष्ट्रीय महत्व के मामलों पर शैक्षणिक समुदाय के साथ जुड़ने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत उपराष्ट्रपति की ओर से एक पौधा लगाना होगा। विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत की थी। यह अभियान मातृत्व को श्रद्धांजलि देते हुए पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देता है। यह पौधा उपराष्ट्रपति की मां केसरी देवी के नाम पर लगाया जाएगा।

## पूर्व सीएम विजय रुपाणी समेत अब तक 42 लोगों के डीएनए सैंपल का मिलान

**एजेंसी। अहमदाबाद**



अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद डीएनए टेस्ट के जरिए लोगों की पहचान की जा रही है। रविवार दोपहर तक पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत कुल 42 लोगों के डीएनए का मिलान हुआ। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने खुद इसकी जानकारी दी। राज्य के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने दोपहर एक बजे तक के आंकड़े जारी किए। उन्होंने "एक्स" पर एक पोस्ट में लिखा, "शनिवार रात 9 बजे से लेकर रविवार दोपहर एक बजे तक हमारी टीमों ने डीएनए नमूनों के मिलान के लिए अथक परिश्रम किया है। 22 अतिरिक्त डीएनए नमूनों का मिलान किया गया है, जिससे अब तक कुल 42 डीएनए नमूनों का मिलान हो चुका है। गुजरात के पूर्व सीएम विजय 12 जून को उसी एयर इंडिया फ्लाइट में थे जो दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इसमें चालक दल समेत 241 लोगों की जान चली गई थी। इनमें रूपाणी भी थे। गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा, "रविवार सुबह करीब 11:10 बजे उनका डीएनए मैच हो गया। विजय रूपाणी का डीएनए मैच होने की जानकारी मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने उनके परिजनों को दी। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने मीडिया को बताया, "सीएम भूपेंद्र पटेल पूर्व सीएम विजय रूपाणी के आवास पर गए और परिवार को बताया कि डीएनए मिलान हो गया है।

## आज का राशिफल

**मेष :** आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेगें। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें।

**वृष :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मन: स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा।

**मिथुन :** पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा।

**कर्क :** मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें।

**सिंह :** निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**कन्या :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**तुला :** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृश्चिक :** विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**धनु :** अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे।

**मकर :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है।

**कुंभ :** हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**मीन :** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

### केदारनाथ हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद एक्शन में उत्तराखंड सरकार

# कमांड एंड कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उत्तराखंड के केदारनाथ क्षेत्र में रविवार सुबह एक दर्दनाक हेलीकॉप्टर हादसा हुआ, जिसमें आर्यन एविएशन का बेल 407 हेलीकॉप्टर (रजिस्ट्रेशन नंबर वीटी-बीकेए) दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हेलीकॉप्टर में पांच यात्री, एक बच्चा और चालक दल के एक सदस्य सवार थे।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार, हेलीकॉप्टर ने सुबह 05:10 बजे गुप्तकाशी के आर्यन हेलीपैड से उड़ान भरी और 05:18 बजे श्री केदारनाथ जी हेलीपैड पर लैंड किया। इसके बाद हेलीकॉप्टर ने 05:19 बजे गुप्तकाशी के लिए दोबारा उड़ान भरी, लेकिन लगभग 05:30 से 05:45 के बीच गौरीकुंड के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

फिलहाल यह माना जा रहा है कि खराब मौसम और अत्यधिक बादल छाए रहने के बावजूद हेलीकॉप्टर ने उड़ान जारी रखी, जिससे यह 'कंट्रोल्ड फ्लाइट इनटू टेरेन' की स्थिति का शिकार हो गया। हालांकि, हादसे के असली कारणों की पुष्टि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की विस्तृत जांच के बाद ही हो पाएगी। इन सबके अलावा, उत्तराखंड सिविल एविएशन डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूसीएडीए) को निर्देश दिया गया है कि वह सभी ऑपरेटरों और पायलटों के साथ बैठक आयोजित कर उड़ानों के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल की पूर्ण समीक्षा करे।

### हेलीकॉप्टर हादसे के बाद चारधाम उड़ानें स्थगित

हादसे की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कर दिया। दुर्गम पहाड़ी इलाका और खराब मौसम राहत कार्य में चुनौतियां खड़ी कर रहे हैं, लेकिन सभी संबंधित एजेंसियां समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुबह 11 बजे एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई, जिसमें नागरिक उड्डयन सचिव, डीजीसीए के अधिकारी और अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। बैठक के बाद कई फैसले लिए गए हैं। इनमें सबसे पहले, आर्यन एविएशन की चारधाम यात्रा के तहत सभी उड़ानों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा, ट्रांसभारत एविएशन की दो हेलीकॉप्टर उड़ानों (वीटी-टीबीसी और वीटी-टीबीएफ), जो प्रतिकूल मौसम में उड़ान भर चुकी थीं, के पायलटों के लाइसेंस को छह महीने के लिए निलंबित किया गया है। साथ ही, केदारनाथ क्षेत्र में 15 और 16 जून को सभी चार्टर व शटल हेलीकॉप्टर उड़ानों को एहतियातन स्थगित कर दिया गया है।



## नागर विमानन मंत्रालय ने हेलीकॉप्टर सुरक्षा मानक लागू करने के लिए डीजीसीए को सख्त निर्देश जारी किए

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के गौरीकुंड क्षेत्र में हुई दुखद हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद नागर विमानन मंत्रालय ने रविवार को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को केदारनाथ घाटी जैसे पहाड़ी और संवेदनशील क्षेत्रों में हेलीकॉप्टर संचालन से संबंधित सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने के सख्त निर्देश जारी किए। मंत्रालय ने कहा है कि यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता, इसीलिए चेतावनी दी जाती है कि किसी भी हेलीकॉप्टर ऑपरेटर को असुरक्षित मौसम में उड़ान नहीं भरनी चाहिए या परिचालन नियमों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। डीजीसीए को सभी नियमों को सख्ती से लागू करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि हर स्तर पर सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखा जाए, खासकर दुर्गम तीर्थयात्रा क्षेत्रों में जहां जान का जोखिम अधिक है। दुर्घटना में शामिल हेलीकॉप्टर आर्यन एविएशन का था और 'श्री केदारनाथ जी से गुप्तकाशी' सेक्टर पर उड़ान भर रहा था। बेल 407 हेलीकॉप्टर (रजिस्ट्रेशन वीटी-बीकेए) ने सुबह 5.10 बजे गुप्तकाशी से उड़ान भरी और 5.18 बजे केदारनाथ में उतरा। इसके बाद हेलीकॉप्टर सुबह 5.19 बजे वापसी यात्रा के लिए रवाना हुआ, लेकिन दुर्भाग्यवश सुबह 5.30 से 5.45 के बीच गौरीकुंड के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया और और इसमें सवार सभी सात लोगों की मृत्यु हो गई है। अधिकारियों ने पुष्टि की कि क्षेत्र में मौसम बहुत खराब था, जिसकी वजह से हेलीकॉप्टर अपना रास्ता भटक गया और दुर्घटना का शिकार हो गया।



### केदारनाथ हेलीकॉप्टर हादसा

## यवतमाल के जायसवाल परिवार के तीन सदस्यों की मौत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने रविवार को उत्तराखंड के केदारनाथ में हुए हेलिकॉप्टर हादसे पर दुख जताया। उन्होंने बताया कि यवतमाल जिले के वणी निवासी जायसवाल परिवार के तीन सदस्य केदारनाथ जाते समय गौरीकुंड में हुए हेलीकॉप्टर हादसे में मारे गए हैं। मेरी संवेदनाएं परिवार के साथ हैं। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "यवतमाल आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ को सूचना मिली है कि यवतमाल जिले के वणी निवासी जायसवाल परिवार के तीन श्रद्धालु केदारनाथ जाते समय गौरीकुंड में हुए हेलीकॉप्टर हादसे में मारे गए हैं। यह हादसा दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। संबंधित अधिकारियों को परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। मैं इस दुख की घड़ी में जायसवाल परिवार के साथ खड़ा हूं और सरकार हमारे साथ है। इस हादसे में मारे गए श्रद्धालुओं को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि।"

## एसडीआरएफ ने दुर्घटना स्थल से सभी सात शव किए बरामद

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड इलाके में हेलीकॉप्टर दुर्घटनास्थल पर राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की एक टीम पहुंची और सभी सात शव बरामद किए। बचाव अभियान में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और स्थानीय पुलिस भी शामिल थी। बचाव दल के अनुसार, टक्कर के बाद हेलीकॉप्टर आग से पूरी तरह नष्ट हो गया। केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहे हेलीकॉप्टर में सवार सभी सात लोगों की रविवार सुबह गौरीकुंड के पास एक जंगली इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मौत हो गई। दुर्घटना में जान गंवाने वालों की पहचान जयपुर के पायलट कैप्टन राजबीर सिंह चौहान, बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के कर्मचारी विक्रम रावत, उत्तर प्रदेश के तीर्थयात्री विनोद देवी और उनकी पोती तृष्टि सिंह तथा महाराष्ट्र के तीन लोगों के परिवार राजकुमार जायसवाल, उनकी पत्नी श्रद्धा जायसवाल और उनकी बेटी काशी जायसवाल के रूप में हुई है। हेलिकॉप्टर ने सुबह 5:17 बजे गुप्तकाशी के लिए उड़ान भरी थी और केदारनाथ से यात्रियों को लेकर लौट रहा था, तभी केदारनाथ घाटी में खराब मौसम की वजह से यह रास्ता भटक गया।

## बिजनौर और जयपुर में मृतकों के घरों में छाया मातम

**बिजनौर/जयपुर।** केदारनाथ हेलिकॉप्टर हादसे में पायलट समेत सभी 7 सवारों की मौत हो गई है। मृतकों में उत्तर प्रदेश के नगीना निवासी एक वरिष्ठ अधिवक्ता की पत्नी और नातिन भी शामिल हैं। इस हादसे की जानकारी मिलने के बाद मृतकों का परिवार भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मपाल सिंह शुक्रवार को अपनी पत्नी विनोद देवी (67 वर्षीय), नातिन तृष्टि रानी (15 वर्षीय), पौत्र ईशान (15 वर्षीय) और गौरांश (12 वर्षीय) के साथ केदारनाथ की यात्रा पर गए थे। परिजनों के अनुसार, रविवार की तड़के करीब पांच बजे धर्मपाल सिंह की पत्नी विनोद देवी और नातिन हेलिकॉप्टर में सवार होकर केदारनाथ के लिए जा रहे थे, जबकि धर्मपाल सिंह और परिवार के बाकी सदस्यों को बाद में हेलिकॉप्टर में सवार होकर केदारनाथ जाना था। यही हेलिकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया। परिवार के मुताबिक, हेलिकॉप्टर क्रैश होने की दुखद सूचना के बाद परिवार के अन्य सदस्य घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। वहीं, राजस्थान के जयपुर निवासी राजवीर के घर भी मातम पसर गया है। केदारनाथ हेलिकॉप्टर दुर्घटना में जयपुर के राजवीर की भी मौत हो गई है।

## मणिपुर में भारी मात्रा में मादक पदार्थ व हथियार बरामद, 5 गिरफ्तार

**एजेंसी। इंफाल**

मणिपुर में पुलिस और केंद्रीय बलों की संयुक्त कार्रवाई से मादक पदार्थों और अवैध हथियारों के नेटवर्क को तगड़ा झटका लगा है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि चलाए जा रहे अभियानों में कई अहम बरामदगी और गिरफ्तारियां हुई हैं। अभियान के दौरान तेंगनौपाल ज़िले के सीता मोटर व्हीकल चेक पोस्ट पर एक मारुति सुजुकी फ्रॉन्क्स कार को रोका गया। तलाशी में कार से करीब 4.152 किलोग्राम संदिग्ध अफीम बरामद की गई। कार में सवार चार लोगों मोहम्मद आज़ाद ख़ान, मोहम्मद मक्सूद, अलीना बीबी (तीनों लिलोंग, थौबल ज़िला से) और हैट्सी ज़ो (चेलप गांव, तेंगनौपाल से) को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से छह मोबाइल फोन और दो आधार कार्ड भी जब्त किए गए। अन्य अभियान में लिलोंग निवासी मककमयुम बोबॉय उर्फ सादम को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 41 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर (हेरोइन) मिली। इसी दौरान खोंगजम थाना क्षेत्र के तहत तेंथा समुचिंग इलाके से सुरक्षा बलों ने एक .303 रायफल, 7.62 मिमी एसएलआर, 48 जिंदा कारतूस, टियर स्मोक शेल और दंगा नियंत्रण कारतूस बरामद किए। उल्लेखनीय है कि 13-14 जून की दरम्यानी रात एक अन्य खास खुफिया सूचना के आधार पर पांच घाटी ज़िलों के बाहरी इलाकों में एक साथ सर्च ऑपरेशन चलाया गया। जिनमें 328 हथियारों में एसएलआर, इंसास, एके सीरीज़, एलएमजी, एमपी5 और एक मोर्टार तथा 591 मैगज़ीन, 8,600 से अधिक विभिन्न गोलियां, ग्रेनेड, डेटोनेटर, टियर गैस शेल और अन्य युद्ध सामग्री शामिल हैं।

## अंबेडकर पर बयानबाजी को लेकर एनडीए-राजद आमने-सामने

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मुखिया और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन से संबंधित एक वायरल वीडियो पर भाजपा की ओर से इसे बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान बताए जाने पर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विधायक पंकज मिश्रा ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि दलितों का अपमान करना राजद और कांग्रेस का नैतिक अधिकार है। जदयू के विधायक ने रविवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत की। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर, जिन्हें हम भगवान की तरह पूजते हैं। हमारी पार्टी भीमराव अंबेडकर को सम्मान देने का काम करती है। नीतीश कुमार जैसे नेताओं सहित एनडीए बाबा साहेब अंबेडकर को एक दिव्य व्यक्ति मानती है।

## केदारनाथ पैदल मार्ग पर मलबे की चपेट में आने से एक की मृत्यु, दो घायल

**एजेंसी। उत्तराखंड**

केदारनाथ पैदल मार्ग पर जंगलचट्टी के समीप रविवार को मलबे की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए जिसके बाद रुद्रप्रयाग प्रशासन ने केदारनाथ की पैदल यात्रा पर फिलहाल रोक लगा दी। पुलिस ने यहां बताया कि भारी बारिश के बाद केदारनाथ पैदल रास्ते पर गौरीकुंड और रामबाड़ा के बीच जंगलचट्टी के पास बरसाती नाले में मलबा और पत्थर आने से पैदल मार्ग बाधित हो गया है जिसे देखते हुए सोनप्रयाग से आगे केदारनाथ यात्रा पर फिलहाल रोक लगा दी गयी है। पुलिस ने केदारनाथ धाम आ रहे श्रद्धालुओं से अपील की कि वे जहां पर हैं, वहीं पर सुरक्षित रहें तथा आस-पास के निकटवर्ती स्थलों पर होटल इत्यादि में रूक जाएं। रुद्रप्रयाग पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, जंगलचट्टी के पास भारी मात्रा में आए मलबे की चपेट में आने के कारण एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी और दो अन्य घायल हो गए। रुद्रप्रयाग पुलिस की ओर से कहा गया है कि मौसम पूर्वानुमान में इस पूरे सप्ताह के लिए बारिश का 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है और उसी के अनुरूप निरंतर बारिश हो रही है। जंगलचट्टी में मार्ग बाधित होने तथा सम्पूर्ण पैदल मार्ग पर अनेक भूस्खलन संभावित क्षेत्रों को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत केदारनाथ धाम की पैदल यात्रा को अग्रिम आदेशों तक सोनप्रयाग से स्थगित कर दिया गया है।



## राहुल को पाकिस्तान और चीन पर भरोसा है लेकिन देश पर नहीं

**बेगूसराय।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बीबीसी की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रयागराज के महाकुंभ में मची भगदड़ में हताहतों की संख्या अधिक होने के बयान पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा के नेता गिरिराज सिंह ने जोरदार पलटवार किया है। गिरिराज सिंह ने कहा कि कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी वही बात करेंगे जो भारत के विरोध में होगी। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, "कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को चीन की एंबेसी पर भरोसा है, पाकिस्तान की एंबेसी पर भरोसा है, बीबीसी की रिपोर्ट पर भरोसा है, लेकिन देश पर भरोसा नहीं है। बेगूसराय से सांसद और भाजपा के नेता गिरिराज सिंह ने आगे कहा, "आज ऑपरेशन सिंदूर हो या बीबीसी की रिपोर्ट हो, यह (राहुल गांधी) वही बात करेंगे जो भारत के विरोध में होगी।

### नियुक्तिपत्र कार्यक्रम | योगी आदित्यनाथ को बताया प्रदेश का सबसे सफल मुख्यमंत्री

# 2026 तक नक्सलवाद से पूरी तरह होगा मुक्त: शाह

- **मोदी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया**

**एजेंसी। लखनऊ**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है और 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। पाकिस्तान के तीन आतंकी हमलों का प्रयास किया गया, लेकिन भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। शाह ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के मुख्यालयों को ध्वस्त कर दिया।

केन्द्रीय गृह मंत्री रविवार को लखनऊ में वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में 60,244 नवचयनित पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित किये गये। अपने संबोधन में अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पारदर्शी और समावेशी भर्ती प्रक्रिया के लिए जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ सबसे सफल मुख्यमंत्री हैं। योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शाह ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि इन नियुक्तियों में न खर्च, न पर्ची, न सिफारिश और न ही जाति के आधार पर कोई भेदभाव हुआ, बल्कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर संपन्न हुई। शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पुलिसबल के आधुनिकीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों की भी चर्चा की।



### देश का सबसे बड़ा है यूपी पुलिसबल

अमित शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश का सबसे बड़ा पुलिसबल है और आज 60,244 युवा इसके अभिन्न अंग बन रहे हैं। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। शाह ने बताया कि इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षित पदों का शत-प्रतिशत लाभ उत्तर प्रदेश में सुनिश्चित किया गया है, जो योगी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है।

# ट्रंप अमेरिकी इतिहास से बहुत अधिक प्रभावित, पर सभी सबक गलत सीखे

14 जून को अमेरिकी सेना ने अपनी 250वीं वर्षगांठ मनाने के लिए वाशिंगटन डीसी में शानदार तरीके से परेड की और कमांडर-इन-चीफ के रूप में, ट्रंप ने कॉन्स्टिट्यूशन एवेन्यू पर एक व्यूइंग प्लेटफॉर्म से सलामी लिए। लेकिन, यह महज दिखावा नहीं है, जैसा कि कुछ आलोचकों ने दावा किया है। अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के लिए इतिहास वास्तव में मायने रखता है। जनवरी 2021 में अनिच्छा से व्हाइट हाउस छोड़ने से पहले ट्रंप के अंतिम कार्यों में से एक उनके "1776 आयोग" द्वारा एक रिपोर्ट प्रकाशित करना था, जिसे "अमेरिकी स्थापना की महानता की समझ को बहाल करने" के लिए बनाया गया था। जानबूझकर, आयुक्तों ने कुछ विश्वविद्यालय इतिहासकारों को शामिल किया, क्योंकि विश्वविद्यालयों को अक्सर "अमेरिकी-विरोधवाद, मानहानि और सेंसरशिप के केंद्र के रूप में वर्णित किया जाता था जो छात्रों और व्यापक संस्कृति में कम से कम तिरस्कार और सबसे खराब रूप से इस देश के लिए पूरी तरह से घृणा पैदा करते हैं"।

1776 आयोग ने वास्तव में "देशभक्तिपूर्ण शिक्षा" की वापसी की मांग की, यह घोषणा करते हुएः "हमें अमेरिकियों की भावी पीढ़ियों को हमारे देश का सटीक इतिहास पढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए ताकि हम सभी एक बार फिर अपने संस्थापक सिद्धांतों को सीखें और संजोएँ। हमें इस अविश्वसनीय राष्ट्र के लिए अपने गर्व और कृतज्ञता को नवीनीकृत करना चाहिए जिसे हम अपना घर कहने के लिए धन्य हैं।" इसी भावना के साथ, इस वर्ष 2 मई को, राष्ट्रपति ने पोस्ट किया कि वे 8 मई और 11 नवंबर को क्रमशः "द्वितीय विश्व युद्ध के लिए विजय दिवस और प्रथम विश्व युद्ध के लिए विजय दिवस" के रूप में नामित कर रहे हैं, क्योंकि "हमने दोनों युद्ध जीते, ताकत, बहादुरी या सैन्य प्रतिभा के मामले में कोई भी हमारे करीब नहीं था", और यह अमेरिका के लिए "अपनी जीत का जश्न फिर से मनाने का समय था!"

14 जून को होने वाली परेड का उद्देश्य अमेरिकी स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के शानदार राष्ट्रव्यापी उत्सव का पर्दा उठाना भी है, जो पूरे देश में फैलेगा और 4 जुलाई 2026 को समाप्त होगा। व्हाइट हाउस की वेबसाइट के अनुसार, एक फीचर एक वीडियो इतिहास श्रृंखला होगी जो "अमेरिकी स्वतंत्रता की उल्लेखनीय कहानी बताती है। यह उन महत्वपूर्ण पात्रों व घटनाओं की कहानियों को उजागर करेगी, जिसके परिणामस्वरूप एक छोटी सी रैग-टैग सेना ने दुनिया के सबसे शक्तिशाली साम्राज्य को हराया और अब तक के सबसे महान गणराज्य की स्थापना की।" इतिहास परेड, वास्तव में। जैसा कि अक्सर होता है, ट्रंप एक वैध बिंदु के साथ शुरू करते हैं। 2017 में बैस्टिल दिवस के भव्य आयोजन को देखने के बाद, जहाँ फ्रांसीसी व अमेरिकी सैनिकों ने प्रथम विश्व युद्ध में अमेरिका के प्रवेश की शताब्दी मनाने के लिए चैंप्स-एलिसीस में मार्च किया था, उन्होंने अपनी खुद की परेड आयोजित करने का निश्चय किया। तो इसमें गलत क्या है? क्या देशों को अपने अतीत पर गर्व नहीं होना चाहिए? ठीक है (यदि आपको लागत से ऐतराज नहीं है)। लेकिन गर्व ईमानदारी में निहित होना चाहिए, खासकर जब यूरोप में नाटो यूक्रेन में व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ छद्म युद्ध में लगा हुआ है, जो इतिहास का एक व्यवस्थित मिथ्याकरणकर्ता है। और अगर हम ईमानदार होने की कोशिश कर रहे हैं, तो विश्व युद्ध विश्व श्रृंखला की तरह नहीं हैं जिसमें एक देश बाकी सभी को पछाड़ देता है और लगभग अकेले ही जीत जाता है।

दूसरे विश्व युद्ध को ही लें। इस साल 3 मई को, पूर्व रूसी राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने ट्रंप के दावों को "दिखावटी बकवास" बताते हुए खारिज कर दिया, और जोर देकर कहा कि "विजय दिवस हमारा है और यह 9 मई है। तो यह था, इसलिए यह है, इसलिए यह हमेशा रहेगा!" मेदवेदेव अब एक आज्ञाकारी पुतिनवादी हैं, लेकिन वे और अन्य रूसी 1941-45 में अपने भारी नुकसान की ओर सही इशारा करते हैं - लगभग 27 मिलियन लोग। दूसरे शब्दों में, जून 1941 से जून 1944 तक तीन वर्षों में, हिटलर के सोवियत संघ पर आक्रमण और नॉरमैंडी में डी-डे लैंडिंग के बीच, जर्मन सेना के 90% से अधिक युद्ध हताहतों (मारे गए, घायल, लापता और कैदी) को लाल सेना ने पहुँचाया था। यह अलामीन और ट्यूनिस, अंजियो और रोम की मुक्ति को एक अलग परिप्रेक्ष्य में रखता है। फिर भी अमेरिकी सही कह सकते हैं कि वे एक "महाशक्ति" के रूप में अपनी खुद की लीग में थे - एक शब्द जिसे 1944 में "महान शक्ति और शक्ति की महान गतिशीलता" को दर्शाने के लिए गढ़ा गया था। उनके विशाल सी -47 परिवहन विमान और बी -17 और बी -24 बमवर्षक विमानों ने अमेरिका को दुनिया भर में युद्ध छेड़ने की अनुमति दी।

पर्ल हार्बर का बदला लेने के लिए बनाए गए विमानवाहक पोतों के उनके आधुनिक बेड़े प्रशांत महासागर के पार जापान तक पहुँच गए। प्रशांत महासागर का युद्ध टोक्यो पर बमबारी और हिरोशिमा और नागासाकी के परमाणु विनाश के साथ समाप्त हुआ। या नॉरमैंडी से उल्लेखनीय ब्रेकआउट की गति पर विचार करें जिसने मित्र देशों की सेनाओं को 3 सितंबर 1944 को ब्रुसेल्स को मुक्त करने में सक्षम बनाया, उन स्थानों पर कब्जा कर लिया जहाँ उन्हें मई 1945 तक पहुँचने की उम्मीद नहीं थी। जब हैरान विंस्टन चर्चिल ने पूछा कि जीआई को कैसे खाना और आपूर्ति की जा रही है, तो अमेरिकी जनरल उमर ब्रैडली ने कहा कि वह ट्रकों को "बंपर से बंपर, 24 घंटे" मोर्चे तक चला रहा था। फोर्ड ने सामान दिया।लेकिन जीत में ब्रिटेन ने भी अहम भूमिका निभाई। अगर हमारा युद्धग्रस्त द्वीप 1940 की गर्मियों में स्कैंडिनेविया, फ्रांस और लो कंट्रीज की तरह ही खत्म हो जाता, तो हिटलर ने अपने सारे संसाधन सोवियत संघ के खिलाफ लगा दिए होते, जबकि रूजवेल्ट का अमेरिका शायद खुद पर ही ध्यान केंद्रित कर लेता और पश्चिमी गोलार्ध की रक्षा करने पर ध्यान केंद्रित करता। इसके बजाय, चर्चिलियन नेतृत्व, रडार की नई चेन होम प्रणाली से जुड़े आधुनिक लड़ाकू विमानों और RAF पायलटों के साहस के संयोजन ने हिटलर को दूर रखने में कामयाबी हासिल की। आखिरकार, ब्रिटेन हिटलर के किले यूरोप की मुक्ति के लिए आवश्यक आपूर्ति आधार और लॉन्च पैड बन गया। और इसलिए 1944-45 में, मित्र देशों की सेनाएं पूर्व, पश्चिम और दक्षिण से जर्मनी पर आ गईं। बेशक, यह एक अपवित्र गठबंधन था, जो अलग-अलग उद्देश्यों और मूल्यों से प्रेरित था। लेकिन नाज़ीवाद का खात्मा एक ऐसा लक्ष्य था जिसे सभी सहयोगी साझा करते थे।

इसे ध्यान में रखते हुए, आइए अमेरिका की सबसे महत्वपूर्ण जीत पर नज़र डालेंः स्वतंत्रता। हां, यह काफी हद तक डेविड बनाम गोलियत की कहानी थी जिसमें "एक छोटी सी सेना ने दुनिया के सबसे शक्तिशाली साम्राज्य को हराया"। अमेरिका की स्वतंत्रता वास्तव में जॉर्ज वाशिंगटन के नेतृत्व और उनके सैनिकों के साहस और लचीलेपन (चेचक महामारी के खिलाफ टीकाकरण पर उनके आग्रह से और मजबूत) का प्रमाण थी। लेकिन यह एक विश्व युद्ध भी था क्योंकि ब्रिटिश साम्राज्य अपने वैश्विक दुश्मनों के खिलाफ लड़ रहा था। महत्वपूर्ण रूप से, 1780 के दशक तक ब्रिटेन ने नौसेना का वर्चस्व खो दिया क्योंकि (असामान्य रूप से) तीन प्रतिद्वंद्वी समुद्री शक्तियां उसके खिलाफ एकजुट हो गई थींः फ्रांस, स्पेन और डच। यह फ्रांसीसी बेड़े द्वारा की गई नाकाबंदी थी जिसने 1781 में लॉर्ड कॉर्नवालिस को यॉर्कटाउन में ऐतिहासिक आत्मसमर्पण करने और ब्रिटिशों को अमेरिकी स्वतंत्रता को स्वीकार करने के लिए मजबूर किया। ऐतिहासिक शोध का उद्देश्य घटनाओं को संदर्भ में रखना है, न कि राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देना। अमेरिका की स्थापना की कहानी, हिटलर की हार की तरह, हमें याद दिलाती है कि सहयोगी मायने रखते हैं - अतीत, वर्तमान और भविष्य में। जब इतिहास परेड पर जाता है तो इसे नहीं भूलना चाहिए।

(गार्जियन से साभार)




### गाजा से लेकर यूक्रेन व ईरान तक एक ही स्थिति

# ट्रंप का 'पीस मेकर' वादा हुआ ध्वस्त

**वाशिंगटन ।** एक राष्ट्रपति जिसने वैश्विक संघर्षों को समाप्त करने की कसम खाई थी, उसने इसके बजाय उन्हें बढ़ाने की अगुवाई की है - उसका एजेंडा अव्यवस्थित है। इस जनवरी में अपने उद्घाटन भाषण में, डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि उनकी सबसे गौरवपूर्ण विरासत "एक शांति निर्माता और एकीकरणकर्ता" की होगी। उन्होंने प्रतिज्ञा की कि अमेरिकी शक्ति "सभी युद्धों को रोक देगी और एक ऐसी दुनिया में एकता की नई भावना लाएगी जो क्रोधित, हिंसक और पूरी तरह से अप्रत्याशित रही है"। लेकिन पांच महीने बाद, उनका दूसरा राष्ट्रपतित्व उस महान आकांक्षा के विभत्स पतन का गवाह बन रहा है। एक राष्ट्रपति जिसने वैश्विक संघर्षों को समाप्त करने की कसम खाई थी - जिसमें एक ऐसा भी शामिल है जिसे उन्होंने कहा था कि वे अपने पहले 24 घंटों के भीतर हल कर देंगे - इसके बजाय उन्हें बढ़ाने की अध्यक्षता की है - सबसे हाल ही में इजरायल व ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष की।नवीनतम संघर्ष की समयरेखा ट्रंप की आकांक्षाओं व वास्तविकता के बीच एक स्पष्ट विसंगति को दर्शाती है। ट्रंप द्वारा इजराइल से ईरान पर हमला न करने का आग्रह करने के कुछ ही घंटों बाद इजरायली हवाई हमलों की लहर आई। ट्रंप के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इजराइल हमले को "एकतरफा" बताते हुए कड़ी मेहनत की, और इस बात पर जोर देते हुए सफाई दिया कि अमेरिका "ईरान के खिलाफ हमलों में शामिल नहीं था" - लेकिन ट्रंप ने फिर जोर देकर कहा कि उन्हें इज़राइल की योजनाओं के बारे में अच्छी तरह से जानकारी थी - और चेतावनी दी कि आगे के हमले "और भी क्रूर" होंगे। ट्रंप के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ, जो मध्य पूर्व व यूक्रेन में ट्रंप के प्राथमिक राजनयिक वार्ताकार के रूप म उभरे हैं, कथित तौर पर तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के लिए ओमान जाने की योजना बना रहे थे, लेकिन अब ईरान इसमें कैसे शामिल होगा। ट्रंप का उलझा हुआ शांति एजेंडा गुरुवार के हमलों से बहुत पहले ही अव्यवस्थित हो चुका था। गाजा में संघर्ष विराम, जिसके लिए उनके प्रशासन ने मध्यस्थता की थी, कुछ ही सप्ताह में ध्वस्त हो गया, क्योंकि इजरायल ने बड़े पैमाने पर बमबारी फिर से शुरू कर दी और इस क्षेत्र में मानवीय सहायता पर तीन महीने की कुल नाकाबंदी लगा दी, जहां अब मरने वालों की संख्या कम से कम 55,000 से अधिक हो गई है। यूक्रेन में - एक संघर्ष जिसके बारे में ट्रंप ने एक बार दावा किया था कि वह अपने कार्यालय में वापस आने के पहले दिन ही इसे समाप्त कर देंगे - रूसी सेना ने गर्मियों में आक्रामक अभियान चलाया, 3 साल में पहली बार निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र में प्रवेश किया और अधिक बलों को इकट्ठा किया - यह इस बात का सबूत है कि पुतिन को ट्रंप के शांति प्रस्तावों में कोई दिलचस्पी नहीं है और वे युद्ध को और आगे बढ़ाने का इरादा रखते हैं। इस बीच, भारत व पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की ट्रंप की अचानक घोषणा को नई दिल्ली में रोष के साथ देखा गया, जहां अधिकारियों ने इस सौदे में मध्यस्थता करने के उनके दावों का खंडन किया। और जबकि रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कांग्रेस के सामने स्वीकार किया कि पेंटागन ने ग्रीनलैंड और पनामा को सैन्य रूप से जब्त करने के लिए आकस्मिक योजनाएँ विकसित की हैं, यह स्पष्ट नहीं है कि क्षेत्रीय विजय ट्रंप की शांति स्थापना की परिभाषा में कैसे फिट बैठती है। उनके पहले कार्यकाल में कोई युद्ध समाप्त नहीं हुआ, ईरान के साथ संघर्ष लगभग शुरू हो गया, और उनकी विशिष्ट "शांति" उपलब्धि – अब्राहम समझौते – ने इजरायल और उन देशों के बीच संबंधों को सामान्य बना दिया जो वैसे भी उससे नहीं लड़ रहे थे। मतदाताओं से ट्रंप की अपील का एक हिस्सा वास्तव में विदेशी उलझनों से बचने का वादा था। उद्घाटन समारोह में समर्थकों ने गार्जियन को बताया कि वे सैन्य तैनाती में उनके संयम को कैसे महत्व देते हैं और उनके अमेरिका-प्रथम दृष्टिकोण के पक्षधर हैं, जिसने अंतरराष्ट्रीय सहायता और हस्तक्षेप पर घरेलू चिंताओं को प्राथमिकता दी।

और एक तर्क यह भी है कि ट्रंप के लिए शांति का मतलब संघर्ष की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि वाशिंगटन का उससे दूरी बनाना है। ईरान में हुए नवीनतम हमलों के लिए एक संभावित आशावादी व्याख्या है। वाशिंगटन में मध्य पूर्व संस्थान के ईरान निदेशक एलेक्स वतांका ने सुझाव दिया कि इजरायल का हमला ईरान को गंभीर वार्ता के लिए झकझोरने के लिए एक सोचा-समझा जुआ हो सकता है। सिद्धांत यह है कि इजरायल ने ट्रंप को सीमित हमलों की अनुमति देने के लिए राजी किया, जो शासन परिवर्तन को ट्रिगर किए बिना तेहरान पर दबाव डालेंगे, अनिवार्य रूप से रुकी हुई कूटनीति को फिर से शुरू करने के लिए सैन्य कार्रवाई का उपयोग करेंगे। शुक्रवार को ट्रंप ने सुझाव दिया कि ईरान पर हमले से परमाणु समझौते की संभावनाएँ भी बढ़ सकती हैं। फ्लैशपॉइंट में वैश्विक सुरक्षा के कार्यकारी निदेशक और अमेरिका के राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के कार्यालय के पूर्व कर्मचारी एंड्रयू बोरेन ने कहा, "इससे ईरान के वार्ता की मेज पर वापस आने की संभावना नहीं है।" "यह एक नए हाइब्रिड शीत युद्ध के वैश्विक संदर्भ में एक और तेजी से विस्तार करने वाले फ्लैशपॉइंट के उद्घाटन को चिह्नित करता है, जो जमीन पर और वेब के सबसे अंधेरे कोनों में लड़ा जाएगा।" यह रणनीति सफल होती है या नहीं यह पूरी तरह से ईरान की प्रतिक्रिया पर निर्भर करता है। शासन या तो संयमित होकर वार्ता पर लौट सकता है, या कूटनीति को पूरी तरह से त्याग सकता है और परमाणु हथियारों का अधिक आक्रामक तरीके से पीछा कर सकता है। शुरुआती संकेत बताते हैं कि तेहरान अपनी सुविधाओं पर बमबारी और नेताओं की हत्या के बाद शायद सुलह के मूड में नहीं है। लेकिन अगर ज्यादा आशावादी रीडिंग सही साबित होती है, तो भी इससे व्यापक वास्तविकता नहीं बदलती। ट्रंप को विरासत में मिले या हल करने का वादा करने वाले हर बड़े संघर्ष में उनकी निगरानी में तेजी आई है। ट्रंप ने शांति स्थापित करने का वादा किया था। इसके बजाय, वह कई युद्धों का प्रबंधन कर रहे हैं, जबकि उनकी कूटनीतिक पहल वास्तविक समय में विफल हो रही है। गाजा से लेकर यूक्रेन व ईरान तक, दुनिया पांच महीने पहले शपथ लेने के समय की तुलना में ज़्यादा अस्थिर और ख़तरनाक दिखाई देती है।

(गार्जियन से साभार)

## राजौरी में बॉर्डर के पास दिखी संदिग्ध गतिविधि भारतीय सुरक्षाबल अलर्ट

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास संदिग्ध गतिविधि देखे जाने के बाद सेना और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। पिछले महीने आतंकवादियों के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सीमा पर ये सबसे ताजा संदिग्ध गतिविधि है।



शुरुआती इनपुट के अनुसार, आतंकवादी घुसपैठ या हरकत की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है और सेना किसी भी संभावित खतरे को टालने के लिए सतर्कता बरत रही है। इसके अलावा इलाके को घेरते हुए सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। राजौरी जिले के एक सुदूर इलाके में एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ हुआ। तलाशी अभियान के दौरान 61 राष्ट्रीय राइफल्स ने राजौरी के बाराचार्ड में एक छिपे हुए ठिकाने से हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की।

# इजराइल ने चेताया, ईरान मिलिट्री ठिकाने खाली करे



**तेहरान/तेल अवीव । एजेंसी**

ईरान और इजराइल ने शनिवार देर रात एक बार फिर एक-दूसरे पर कई मिसाइलें दागीं। दोनों देशों के बीच बीते 3 दिनों से संघर्ष जारी है। इजराइली डिफेंस फोर्स ने ईरान में मिलिट्री हथियार फैक्ट्रियों और उनके आसपास रहने वाले नागरिकों को तुरंत इलाका खाली करने की चेतावनी दी है। आईडीएफ के कर्नल अविचय अद्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हथियार फैक्ट्रियों के पास रहना ईरानियों के लिए खतरनाक हो सकता है। इजराइल का दावा है कि उसने तेहरान में रक्षा मंत्रालय को निशाना बनाया है। इसके अलावा तेहरान और बुशहर में ऑयल डिपो और गैस रिफाइनरी समेत 150 से ज्यादा ठिकानों को तबाह किया है। पिछले तीन दिनों के दौरान इजराइली हमले से ईरान में 138 लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल हैं। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हैं। ईरान की राजधानी तेहरान समेत 7 राज्यों में एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव कर दिया गया है। ईरान ने भी पलटवार करते हुए इजराइल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागी हैं। इसमें 14 इजराइली मारे गए हैं और 380 घायल हैं। इजराइल के हाइफा शहर के बाजान तेल रिफाइनरी सेंटर को भी नुकसान पहुंचा है।

### डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को सीधी चेतावनी

## अगर हमला हुआ तो अमेरिकी सेना की पूरी ताकत दिखेगी

इजराइल और ईरान के बीच भीषण युद्ध जारी है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने साफ कहा कि अगर ईरान की ओर से हम पर किसी भी तरह से हमला किया गया तो अमेरिकी सशस्त्र बलों की पूरी ताकत और शक्ति आप पर पहले कभी नहीं देखी गई स्तरों पर उतरेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी इजराइल और ईरान द्वारा एक दूसरे पर हाल ही में किए गए हमलों के बीच आई है। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर दावा किया कि रातों-रात ईरान पर इजराइल के हमलों में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है। ट्रंप ने लिखा, 'आज रात ईरान पर हुए हमले में अमेरिका का कोई हाथ नहीं था।

## 30 फीट की ऊंचाई से गिरी 10 साल की बच्ची

**मनाली ।** हिमाचल प्रदेश के मनाली का एक वीडियो वायरल है। इसमें जिपलाइनिंग कर रही 10 साल की बच्ची 30 फीट की ऊंचाई से जमीन पर जा गिरी। घटना में गंभीर घायल हुई बच्ची का नाम त्रिशा है। पहले त्रिशा को मनाली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से चंडीगढ़ रेफर किया, अब उसका नागपुर के निजी अस्पताल में इलाज जारी है। त्रिशा का परिवार महाराष्ट्र के नागपुर का रहने वाला है। त्रिशा अपने पिता प्रफुल्ल बिजवे अपनी मां के साथ हॉलिडे मनाने मनाली पहुंची थी।

## फ्लाईओवर ब्रिज का स्लैब गिरा, 6 मजदूर घायल

**शिवपुरी ।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी में पोहरी रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे फ्लाईओवर ब्रिज का स्लैब शनिवार देर रात गिर गया। हादसे में 6 मजदूर घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के समय रात में भी काम चल रहा था। प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं और निर्माण कार्य फिलहाल रोक दिया गया है। ध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में शनिवार देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। पोहरी रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर ब्रिज का स्लैब अचानक गिर गया।




## फातिमा सना शेख ने साउथ फिल्मों में कास्टिंग काउच पर की थी टिप्पणी, अब कहा- इसे काफी 'बढ़ा-चढ़ाकर' बताया गया

फातिमा ने कहा कि उन्होंने जो साझा किया उसे संदर्भ से बाहर ले जाया गया और बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया। फातिमा ने कहा कि उन्होंने अपने कास्टिंग काउच अनुभव से निपटा और आगे बढ़ गईं।




हाल ही में मेट्रो इन दिनों की एक्ट्रेस फातिमा सना शेख ने साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच पर टिप्पणी की थी। इस पर विवाद होने के बाद एक्ट्रेस ने अपनी टिप्पणी पर सफाई दी है। फातिमा ने कहा कि उन्होंने जो कुछ भी कहा वह एक खास घटना के बारे में था, लेकिन पूरी साउथ फिल्म इंडस्ट्री ऐसी नहीं है।बता दें कि इस साल की शुरुआत में, फातिमा ने एक साउथ इंडियन फिल्म के लिए कास्टिंग एजेंट के साथ बातचीत के बारे में बात की और बताया कि कैसे उसके इशारों ने उन्हें असहज कर दिया।

## नाइजीरिया के बेन्यू में 100 लोगों की गोली मारकर हत्या सैकड़ों घायल, कई लापता

**नाइजीरिया ।** नाइजीरिया के नॉर्थ-सेंट्रल बेन्यू स्टेट के गुमा स्थित येलेवाटा में कम से कम 100 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सैकड़ों लोग घायल हैं और दर्जनों लोग अभी भी लापता हैं। ह्यूमन राइट्स ग्रुप एमनेस्टी इंटरनेशनल नाइजीरिया ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया कि यह हमला शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह तक हुआ। घायलों को अब तक जरूरी मेडिकल सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। इस सामूहिक हमले में हमलावरों ने गांव के कई परिवारों को उनके घरों में बंद करके जिंदा जला दिया।

## टला हादसा : ब्रिटिश फाइटर जेट की तिरुवनंतपुरम में 'इमरजेंसी लैंडिंग'

**तिरुवनंतपुरम।** ब्रिटेन के रॉयल एयर फोर्स के 'एफ-35 फाइटर जेट' को तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी है। शनिवार को हिंद महासागर के ऊपर एक नियमित मिशन के दौरान ईंधन कम होने के चलते इस फाइटर जेट को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। हवाई अड्डे और रक्षा सूत्रों के अनुसार, शनिवार रात फिफ्थ-जनरेशन का स्टील्थ एयरक्राफ्ट हिंद महासागर क्षेत्र में तैनात एक ब्रिटिश एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ान भर रहा था। इस बीच एयरक्राफ्ट को वापस उतरने में कठिनाई हुई।

### संजय सेठ ने योजनाओं का किया शिलान्यास, कहा

## रांची का विकास पहली प्राथमिकता



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रविवार को 47 लाख की लागत से रांची शहर में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। वार्ड 47 नामकुम में संस्कार नगर में 17 लाख की लागत से पीसीसी पद जोरदार नामकुम साइप्रस इंटरनेशनल स्कूल की गली पीसीसी पद का शिलान्यास 17 लाख महादेव मंडा चुटिया में 15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन भगवान बिरसा मुंडा पुरानी जेल में 15 लाख की लागत से आदिवासी सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा रांची की विकास पहली प्राथमिकता है। प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र का विकास किया जाएगा। इसके लिए हम सभी तत्पर हैं। मौके पर रांची के विधायक सीपी सिंह, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पद्मश्री मुकुंद नायक, मदन केसरी, अनीता वर्मा, रवि मुंडा, राज कुमार महतो, नवीन सोनी, पिंटू सिंह, प्रमोद सिंह, धर्मेंद्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### रांची में दर्दनाक सड़क हादसा

# तेज रफ्तार बाइक लोहे के पाइप से टकराई, 2 की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा सिकिदिरी क्षेत्र के भूसूर जंगल मोड़ पर रात करीब 8 बजे हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे रखे लोहे के बड़े पाइप से टकरा गई, जिससे बाइक पर सवार तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चालक और पीछे बैठी एक



किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाली किशोरी की पहचान 16 वर्षीय गीता कुमारी के रूप में हुई है, जो पिठोरिया थाना क्षेत्र के राढ़ा गांव की रहने वाली थी। वहीं बाइक चालक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। घायल किशोरी का नाम रेखा मुंडा (15 वर्ष) है, जो गीता की ही गांव की रहने वाली बताई जा रही है।

घटना के कुछ ही देर बाद मौके से गुजर रही 108 एम्बुलेंस ने तीनों को अनगड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने युवक और गीता को मृत घोषित कर दिया।

घायल रेखा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक इलाज के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर अनगड़ा थाना की पुलिस भी अस्पताल पहुंची और हादसे की जानकारी ली। शुरुआती जांच में पता चला है कि तीनों शुक्रवार शाम को पिठोरिया चौक जाने की बात कहकर घर से निकले थे और भूसूर स्थित एक गार्डन घूमने गये थे। फिलहाल पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## न्यूज बॉक्स

### अहमदाबाद विमान हादसा आतंकी साजिश की आशंका : फाउंडेशन



**रांची।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसा पर राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सीताराम शरण जी महाराज एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने दुख जताया है। वहीं कहा कि वीडियो देखकर व मिली जानकारी के अनुसार जिस तरह से विमान लैंडिंग के ठीक 32 सेकेंड में दुर्घटनाग्रस्त हुई है, इससे लगता है कि विमान में जरूर कोई छेड़छाड़ हुई। दोनों इंजन का फेल होना, कॉकपिट का (पायलट) संपर्क अचानक कट जाना गंभीर साजिश है। विमान कुछ ही घंटा पहले पेरिस से वहां आया था और यात्रियों की ओर से कोई शिकायत नहीं थी।अचानक ऐसा क्या हो गया, जो विमान उड़ता है और विस्फोट जैसी आवाज के साथ गिरता है। इंटरनेशनल फ्लाइट होने के बावजूद किसके कहने पर टेक ऑफ के लिए फ्लाइट के रनवे को मध्यम रनवे दिया गया।

### राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी

**रांची।** झारखंड में 15 जून यानी रविवार से मौसम का मिजाज बदल रहा है। मौसम केंद्र ने राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 20 जून तक राज्य के कई हिस्सों में मेघ गर्जन, तेज हवा के झोंके के साथ अच्छी बारिश होने की संभावना है। मौसम केंद्र ने 17 और 18 जून को राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश की प्रबल संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राँची मौसम केंद्र के मुताबिक, दक्षिण बांग्लादेश और उत्तरी बंगाल की खाड़ी से दक्षिण ओडिशा तक समुद्र तल से करीब 3.1 किमी ऊपर स्थित चक्रवाती सर्कुलेशन और पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी से उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश तक समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर बने एक चक्रवाती परिसंचरण साइक्लोनिक सर्कुलेशन के प्रभाव से राज्य में 15 जून से मौसम बदल रहा है।

## पेज एक के शेष

**बच्ची सहित सभी 7 लोगों की...**

नंदीपेरा रोड सैन मंदिर महाराष्ट्र, श्रद्धा सुरेश जयसवाल (35), काशी (23 महीने) पुत्री राजकुमार सुरेश जयसवाल, विक्रम सिंह रावत (46) निवासी रांसी गांव पो. ऊखीमठ रुद्रप्रयाग, पायलट कैप्टन राजीव, राजस्थान, विनोद देवी (66), निवासी बिजनौर यूपी और तुष्टि सिंह (19) शामिल हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू में जुट गए। सभी शवों को बरामद कर लिया गया है। घटनास्थल पर हेलिकॉप्टर का मलबा पड़ा है, जो भयावह रूप से जला हुआ है। केदारनाथ यात्रा हेलिकॉप्टर सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि खराब मौसम के कारण हेलिकॉप्टर अचानक पेड़ से टकरा गया, जिससे यह हादसा हुआ है। घटना के बारे में सभी के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। इधर, जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार ने बताया कि दुर्घटना में मारे गए लोगों के शव का पंचनामा भरकर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। बता दें कि केदारनाथ यात्रा में इस वर्ष यह तीसरी दुर्घटना है। इससे पूर्व 17 मई को एम्स ऋषिकेश की हेली एंबुलेस संजीवनी की केदारनाथ के पास इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। इस दौरान हेलिकॉप्टर की टेल रोटर भी क्षतिग्रस्त हो गया था। वहीं, बीते 7 जून को बडासू से केदारनाथ के लिए टेकऑफ करते समय क्रिस्टल कंपनी के हेलिकॉप्टर की रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। इस दौरान हेलिकॉप्टर में पायलट सहित छह लोग सवार थे।

**पुणे में इंद्रायणी नदी का पुल ढहने से 2...**

पुल पर जरूरत से अधिक लोगों की वजह से यह पुल अचानक ढह गया। इस घटना में अब तक करीब 12 लोगों को नदी से निकालकर पवना अस्पताल पहुंचाया गया, इनमें से दो की मौत हो गई है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम नदी में बहे 12 पर्यटकों की तलाश कर रही हैं। एनडीआरएफ के जवान दीपक तिवारी ने बताया कि इस घटना की सूचना मिलते ही उनकी दो टीमें मौके पर पहुंची हैं और राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, पुणे जिले के तलेगांव के पास इंदौरी में इंद्रायणी नदी पर बने पुल के ढह जाने से हुई त्रासदी की खबर सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई है। मैं उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हम उनके परिवारों के दुख में शामिल हैं। इस घटना के संबंध में मैं संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और संबंधित तहसीलदार के लगातार संपर्क में हूं। चूंकि कुछ लोग बह गए हैं, इसलिए युद्ध स्तर पर खोज अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर एनडीआरएफ को तैनात किया गया है। राहत कार्य में तुरंत तेजी लाई गई है। अब तक छह लोगों को बचाया गया है। उन्होंने आगे कहा, सभी एजेंसियों को अलर्ट मोड पर रहने का आदेश दिया गया है। 32 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से छह की हालत गंभीर है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संभागीय आयुक्त खुद घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। वहीं, एनसीपी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने इस हादसे पर दुख जताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, पुणे जिले के मावल तालुका के कुंदमाला में इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढह गया। आशंका है कि पुल पर मौजूद कुछ नागरिक बह गए होंगे। यह घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि सभी नागरिक सुरक्षित रहें।

**95 कार्टन व 35 लीटर स्पिरिट...**

750 मि.ली. स्प्राइट बोतल में केमिकल, रोमांस जर्मनी कंपनी का एक अल्कोहल मीटर, दो प्लास्टिक टिप, एक सीरिंज, ईंपायर ब्लू ब्रांड के नकली व्हिस्की स्टीकर के तीन बंडल, 'फॉर सेल इन पंजाब ऑनली' अंकित बारकोड स्टीकर के तीन बंडल (कुल 43 पेज), दो पीस प्लास्टिक ट्यूब में गोंद, 375 मि.ली. की कई खाली शराब बोतलें, छह प्लास्टिक बोरों में शराब की सामग्री, तीन सफेद प्लास्टिक बोरे, शराब बोतलों के ढक्कन, 25 पीस 35 लीटर के खाली जार, 14 पीस 20 लीटर का पानी जार, हिमगिरी ब्रांड की दो 400 लीटर की सफेद प्लास्टिक टंकी, एक स्मार्टफोन और एक हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल बरामद की। एसडीपीओ ने चेतावनी दी कि अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने जनता से भी अपील की कि इस प्रकार की गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समाज को नशामुक्त किया जा सके। **छापामारी दल में :** थाना प्रभारी अवर निरीक्षक कुमार गौतम, अवर निरीक्षक सोनी खलखो, निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, सहायक अवर निरीक्षक विद्यानंद शर्मा, रंजन कुमार सिंह सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

**देश के हर क्षेत्र का हुआ है सर्वांगीण...**

एक्सप्रेस-वे ऐसे कई कार्य हुए, जिससे झारखंड के विकास को नई गति प्रदान हुई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड भी देश के विकास के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। कल्पना से परे झारखंड के कई गांव मुख्य सड़कों से जुड़े। कई परिवारों को बिजली मिली। निःशुल्क इलाज मिला। मुफ्त अनाज मिला। गरीबों को पक्के छत मिले। मोदी सरकार का कार्यकाल विकसित भारत की मजबूत नींव रखने वाला कार्यकाल है। मौके पर मोदी के 11 साल की उपलब्धियां की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसका उद्घाटन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और विधायक सीपी सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर रांची महानगर के महामंत्री बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**देशवासियों को भारतीय सैनिकों के पराक्रम पर...**

हमले के बाद जो बात कही थी, उसे सच साबित कर दिखाया। वहीं, पाकिस्तान का एक टुकड़ा और होने जा रहा है। पाकिस्तान से बलूचिस्तान अलग होकर एक नए देश के रूप में उदित होने जा रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक जितने भी युद्ध और ऑपरेशन हुए उसमें 'ऑपरेशन सिंदूर' सबसे ज्यादा कारगर रहा। यह सबकुछ केंद्र में एक मजबूत सरकार के अस्तित्व में होने के कारण संभव हो पाया। भारत सरकार ने भारतीय सैनिकों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस कर दिया गया है। भारत का रक्षा कवच भी बहुत मजबूत हो गया है। समस्त देशवासियों को भारतीय सैनिकों के पराक्रम पर सदैव गर्व रहेगा।

## साइबर थाना पुलिस ने दो भाइयों को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** साइबर अपराध मामले में दो युवकों को साइबर अपराध थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। डीआईजी सह एसएसपी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि साईबर अपराध थाना में 25 अप्रैल को आवेदक चुंडा पुर्ती द्वारा एक आवेदन दिया गया जिसमें उन्होंने लिखा कि 5 अप्रैल से 11 अप्रैल के बीच मेरे दो बैंक खातों से 3,26,278 रुपये की अवैध निकासी हुई है। वहीं, जांच के क्रम में तकनिकी साक्ष्य के माध्यम से पता चला कि आवेदक के द्वारा पैतृक गाँव कुचीबेडा, पश्चिम सिंहभुम स्थित जिस ग्राहक सेवा केन्द्र से पैसा निकालते थे उसके संचालक प्रशांत खिलार और उसके भाई रुपेश खिलार मिलकर आवेदक के दोनों बैंक के एटीएम कार्ड का फोटो लेकर बैंक से रजिस्टर्ड मोनं का पोर्ट कोर्ड लेकर दुसरे व्यक्ति के नाम से सिम को पोर्ट करा लिया। उसके बाद अपने दुकान के एक मोबाईल फोन में सिम लगाकर आवेदक का युपीआई बना कर के खाते से 3,26,278 रुपये की अवैध निकासी कर ली। प्रशांत खिलार के द्वारा बादी के खाता से दो लाख रुपये अपने भाई रुपेश खिलार के खाता में ट्रांसफर किया गया था। वही, साईबर डीएसपी के निर्देशन में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा प्रशांत खिलार और रुपेश खिलार को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी भाई हैं और पश्चिम सिंहभुम के रहने वाले हैं। जिन्होनें अपने बयान में अपने अपराध को स्वीकार किया और इनके निशानदेही पर 2,57,200 रुपये तथा घटना में उपयोग किये गये मोबाईल फोन को बरामद किया गया। शेष राशि को अभियुक्तों के द्वारा अपने सीएसपी के ग्राहकों और अपने परिचितों के खाता में ट्रांसफर किया गया है।



### ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार
### 162 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद



**रांची।** राजधानी के लोअर बाजार थाना क्षेत्र से पुलिस ने ब्राउन शुगर के तश्कर को गिरफ्तार किया। रविवार को मामले कि जानकारी देते हुए डीआईजी सह एसएसपी ने बताया कि हिंदपीढ़ी के एक युवक के द्वारा ब्राउन शुगर शुगर की खरीद फरोख्त की जाती रही थी। जिसकी सुचना पुलिस को मिली, सुचना के सत्यपन के लिए पुलिस के द्वारा छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित करवाई करते हुए हिंदपीढ़ी निवासी मोहम्मद गुलजार को गिरफतार किया गया। गिरफ्तार युवक के पास से पास से 162 पुड़िया ब्राउन शुगर शुगर बरामद किया गया। जिसकी कीमत 42,300 रुपए है।

### लूटपाट के मामले में एक युवक गिरफ्तार

रांची। राजधानी के लोअर बाजार थाना पुलिस ने छिनतई के आरोपियों को गिरफ्तार किया। रविवार को मामले का खुलासा करते हुए डीआईजी सह एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने बताया मानसिक रुप से अस्वस्थ व्यक्ति से15 हजार नगद लूटपाट के मामले में तीन युवक शामिल थे जिसमे से एक युवक रागीब नदीम को लोजर बाजार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अन्य दो आरोपियों कि गिरफ़्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। वहीं, लुटे हुए पैसों में से 5000 नगद बरामद किया गया है।

### हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार



**रांची।** राजधानी के चुटिया थाना क्षेत्र के पास से 24 मई को युवक का शव मिला था। मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। हत्या का खुलासा करते हुए डीआईजी सह एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने बताया कि मृतक कि पहचान डोरंडा निवासी के शनि राम के रूप में हुई। वहीं, मृतक का अपराधिक इतिहास रहा है। शनि राम के हत्या के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमे संजय सिंह, बिनु लोहरा और राजा केरकेट्टा शामिल है। दरअसल, मृतक शनि राम ने 24 मई को एक बच्चे का टी शर्ट छीन लिया था। इस दौरान शनि राम और संजय सिंह में विवाद हो गया। विवाद के दौरान मृतक ने सनाज्य सिंह को मारकर घायल कर दिया था। जिसका बदला लेने के लिए सनाज्य सिंह ने अपने दोनों दोस्तों के साथ प्लान बनाया और रेलवे ओवेरब्रिज के नीचे शनि सिंह का इन्तेजार कर जैसे वह पहुंचा पत्थर से कूच कर उसकी हत्या कर दी।

### आरटीआई कानून के 20 वर्ष पूरे होने पर वर्कशॉप

## आरटीआई है एविडेंस कलेक्शन टूल : दीपेश निराला



- व्यवस्थाओं को दुरुस्त और पारदर्शी बनाने के लिए मांगी जाए सूचना : हिमांशु शेखर चौधरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आरटीआई कानून के अधिनियमन के 20 वर्ष पूर्ण होने पर रांची प्रेस क्लब में संयोजक विनोद जैन बेगवानी और रेणुका तिवारी की संयोजकता में आरटीआई वर्कशॉप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भूतपूर्व सूचना आयुक्त हिमांशु शेखर चौधरी ने भाग लिया। वहीं विख्यात आरटीआई एक्टिविस्ट एवं रिसोर्स पर्सन दीपेश निराला ने झारखंड के विभिन्न जिलों से आए आरटीआई एक्टिविस्टों सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 और इसके अंतर्गत बने नियमावली से अवगत कराया। साथ ही बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 एक एविडेंस कलेक्शन टूल के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। इसके तहत सर्टिफाइड कॉपी प्राप्त कर उस सूचना का प्रयोग कई प्राधिकारों के सामने किया जा रहा है। उन्होंने कहा क झारखंड में 8 मई 2020 के बाद कोई भी सूचना आयुक्त कार्यरत नहीं है, क्योंकि इनकी नियुक्ति नहीं हुई है। मुख्य अतिथि हिमांशु शेखर चौधरी ने कहा कि सूचना अधिकार को जानने से पहले अधिकार को जानना होगा कि कैसे भारत ने आजादी पाई और उस संघर्ष और धैर्य को भी पहचाने की जरूरत है। आरटीआई के उपयोग और दुरुपयोग में भी चिंता करने की जरूरत है, क्योंकि सूचना आयोग में कार्यरत रहने के दौरान हमने देखा कि अधिकतर सूचना आवेदन व्यक्तिगत मामले से रिलेटेड रहते हैं और सामाजिक सरोकारों से रिलेटेड मामले बहुत ही कम रहते हैं, जरूरत है इस कानून को एक आंदोलन का शक्ल देने की और राज्य के युवाओं को आरटीआई में प्रशिक्षित करने की, ताकि यह आंदोलन घर-घर तक पहुंचे। उक्त वर्कशॉप में सहसंयोजक हरीश नागपाल, राजकुमार, उमा शंकर सिंह, संतोष मृदुला, स्वरूप कुमार सेठी, शाहिद आलम, सुशील शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## पंचायत सेवक के मौत पर पुलिस ने बयान बदलने का किया प्रयास : डॉ लंबोदर



- पत्नी पर दबाव डालकर लिया जा रहा था गलत बयान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पंचायत सेवक सुखलाल महतो अततः जीवन की जंग हार गए। उनका रिम्स में निधन हो गया। मृतक पंचायत सेवक सुखलाल महतो ने डुमरी प्रखंड परिसर में डुमरी प्रखंड विकास पदाधिकारी अन्वेषा ओना व अन्य तीन लोगों पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए जहर खा कर आत्महत्या का प्रयास किया था और इसके लिए इन्हीं लोगों को दोषी व जिम्मेवार बताया था। जहर खाने के बाद इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया था जहां आज उनका निधन हो गया। निधन के बाद उनके पूर्व में दिए गए बयान और उनकी पत्नी के दिए गए बयान को बदलने का प्रयास स्थानीय पुलिस द्वारा किया जा रहा था तो मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने इस पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि जब मृतक ने पूर्व में ही अपना बयान दर्ज कर दिया है तो अब उनके मरने के बाद दबाव देकर उनकी पत्नी से गलत बयान लिया जाना पूरी तरह अव्यावहारिक, अनुचित व गैर कानूनी है। इस पर भी पुलिस द्वारा सही फर्द बयान नहीं लेने डॉ लंबोदर महतो ने कड़े तेवर अपनाते हुए इस विषय पर एसएसपी एवं डीसी से सीधे बात की तब जाकर सही फर्द बयान दर्ज किया गया।

### यूपीएससी का आरटी - III की परीक्षा हुई कदाचार मुक्त

**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची के प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने डी ब्रीफिंग के दौरान कहा कि संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आरटी - III की परीक्षा शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के एक दिन पूर्व से लेकर परीक्षा समाप्ति तक सभी ने अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन बखूबी निभाया है। सभी के कार्यो की जितनी भी सराहना की जाए कम होगी। विशेष करके परीक्षा केंद्र राजकीय बालिका +2 उच्च विद्यालय, बरियातु की। डीब्रीफिंग के दौरान परीक्षा केंद्र पर्यवेक्षक द्वारा आयुक्त को अवगत कराया गया कि उक्त परीक्षा हेतु परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड में ब्लैक वॉल पेन का ही प्रयोग करने हेतु स्पष्ट रूप से निर्देश प्राप्त होने के बावजूद लगभग 100 से अधिक परिक्षर्थियों द्वारा ब्लैक पेन नहीं लाया गया था। उनकी भविष्य की चिंता करते हुए केंद्र द्वारा तुरंत सभी परीक्षार्थियों को ब्लैक वॉल पेन उपलब्ध कराया गया। ब्रीफिंग में आयुक्त के सचिव अलोक कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सोनाहातू, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, मांडर एवं अन्य उपस्थित थे।

### पर्यावरण के मामले में विश्व निशाने पर है परिचर्चा आयोजित

## यह समस्या विश्व के लिए चिंता : नंदकुलियार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वाधान में पर्यावरण उप समिति, खनन उप समिति व प्रदूषण उप समिति के संयुक्त तत्वाधान मे पर्यावरण के मामले में "विश्व निशाने पर है" विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की गई। परिचर्चा के शुरुआत में चेंबर के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने इस विषय पर प्रकाश डाला। इस परिचर्चा के मुख्य अतिथि शशि नंदकुलियार, पूर्व पीसीसीएफ ने इसका उद्घाटन किया और इस विषय पर पर्यावरण से संबंधित समस्याओं से जूझ रहे पूरे विश्व के चिंता को प्रकट किया। परिचर्चा में इस विश्व व्यापी अभियान के संयोजक डॉ निखिल कांत, डॉ अंजलि, डॉ पियूष, नन्हे बच्चे मेहरांश मृदुल ने अपने कविताओं और कहानियां से इस समस्या से संबंधित गूढ विषयों के सभी को अवगत किया तथा इसके समाधान पर सभी लोगों के सहयोग की कामना की। डॉक्टर निखिल ने चैंबर ऑफ कॉमर्स तथा अन्य संस्थाओं से इस समस्या को जड़ से हटाने के लिए एकजुट होने का संकल्प दिलवाया। चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के हाल में आयोजित इस परिचर्चा में सोसाइटी ऑफ जिओ साइंटिस्ट, झारखंड तथा सेंट जेवियर्स कॉलेजके शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने अपना योगदान दिया। इस परिचर्चा में ऑनलाइन माध्यम से करीब 100 से ज्यादा अन्य सदस्यों ने भी भाग लिया। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन डॉ अनल सिन्हा, चेयरमैन पर्यावरण उप समिति ने किया। विषय का प्रवेश खनन उप समिति के चेयरमैन नितेश शारदा तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रदूषण उपसमिति के चेयरमैन मुकेश कुमार ने किया। बैठक में चैम्बर के महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलग, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, आस्था किरण, सदस्य किशन अग्रवाल, आनंद जालान, तेजिविंदर सिंह उपस्थित थे। सोसाइटी ऑफ जिओ साइंटिस्ट के सदस्य आरके सिंह, श्री एचके भांजदेव, आशुतोष मुखर्जी, राकेश कुमार, अतुल कुमार तथा सेंट जेवियर्स कॉलेज की प्रोफेसर मेबेल टोप्पो कार्यक्रम में मौजूद थे।



### योगाभ्यास कार्यक्रम — खेलगांव के मॉर्निंग वॉकर्स ने लिया 21 जून को योग करने का संकल्प

# नियमित योग करने की ली शपथ, दूसरों को भी करेंगे प्रेरित

- लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के तहत रविवार को खेलगांव स्थित मॉर्निंग वॉकर ग्रुप्स द्वारा एक विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी एवं डीडी न्यूज़, रांची के समाचार संपादक गौरव कुमार पुष्कर के समन्वय में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रातःकालीन वॉकर्स, स्थानीय नागरिकों, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। योगाचार्य के मार्गदर्शन में सभी प्रतिभागियों ने प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार और ध्यान का अभ्यास किया। इस अवसर पर लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योग को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना भी की। मौके पर लोगों ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन का एक समग्र विज्ञान है जो तन, मन और आत्मा को संतुलित करता है। उन्होंने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह भी किया। मौके पर योग की शपथ भी दिलाई गई, जिसमें सभी लोगों ने अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के साथ-साथ अपने परिवार जनों और मित्रों को भी योग करवाने की शपथ ली। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में के दौरान योगाभ्यास करने की प्रतिबद्धता जताई। यह आयोजन जन-जागरूकता के साथ ही स्वास्थ्य और मानसिक शांति को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा। जिसमें लोगों ने बस चढ़कर सहभागिता की।



### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योग सप्ताह शुरू

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 को लेकर आयुष निदेशालय, राज्य योग केंद्र के द्वारा योग सप्ताह का आयोजन 15 से 21 जून तक किया जा रहा है। योग सप्ताह के पहले दिन रन फॉर योगा का आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत राज्य योग केंद्र से हुई। इस अवसर पर सीमा उदय पुरी (आयुष निदेशक), डॉ कृष्ण कुमार (उप निदेशक, आयुर्वेद ) डॉ अशोक पासवान (उप- निदेशक होम्योपैथ), डॉ फजुलुस शमी ( चिकित्सा पदाधिकारी), डॉ उमेश चन्द्र भास्कर (प्रभारी पदाधिकारी) सहित अन्य लोगों की उपस्थिति थी। रन फॉर योगा राज्य केंद्र से शुरु होकर अलबर्ट एक्का चौक से होते हुए राम मंदिर, सेंट जेवियर कॉलेज, मिशन चौक से होते हुए प्लाजा चौक से वापस राज्य योग केंद्र में समाप्त हुई।

# डब्ल्यूटीसी हार के बाद ऑस्ट्रेलिया के टॉप ऑर्डर में हो सकता है बदलाव

## युवा खिलाड़ियों को मिल सकता है मौका, ख्वाजा को मिलेगा वॉर्नर जैसा एक्सटेंशन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप-2025 का खिताब गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम पर गाज गिरने जा रही है। कंगारू टीम के हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने वेस्टइंडीज दौरे पर अपने टॉप ऑर्डर में बदलाव के संकेत दिए हैं। इस सीरीज के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने नए 'डब्ल्यूटीसी चक्र' की शुरुआत करेगी। लॉर्ड्स में खेले गए खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका के हाथों पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। अब कंगारू टीम 25 जून से वेस्टइंडीज में तीन टेस्ट मुकाबलों की सीरीज खेलेगी, जिसके बाद पांच टी20 मैच भी खेले जाने हैं। र्नस लाबुशेन को लॉर्ड्स में उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग के लिए भेजा गया था, ताकि टीम में वापसी कर रहे कैमरून ग्रीन को तीसरे नंबर पर रखा जा सके। यह कदम कारगर नहीं रहा।

लाबुशेन का खराब प्रदर्शन जारी रहा। वहीं, ख्वाजा और ग्रीन भी ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए कोई खास योगदान नहीं दे सके। एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "फाइनल मैच से पहले इस पर काफी चर्चा हुई थी, और मैं कुछ हफ्ते पहले ओपनिंग कॉम्बिनेशन की जरूरत पर बात कर रहा था। इस टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका बेहतर था। लेकिन, हमें उन सुधारों पर ध्यान देना होगा, जो हमें करने की जरूरत है। इसमें कोई शक नहीं है। 2023-25 डब्ल्यूटीसी चक्र में 30 वर्षीय लाबुशेन का बल्लेबाजी औसत महज 27.82 रहा। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज



### सीनियर और युवा

- कुछ सीनियर खिलाड़ी रिटायरमेंट के करीब हैं।
- कुछ युवा खिलाड़ी टीम में शामिल हो रहे हैं।
- ऐसे में लाबुशेन जैसे अनुभवी खिलाड़ी आने वाले
- 4-5 वर्षों तक टीम को स्थिरता दे सकते हैं।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खिताबी मैच की पहली पारी में 17, जबकि दूसरी पारी में 22 रन ही बना सका। अब इस बात पर संदेह बढ़ गया है कि क्या उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से बाहर रखा जा सकता है?

## डब्ल्यूटीसी : भले ही फाइनल नहीं खेल सकी टीम इंडिया, मगर जमकर हुई पैसों की बरसात

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त देकर दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब अपने नाम कर लिया है। भले ही टीम इंडिया डब्ल्यूटीसी 2023-2025 का फाइनल नहीं खेल सकी, लेकिन इसके बावजूद उस पर पैसों की बरसात हो चुकी है। डब्ल्यूटीसी 2023-2025 के लिए कुल प्राइज मनी 5.76 मिलियन अमेरिकी डॉलर रखी गई थी। इस बार का खिताब अपने नाम करने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम को प्राइज मनी के तौर पर 3.6 मिलियन डॉलर मिले हैं। वहीं, रनर-अप ऑस्ट्रेलियाई टीम को 2.16 मिलियन डॉलर मिले। भारतीय टीम इस बार तीसरे स्थान पर रही। टीम इंडिया को 1.44 मिलियन डॉलर की इनामी राशि मिली, जबकि चौथे पायदान पर मौजूद न्यूजीलैंड को 1.20 मिलियन डॉलर प्राइज मनी के तौर पर मिले।

इंग्लैंड की टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-2025 में पांचवां स्थान अपने नाम कर सकी। इसी के साथ उसे 9,60,000 डॉलर, जबकि छठे स्थान पर मौजूद श्रीलंकाई टीम को 8,40,000 अमेरिकी डॉलर



बतौर प्राइज मनी मिले हैं। सातवें पायदान पर मौजूद बांग्लादेश को 7,20,000 डॉलर, आठवें स्थान पर रहने वाली वेस्टइंडीज की टीम को 6 लाख डॉलर मिले।

पाकिस्तान की टीम नौवें स्थान पर रही। ऐसे में उसे 4,80,000 अमेरिकी डॉलर मिले हैं। डब्ल्यूटीसी 2023-2025 में भारत ने 19 टेस्ट खेले, जिसमें नौ जीते। इसके अलावा टीम इंडिया ने आठ मुकाबले गंवाए, जबकि दो ड्रॉ रहे थे। ऑस्ट्रेलिया-दक्षिण अफ्रीका के बीच खिताबी मुकाबले की बात करें, तो ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली पारी में महज 212 रन बनाए।

## सैम कोंस्टास को वापस ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में देखना चाहते हैं पूर्व कप्तान मार्क टेलर



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच 25 जून से तीन मुकाबलों की टेस्ट सीरीज शुरू होने जा रही है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान मार्क टेलर ने आगामी सीरीज के लिए युवा सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास को टीम में वापस बुलाने की गुजारिश की है। टेलर ने रविवार को 'नाइन' के 'वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स शो' पर कहा, "डेविड वॉर्नर लगभग दो साल पहले रिटायर हो चुके हैं।

हमें सच में उनका कोई विकल्प नहीं मिला है। हालांकि, ईमानदारी से कहूं तो उन्होंने (सेलेक्शन कमेटी) सच में इतनी मेहनत भी नहीं की है। ट्रैविस हेड को (श्रीलंका में) बैटिंग ऑर्डर में ऊपर लाया गया, कोंस्टास को बाहर रखा गया, जिन्होंने मेलबर्न में 60 रन की शानदार पारी खेलकर डेब्यू किया था। उन्होंने आगे कहा, "मुझे लगता है कि वेस्टइंडीज में पहुंचने से पहले हमें कोंस्टास को वापस टीम में लाना होगा। मुझे लगता है कि वह ज्यादा पारंपरिक अंदाज में खेलेंगे। उन्हें एक मौका दिया जाना चाहिए। फैक्ट यह है कि स्टीव स्मिथ उस सीरीज में नहीं खेलेंगे, जिससे सेलेक्टर्स के लिए थोड़ी आसानी होगी।

### कॉनकाकाफ गोल्ड कप

## मेक्सिको ने डोमिनिकन रिपब्लिक पर 3-2 से जीत के साथ खिताब बचाओ अभियान की शुरुआत की

**इंगलवुड (आईएएनएस)**

2025 कॉनकाकाफ गोल्ड कप की शुरुआत मौजूदा चैंपियन मेक्सिको ने सोफी स्टेडियम में डोमिनिकन रिपब्लिक के खिलाफ 3-2 से जीत के साथ की। शुरुआती मिनटों में, मैच कड़ा रहा, कब्जे में बंटवारा था और कोई स्पष्ट अवसर नहीं था। एडसन अल्वारेज ने 44वें मिनट में ओरबेलिन पिनेडा की कॉर्नर किक पर हेडर से गोल करके स्कोरिंग की शुरुआत की। दूसरे हाफ की शुरुआत ऐसे बदलावों के साथ हुई जिसका तुरंत असर हुआ। 47वें मिनट में सैंटियागो जिमेनेज ने राउल जिमेनेज के लिए एक बेहतरीन असिस्ट दिया, जिसने शानदार तरीके से गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया।

हालांकि डोमिनिकन रिपब्लिक ने तेजी से जवाब दिया और पीटर गोंजालेज ने बॉक्स के दाईं ओर से बाएं पैर से स्ट्राइक करके डोमिनिकन रिपब्लिक के लिए 51वें मिनट में पहला गोल्ड कप गोल किया, जिससे अंतर एक कम हो गया और देश के इतिहास की किताबों में पहली बार ऐतिहासिक रिकॉर्ड दर्ज हुआ। सीजर मोंटेस ने 53वें मिनट में मैक्सिको की बढ़त को बहाल करने की जिम्मेदारी ली, बॉक्स में कई रिबाउंड के बाद गेंद को टैप किया। अल्वारेज ने कॉर्नर किक के मौके पर फिर से गोल किया जो मोंटेस से टकराकर नेट




*मैक्सिकन कोच जेवियर एगुइरे ने कहा, "यह एक अच्छी जीत है। मैं अपनी टीम को बधाई देता हूं*

में चला गया। एडिसन एजकोना ने 67वें मिनट में पेनल्टी एरिया के अंदर दाएं पैर से शॉट लगाकर डोमिनिकन रिपब्लिक को न्यूनतम अंतर के भीतर वापस ला दिया और व्यक्तिगत खेल को समाप्त किया।

हेंज मोर्शेल ने सहायता अर्जित करने के लिए थ्रू पास दिया। डोमिनिकन रिपब्लिक ने स्टॉपेज टाइम में कई प्रयास किए, जिससे अंतिम मिनटों में मैक्सिकन गोलकीपर लुइस एंजेल मालागन को दो बार गोल बचाने पर मजबूर होना पड़ा, क्योंकि गत विजेता ने पूरे तीन अंक हासिल किए। मैक्सिकन कोच जेवियर एगुइरे ने कहा, ''यह एक अच्छी जीत है।

## टीम इंडिया ने शानदार खेल दिखाकर ऑस्ट्रेलिया पर रोमांचक जीत दर्ज की

**कोटिंच (आईएएनएस)**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हरा दिया। मेजबान बेल्जियम को लगातार तीन मैच हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम का मैच मुश्किल माना जा रहा था। लेकिन ऑस्ट्रेलिया पर जीत दर्ज कर भारतीय टीम ने अपनी मजबूती का एहसास कराया और बताया कि बेल्जियम के खिलाफ जीत कोई तुक्का नहीं थी। भारतीय महिला जूनियर टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उस दिन जीत हासिल की है, जिस दिन पुरुष और महिला सीनियर टीम को इसी टीम के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया की जोसी लॉटन ने पांचवें मिनट में गोल कर बढ़त बनाई। यह गोल पेनल्टी कॉर्नर के जरिए हुआ। भारतीय टीम ने सिर्फ तीन मिनट बाद इसका जवाब दिया। नंदिनी ने आठवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए ही गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। पहले क्वार्टर के अंत में भारत की उप कप्तान हिना बानो ने 14वें



मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाकर गोल किया और टीम को 2-1 से आगे कर दिया। शेष तीन क्वार्टर में दोनों टीमों ने कई मौके बनाए, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। भारतीय टीम ने अपनी रक्षात्मक क्षमता को मजबूत बनाए रखी और निर्धारित समय सीमा में ऑस्ट्रेलिया को गोल का मौका न देते हुए एक शानदार जीत हासिल की। यह दौरे पर भारत की लगातार चौथी जीत है। इससे पहले भारत ने लगातार तीन मैच बेल्जियम के खिलाफ जीते थे। भारतीय टीम 17 जून को इस दौरे का अपना आखिरी मैच नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगी। इस मैच में जीत के साथ भारतीय टीम अपने दौरे का समापन यादगार तरीके से करना चाहेगी।

## 21 साल की उम्र में मैंने अक्षत से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी नहीं देखा : वेंकटेश

**ग्वालियर (आईएएनएस)** । मध्य प्रदेश लीग टी-20 में इंदौर पिंक पैंथर्स के कप्तान वेंकटेश अय्यर ने युवा खिलाड़ी अक्षत रघुवंशी की जमकर तारीफ की। अक्षत ने लीग के पांचवें मैच में जबलपुर रॉयल लायंस पर छह रन की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अक्षत ने 46 गेंदों पर सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 76 रनों की शानदार पारी खेली। उसके बाद कप्तान ने उनकी काफी तारीफ की। 76 रनों की शानदार पारी की बदौलत इंदौर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 183 रन बनाए। बल्लेबाज अर्पित गौड़ के जल्दी आउट होने के बाद अक्षत ने पारी को संभाला और कमजोर गेंदों पर खूब रन बनाए। इंदौर पिंक पैंथर्स के कप्तान वेंकटेश अय्यर ने कहा, "आज का असली आकर्षण अक्षत की बल्लेबाजी थी। जिस तरह से उसने मैदान के चारों ओर शॉट खेले, 21 साल की उम्र में मैंने उससे अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी नहीं देखा। मैं वास्तव में उम्मीद करता हूं कि भविष्य में उसके लिए बड़ी चीजें इंतजार कर रही हैं।





## निशांत देव ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ाया भारत का मान...

### आज 'प्रोफेशनल बॉक्सिंग' में जमा रहे धाक

**करनाल (आईएएनएस)**

प्रोफेशनल बॉक्सिंग की दुनिया में कदम रख चुके भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने रविवार को सुपर वेल्टरवेट वर्ग में मैक्सिको के जोस्यू सिल्वा को शिकस्त दी। बेटे की इस जीत से माता-पिता काफी खुश हैं। प्रोफेशनल बॉक्सिंग एक खतरनाक गेम है, जिसमें खिलाड़ी के लहूलुहान होने के बाद भी मुकाबला नहीं रुकता, जब तक बॉक्सर गिर ना जाए। निशांत की मां प्रियंका देव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनके बेटे ने बहुत अच्छा खेला है। बेटे को जीतता देखकर उन्हें बहुत अच्छा लगा। यह ऐसा खेल है जब खेलेंगे तो चोट लगती रही रहेगी। लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है। मां ने अपने बेटे के संघर्ष को याद करते हुए बताया, "निशांत जब पांचवीं क्लास में था, तभी से बॉक्सिंग के लिए स्टेडियम में जाने लगा। वह स्कूल में पढ़ाई भी करता और इसके बाद शाम में स्टेडियम जाता। इसके बाद घर आकर अपना होमवर्क पूरा करता था। फिर सुबह चार बजे उठकर वह फिर से प्रैक्टिस के लिए जाता था। निशांत के पिता पवन देव ने कहा, "यह निशांत की दूसरी बाउट थी। वह जबरदस्त खेला है। उन्होंने इस बार पूरे छह राउंड रिंग में रहने का अनुभव किया है। यह एक खतरनाक गेम है। निशांत देव और जोस्यू सिल्वा के बीच यह मुकाबला न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित मैडिसन स्क्वायर गार्डन थिएटर में खेला गया। निशांत ने छह दौर की इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। तीनों जज ने उनके पक्ष में 60 -54 अंक दिए। करनाल के बॉक्सर ने विश्व पटल पर एक बार फिर हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश का परचम लहराया है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस



## लैरी एलिसन बने दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति

### जुकरबर्ग और बेजोस को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

ओरेकल कॉरपोरेशन के सह-संस्थापक और चेयरमैन लैरी एलिसन अब मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग और अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस को पीछे छोड़कर दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। 13 जून को ओरेकल की ओर से उम्मीद से मजबूत आय रिपोर्ट करने के बाद कंपनी के शेयर की कीमत 7 प्रतिशत का मजबूत उछाल देखने को मिला था, जिससे एलिसन की संपत्ति 259 अरब डॉलर के करीब पहुंच गई है। फोर्ब्स की रियल-टाइम बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार, एलिसन की कुल संपत्ति बढ़कर 258.8 बिलियन डॉलर हो गई, जिससे वह दुनिया के अमीरों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं, मस्क 410.8 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। अप्रैल 2025 में जारी फोर्ब्स की एनुअल बिलेनियर इंडेक्स में एलिसन 192 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर थे। ओरेकल के स्टॉक में तेजी आने के कारण उनकी संपत्ति बीते दो महीनों में 66.8 अरब डॉलर बढ़ी है। ओरेकल ने हाल ही में ओपनएआई और सॉफ्टबैंक के साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रोजेक्ट स्टारगेट के तहत एआई डेवलपमेंट के लिए अमेरिकी सरकार के प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एलिसन, ओरेकल के एआई विजन के बारे में मुखर रहे हैं, यहां तक कि उन्होंने सुझाव दिया है कि एआई निगरानी का एक नया युग लाएगा।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लद्दाख में महिला उद्यमियों से की मुलाकात

**लेह (आईएएनएस)**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को लद्दाख क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और स्थानीय उद्यमियों द्वारा स्थानीय हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों की एक प्रदर्शनी का दौरा किया। उन्होंने कारीगरों, महिलाओं के नेतृत्व वाले एसएचजी और स्थानीय उद्यमियों के साथ बातचीत की, जिन्होंने अपने स्टॉल पर पारंपरिक शिल्प और हथकरघा वस्त्र का प्रदर्शन किया। वित्त मंत्री ने कारीगरों की उद्यमशीलता की भावना और रचनात्मकता की सराहना की, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और केंद्र शासित प्रदेश में ग्रामीण



आजीविका को बढ़ावा देने में सरकार की भूमिका के बारे में बताया। यह पहल महिलाओं और स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाने और अधिक रोजगार सृजित करने के लिए केंद्र की समावेशी विकास नीति का हिस्सा है। वित्त मंत्री लद्दाख के चार दिवसीय दौरे पर हैं। वह क्षेत्र में वित्तीय समावेशन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में क्रेडिट की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए एक क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। वित्त मंत्री लद्दाख ऑटोनॉमस हिल डेवलपमेंट काउंसिल (एलएएचडीसी) के पार्षदों और लद्दाख प्रशासन के साथ बातचीत करेंगी। वह अपने दौरे के दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगी।

## भारतीय स्टार्टअप्स ने इस हफ्ते जुटाया 184.75 मिलियन डॉलर का फंड

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय स्टार्टअप्स लगातार निवेशकों को आकर्षित करने में कामयाब हो रहे हैं और इस हफ्ते 20 स्टार्टअप्स ने 184.75 मिलियन डॉलर का फंड जुटाया है। इन स्टार्टअप्स में पांच ने विकास-चरण और 14 ने प्रारंभिक-चरण में फंड जुटाया है, जबकि एक स्टार्टअप ने अपने फंडिंग की जानकारी सार्वजनिक नहीं करने का फैसला किया। इस सप्ताह फंडिंग की कैटेगरी में सीड फंडिंग का बोलबाला रहा। अन्य राउंड में सीरीज ए, प्री-सीड, प्री-सीरीज ए और यहां तक कि सीरीज जी जैसे लेट-स्टेज फंडिंग राउंड भी शामिल थे। इस हफ्ते सबसे ज्यादा बेंगलुरु के नौ स्टार्टअप्स ने फंडिंग जुटाई। उसके बाद दिल्ली-एनसीआर के पांच स्टार्टअप्स फंडिंग जुटाने में कामयाब रहे। इसके अलावा मुंबई, कोलकाता और चेन्नई के भी स्टार्टअप ने निवेश हासिल किया।सेक्टर के हिसाब से, फिनटेक स्टार्टअप्स छह फंडिंग डील्स के साथ शीर्ष पर रहे।

## सोना इस हफ्ते 1,900 से अधिक महंगा हुआ, चांदी 1.06 लाख के पार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

सोने और चांदी दोनों की कीमत में इस हफ्ते बढ़त देखी गई है। सोने के दाम में 1,900 रुपए से अधिक का इजाफा हुआ। वहीं, चांदी का भाव 800 रुपए से अधिक बढ़ गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 99,058 रुपए है, जबकि एक हफ्ते पहले इसी दिन यह 97,145 रुपए थी, जो कि सोने की कीमत में 1,913 रुपए की बढ़त को दर्शाता है। 22 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 90,737 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 88,985 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 72,859 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 74,294 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है।

वहीं, समीक्षा अवधि में चांदी की कीमत 882 रुपए बढ़कर 1,06,167 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,05,285 रुपए प्रति किलो थी। चांदी अपने उच्चतम स्तर के करीब बनी हुई है।